डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹72500 10 ग्राम
₹95000 01 किलो

सेंसेक्स 81,289.96 -236.18
डॉलर 84.875 +0.054

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 13, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 13 दिसंबर 2024, वर्ष-31, अंक-59, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 एडिलेड के फ्लॉप शो के बाद रोहित ...

## एक नजर

### तालाब में डूबने से दो सगे भाई बहन की मौत

**हेरहंज।** प्रखंड क्षेत्र के हुम्बू ग्राम कुसुम टोला में तालाब में डूबने से दो मासूम सगे भाई बहन की मौत हो गई है। मृतकों की पहचान फूलदेव उरांव के 5 वर्षीय पुत्र दिनेश उरांव व 3 वर्षीय पुत्री साक्षी कुमारी के रूप में हुई है। बताया गया कि दोनों बच्चे तालाब किनारे खेल रहे थे। खेल-खेल में वे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। मां बगल के खेत में धान काट रही थी। बच्चों को नहीं देखने पर मां के हल्ला करने पर ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे, लेकिन बच्चें पूरी तरह तालाब में डूब चुके थे। ग्रामीणों ने तत्काल प्रखंड व पुलिस प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अमित कुमार, थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह घटना स्थल पहुंचे। बच्चों को ग्रामीणों की मदद से एक बच्चे का शव बुधवार की शाम और दूसरे का दूसरे दिन गुरुवार को सुबह 8 बजे निकला गया। घटना से गांव में मातम का माहौल है। पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल हैं। गांव के लोग और प्रशासनिक अधिकारी परिवारों को सांत्वना देने मृतक के घर पहुंचे। प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है। भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया है।

### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में सात नक्सली ढेर

**दंतेवाड़ा (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले के दक्षिण अबूझमाड़ इलाके में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने सात नक्सलियों को मार गिराया। सभी नक्सलियों के शव भी बरामद कर लिए गए हैं। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया है कि यह एक संयुक्त ऑपरेशन है, जिसमें सभी बलों ने मिलकर नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई की है। इस दौरान उनके पास से कई ऑटोमैटिक हथियार और नक्सली सामान भी बरामद किया गया है। बस्तर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दौरे से पहले यह कार्रवाई की गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने ट्वीट में कहा, 'बहादुर जवानों के अदम्य साहस और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार नक्सलवाद के खात्मे के लिए प्रतिबद्ध है।

## फर्जीवाड़े का नया तरीका बेनकाब, डीसी ने दिए जांच के आदेश

**डीसी की सतर्कता ने रोकी जालसाजी, फर्जी पत्र का पर्दाफाश**

राणा अरुण सिंह

**मेदिनीनगर।** समय के साथ अपराध के तरीके भी बदल रहे हैं। पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने हाल ही में एक फर्जी पत्र की पहचान कर उसकी जांच का आदेश दिया है। यह पत्र कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की छात्राओं के लिए परिचय पत्र बनाने के निर्देश का दावा करता था। हालांकि, उपायुक्त की सतर्कता से इसका फर्जी होना उजागर हुआ।



पलामू डीसी शशि रंजन



**फर्जीवाड़े का खुलासा :** पलामू उपायुक्त ने बताया कि यह पत्र 'समाज कल्याण एवं शिक्षा विकास समिति, रांची' के नाम से आया था, जो कथित रूप से राज्य शिक्षा शाखा का लेटरहेड था। पत्र में केवल पलामू डीसी को निर्देश दिया गया था, जबकि राज्य स्तरीय पत्र हमेशा सभी जिलों को संबोधित होते हैं। इसके अलावा, पत्र में जिस निदेशक के.के. पटेल का नाम लिखा गया था, वह विभाग में मौजूद ही नहीं है। पत्र की गहन जांच के दौरान कई विसंगतियां सामने आईं। इसमें उल्लेख किया गया कि सभी विद्यालयों के लिए परिचय पत्र बनाए जाएं, जो विषय को मुख्य निर्देश से भटकाने वाला था। साथ ही, जिस कार्यालय का नाम पत्र पर था, वह अस्तित्व में ही नहीं है। इन खामियों के आधार पर इसे फर्जी घोषित कर दिया गया। डीसी ने इस मामले की प्राथमिक जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह फजीर्वाड़ा जालसाजी के एक नए तरीके को उजागर करता है और दिखाता है कि अपराधी कितने शातिर हो सकते हैं। पलामू शेष पेज 11 पर

## दो किलोग्राम गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने बुधवार को रेलवे स्टेशन के पास छापेमारी कर 1.966 किलोग्राम गांजा के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि दो संदिग्ध व्यक्ति गांजे की खरीद-बिक्री के लिए रेलवे स्टेशन आ रहे हैं। इस पर पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) राजीव रंजन के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन के पास दोनों संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों की पहचान आशीष कुमार शर्मा (पिता- बीरबल शर्मा, शेष पेज 11 पर



### तस्करी का ऐसे हुआ खुलासा

शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे नौडीहा बेहरा (थाना- पिपराटांड़, पलामू) के मन्टू शर्मा से गांजा लेकर डालटनगंज रेलवे स्टेशन के पास सुशील नामक व्यक्ति को देने आए थे। इसके बदले उन्हें एक-एक हजार रुपये दिए गए थे। पुलिस ने बताया कि इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश के लिए छापेमारी की जा रही है।

**राज्यपाल के अभिभाषण के बाद लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का सीएम ने दिया जवाब**

# हर दिन विकास का नया अध्याय लिखेंगे : हेमंत

**2019 में विकास की नींव डाली थी, अब बिल्डिंग खड़ा करेंगे**

**रफ्तार के साथ चीजों को आगे बढ़ाएंगे, विपक्ष हमें सहयोग करे**

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** षष्ठम झारखंड विधानसभा के प्रथम सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा में कहा कि वर्ष 2019 में गठबंधन की सरकार बनने के बाद राज्य के विकास की नींव डाली गई थी और अब इस पर बिल्डिंग खड़ा करने का काम होगा। सीएम सोरेन ने कहा कि हम चहुंमुखी विकास के लिए कदम उठाएंगे। हर दिन विकास का एक अध्याय लिखेंगे। आज तो चलना शुरू किया है, रफ्तार के साथ चीजों को आगे बढ़ाएंगे। विपक्ष हमें सहयोग करे।

सदन में राज्यपाल संतोष गंगवार के अभिभाषण के बाद लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता बोलने से ज्यादा विकास के कार्यों को धरातल पर उतार कर दिखाना है। आधारभूत संरचना, पर्यटन, रोजगार सृजन सहित सभी क्षेत्रों में और सभी वर्गों के लिए काम करने के प्रति हम प्रतिबद्ध हैं।



### झारखंड विधानसभा में 11,697 करोड़ का अनुपूरक बजट पारित

**रांची।** षष्ठम झारखंड विधानसभा के पहले सत्र के चौथे एवं अंतिम दिन गुरुवार को वर्ष 2024-25 के लिए 11697.45 करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित हो गया। मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी सहित उनके सहयोगी दलों के विधायकों ने सरकार के उत्तर से नाराज होकर सदन का बहिर्गमन किया। इस बीच अनुपूरक बजट के साथ ही तत्संबंधी विनियोग विधेयक को भी सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी प्रदान कर दी। भाजपा के सत्येंद्र नाथ तिवारी के कटौती प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया गया। राज्य के वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में अनुपूरक बजट पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए द्वितीय अनुपूरक बजट की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने साफ किया कि किसी विभाग की राशि को सरेंडर नहीं किया गया है, जबकि चुनावी वर्ष में जिन विभागों की ओर से राशि खर्च करने में असमर्थता जताई गई, उसका उपयोग मंईयां सम्मान योजना और मुफ्त बिजली बिल के लिए इस्तेमाल किया गया।

उन्होंने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण, एक तरह से सरकार का 'श्वेत पत्र' होता है। सरकार झारखंड के लिए क्या करना चाहती है और किस दिशा में ले जाना चाहती है, इसकी झलक इस अभिभाषण में है।

सीएम सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार प्रोजेक्ट भवन से नहीं चलती। यह गांवों से चलने वाली सरकार है। हमारा मानना है कि गांवों की अर्थव्यवस्था जब तक नहीं बढ़ेगी, तब तक सर्वांगीण विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड शेष पेज 11 पर

### झारखंड को समर्पित है अबुआ सरकार : कल्पना सोरेन



**रांची।** झारखंड विधानसभा सत्र के अंतिम दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में बोलते हुए झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि यह अपनों की सरकार है। अबुआ सरकार झारखंड को समर्पित है। अभिभाषण में इच्छाशक्ति है, जो खुशहाली देने वाली है। उन्होंने कहा कि एक-एक शब्द को धरातल पर उतारेंगे। जनादेश महागठबंधन को मिला है। क्रांतिकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। केंद्र की योजनाओं में राज्य के गरीब-गुरबों की चिंता नहीं है। किसानों का ऋण माफ किया

### भाजपा अंकगणित में पीछे रही पर वोट में आगे : बाबूलाल



**रांची।** षष्ठम विधानसभा के प्रथम सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को सदन में भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा अंकगणित में पीछे रही, पर वोट में आगे रही। भाजपा को 37.37 प्रतिशत वोट मिले, जबकि कांग्रेस को 15.56 प्रतिशत ही वोट मिले। सत्ता पक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वे जिन मुख्यमंत्रियों का नाम ले रहे हैं, उनका खौफ आज भी सत्ता पक्ष में दिखाई दे रहा है। उन्होंने चाईबासा के गुदरी का जिक्र करते हुए कहा कि आज लोग वहां जाने से कतरा रहे हैं। पुलिस कोई काम की नहीं है। वहां जाकर देखना चाहिए। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि डेमोग्राफी का बदलना चिंता की बात है। संताल परगना सबसे ज्यादा प्रभावित है।

## न पक्ष, न विपक्ष, सब मेरे लिए सदस्य हैं : विस अध्यक्ष

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** षष्टम झारखंड विधानसभा के अंतिम दिन गुरुवार को सदन की कार्यवाही समाप्त होने से पहले विस अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने कहा कि इस चार दिवसीय सत्र का सुखद समापन होने जा रहा है। उन्होंने कहा, इस सत्र में सभी नवनिर्वाचित माननीय सदस्यों का शपथ ग्रहण संपन्न हुआ। मैं समझता हूं कि यह गौरव का क्षण होता है और जनता के प्रति उत्तरदायी होने का एहसास कराता है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदन में राज्यपाल का अभिभाषण हुआ। अभिभाषण के माध्यम से नवगठित सरकार ने अपनी प्राथमिकताओं को रेखांकित किया। इसके साथ ही राज्य के चहुमुखी विकास के लिए अपनी नीतियां और दिशा तय करने का प्रयास किया। सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार ने विषेषकर शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तीकरण और पोषण इत्यादि पर जोर दिया है। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में सरकार का वित्तीय प्रबंधन, रोजगार, संरचनाओं की ओर भी ध्यान आकृष्ट किया है। विस अध्यक्ष ने कहा, इस अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित करके आप सभी माननीय सदस्यों ने कृतज्ञता ज्ञापित की है। मैं आप सभी के प्रति आभार प्रकट करता हूं। सभा द्वारा पारित धन्यवाद प्रस्ताव की सूचना माननीय राज्यपाल महोदय को प्रेषित कर दी जाएगी। यहां पर सभी माननीय सदस्य अलग-अलग दलों से, अलग-अलग विचारधाराओं से, अलग-अलग क्षेत्रों से आते हैं, लेकिन मैं उम्मीद करता हूं कि पूर्व कार्यकाल के भांति मेरे सभी सदस्य एक परिवार जैसा लगें, आत्मिक भाव हो । हमेशा मेरे जीवन में अविस्मरणीय हो, न पक्ष, न विपक्ष सब मेरे लिए सदस्य हैं।

उन्होंने कहा कि इस सत्र में वर्तमान वित्तीय वर्ष का द्वितीय अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया गया। इस पर सदस्यों ने सार्थक रचनात्मक चर्चा की। कई सदस्यों ने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए, कुछ सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को रेखांकित किया। राज्य के चहुमुंखी विकास के ये सुझाव निःसदेह महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार से उम्मीद करता हूं कि वे राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए वांछित सुझावों का आकलन कर अपनी सीमा के तहत आने वाले समय में बजट में समाहित करेंगे।

विस अध्यक्ष ने कहा, चार दिनों के इस सत्र में मैंने महसूस किया कि राज्य के कल्याण के लिए, यहां की साढ़े तीन करोड़ जनता की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए, राज्य को एक ऊंचे स्थान पर ले जाने के लिए, पक्ष और विपक्ष दोनों की भावनाएं एक जैसी हैं। आने वाले समय में यह भावना हमारे बीच कायम रहे, मैं यह कामना करता हूं।

## आज | कल





## पलामू में बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य अनुपालन न करने पर वेतन रोके जाएंगे

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला प्रशासन ने सरकारी कार्यालयों में बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं। उपायुक्त शशि रंजन ने आदेश जारी कर कहा कि सभी सरकारी कार्यालयों के कर्मियों और संबंधित अधिकारियों को अपनी उपस्थिति नियमित रूप से बायोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से दर्ज करनी होगी। अनुपालन नहीं करने वाले कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि कई



कार्यालयों से नियमित उपस्थिति दर्ज न होने की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। उन्होंने चिंता जताई कि कई कर्मी समय पर कार्यालय नहीं पहुंचते और केवल ऑफलाइन उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं, जिससे प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए उपायुक्त ने अगले महीने का वेतन बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर जारी करने का निर्देश दिया है।

**वेतन पर रोक का आदेश :** जिला प्रशासन ने यह भी निर्देश दिया है कि बायोमेट्रिक शेष पेज 11 पर

## सदन में आज पेश हो सकता है 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विधेयक

**केंद्रीय कैबिनेट ने दी 'वन नेशन वन इलेक्शन' बिल को मंजरी**

नवीन मेल डेस्क

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को लोकसभा के अपने सभी सांसदों को 13 और 14 दिसंबर 2024 को दोनों सदनों में चर्चा के लिए कुछ महत्वपूर्ण विधायी व्यवसाय के रूप में सदन में उपस्थित रहने के लिए तीन-लाइन का व्हिप जारी किया। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट द्वारा गुरुवार को 'वन नेशन वन इलेक्शन' बिल की मंजूरी के बाद आया है। इस निर्णय के बाद एक व्यापक विधेयक आने की उम्मीद है, जिससे पूरे देश में एकीकृत चुनाव का मार्ग प्रशस्त होगा। इससे पहले बुधवार को, भारत के पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने कहा कि केंद्र सरकार को 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पहल पर आम सहमति बनानी चाहिए, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह मुद्दा राजनीतिक हितों से परे है और समग्र रूप से राष्ट्र की सेवा करता है। गौरतलब है कि इस साल सितंबर में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी, जिसका उद्देश्य 100 दिनों की अवधि के भीतर शहरी निकाय और पंचायत चुनावों के साथ-साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराना है। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय पैनल की एक रिपोर्ट में सिफारिशों की रूपरेखा दी गई थी। कैबिनेट की मंजूरी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस फैसले की सराहना की और इसे भारत के लोकतंत्र को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। पीएम मोदी ने ह्यएक्सह्न पर पोस्ट किया कि कैबिनेट ने एक साथ चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है। मैं इस प्रयास का नेतृत्व करने और हितधारकों की एक विस्तृत शृंखला से परामर्श करने के लिए हमारे पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद जी की सराहना करता हूं। यह हमारे लोकतंत्र को और भी अधिक जीवंत और सहभागी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।


## इंडिया

## जानलेवा बनते हीटर और सामान्य सावधानियां





जाड़े के मौसम में गांव देहातों में बंद कमरों के अंदर अंगूठी जलाकर सोने के बाद कार्बन मोनोऑक्साइड के कारण मौत की चर्चा बहुत हुई, अभी हाल में उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में जो घटना घटी वह आंखें खोलने वाली और सजग करने वाली है। बढ़ते प्रदूषण के कारण ठंड बढ़ने की समस्या प्राय सभी जगह है और आधुनिक जीवन शैली में वातानुकूलित कमरों में एसी लगे होने के कारण कमरे चारों तरफ से बंद होते हैं, खासतौर पर जहां जगह की कमी हो या अपार्टमेंट जैसे सीमित स्थान में जब ठंड पड़ती है तो आमतौर पर हीटर का प्रयोग किया जाता है और कई बार रात में हीटर चलता रहता है और हम सो जाते हैं। लेकिन मेरठ में जो हुआ वह बता रहा है की बंद कमरे में हीटर जला ना कितना घातक हो सकता है। 86 वषीर्या एक प्राध्यापक महिला घर में अकेली थी और घर से जब बदबू आने लगी तब पुलिस पहुंची और जांच के क्रम में पता चला कि रूम हीटर जलाकर वह सो गई थी और उससे कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा बढ़ गई जिससे उनकी मृत्यु हो गई। अब इस पर एक बहस चल पड़ी है की अंगीठी जलाकर सोने से तो यह खतरा हो सकता था लेकिन अगर रूम हीटर से भी वही खतरा हो सकता है तो हमें बहुत ही सावधानी बरतनी की आवश्यकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि रूम हीटर से ऐसा हो सकता है हमें जितनी ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है अगर वह दिमाग को नहीं मिले तो हवा पहले



ड्राई होती है आंखों में जलन की समस्या हो सकती है और अगर हम पूर्णतया हीटर से गर्म किए हुए बंद कमरे की हवा पर आधारित हैं तो यह अत्यंत घातक हो सकता है। इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक के विशेषज्ञों का कहना है की इस्तेमाल के पहले रूम हीटर की सफाई करनी चाहिए रूम हीटर को लंबे समय तक नहीं चलाना चाहिए। कभी भी रात में हीटर चलाकर नहीं सोना चाहिए अगर हीटर चलानी हो तो कम से कम एक खिड़की खुली रखनी चाहिए हीटर के पास पेपर लकड़ी या कोई ज्वलनशील सामान ना हो। कारपेट या किसी भी जलने वाली वस्तु के ऊपर हीटर को नहीं रखना चाहिए ।हवा में नमी के लिए कमरे में पानी की एक बाल्टी भरकर भी रख सकते हैं अस्थमा और सांस की बीमारी के मरीज विशेष रूप से सावधानी रखें और हीटर खरीदते समय भारतीय मानक ब्यूरो से मान्यता प्राप्त अच्छे हीटर का ही उपयोग करना चाहिए ।सस्ते हीटर से खतरा हो सकता है इसी प्रकार एक और घटना है जो कि जाड़े के दिन में घटी ।उत्तर प्रदेश के ही बिजनौर जिले की एक महिला की करंट से मृत्यु हो गई महिला घर पर पानी गर्म करने का इमर्शन रोड़ लग रही थी तभी अचानक करंट की चपेट में आ गई और उनकी मृत्यु हो गई सर्दियों में इमर्शन रोड़ यानी वॉटर हीटिंग रोड़ का इस्तेमाल गीजर की तुलना में सस्ता होने के कारण लोग इसका बहुत इस्तेमाल करते हैं लेकिन इसमें भी विशेष सावधानी रखनी चाहिए ।पावर इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर का कहना है कि यह हीटर अच्छी कंपनी या ब्रांड का हो जिसे भारतीय मानक ब्यूरो ने मान्यता दे रखी हो ।बाजार में बहुत सस्ते इमर्शन रॉड भी मिलते हैं जिसमें कॉइल खुले रहते हैं और खुले कॉइल खतरे का कारण बन सकते हैं। बिजली के उपकरणों में एक सामान्य सी बात यह है कि हमारे जान से अधिक कोई भी वस्तु महंगी नहीं है। आइएसआई मार्क देखकर ही हमें बिजली के उपकरण खरीदने चाहिए और जब भी पानी गर्म करें तो पहले इमर्शन रोड़ की पावर सप्लाई बंद करें। यदि उसके आसपास अगर पानी वहां गिर गया हो या खतरा महसूस हो तो लकड़ी से उसे सूखी लकड़ी से उसे हटाने का प्रयास करें और अकेले अगर कोई रहते हो तो उन्हें विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

## 'वन नेशन वन इलेक्शन' का प्रस्ताव क्षेत्रीय दलों और जनता के हित में नहीं : महुआ माजी

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** राज्यसभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की सदस्य महुआ माजी ने 'वन नेशन वन इलेक्शन' के प्रस्ताव पर विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस व्यवस्था को लागू करना चाहती है, लेकिन इससे क्षेत्रीय दलों और आम जनता को नुकसान उठाना पड़ेगा। गुरुवार को रांची में मीडिया से बात करते हुए महुआ माजी ने कहा कि आईएनडीआईए के ज्यादातर नेता इस प्रस्ताव को नुकसानदेह मानते हैं।

उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय दल जनता से सीधे-सीधे जुड़ती हैं। जंगल, पहाड़ और दुर्गम इलाकों में रहने वाले लोगों का क्षेत्रीय दलों से ज्यादा जुड़ाव रहता है, क्योंकि वे उनके हितों की बातें करती हैं और उनके मुद्दों को उठाती हैं। केंद्रीय स्तर पर एक-दो पार्टियां राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों



पर संसदीय चुनाव लड़ती हैं। लेकिन, विधानसभाओं के चुनाव में लोगों के स्थानीय मुद्दे महत्वपूर्ण होते हैं। ऐसे में 'वन नेशन, वन इलेक्शन' की व्यवस्था लागू होने से लोग दिग्भ्रमित हो जाएंगे और उनकी रोज की जिंदगी से जुड़े मुद्दे चुनाव में गौण हो जाएंगे।

झारखंड में हाल में हुए विधानसभा चुनाव का उदाहरण देते हुए राज्यसभा सांसद ने कहा कि बाहर से 'कुछ पक्षी' उड़कर यहां आए। उन्होंने नफरत वाले मुद्दों को हवा देकर लोगों को लड़ाने-भिड़ाने की कोशिश की। उनकी चली नहीं और वापस चले गए। इससे साफ जाहिर है कि उनके फर्जी मुद्दे नहीं चले, लेकिन 'वन नेशन, वन इलेक्शन' लागू होने से बड़ी पार्टियां एक मुद्दे को लेकर चुनाव लड़ेंगी। इससे जनता के स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता नहीं मिल पाएगी और वह ठगी रह जाएगी।

बता दें कि केंद्रीय कैबिनेट ने गुरुवार को 'वन नेशन, वन इलेक्शन' से जुड़े विधेयक को मंजूरी दी। संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा है, इसी सत्र में यह बिल संसद में पेश किया जा सकता है। केंद्रीय कैबिनेट ने 'वन नेशन, वन इलेक्शन' पर रामनाथ कोविंद समिति की रिपोर्ट को पहले ही मंजूरी दे दी है। यह बिल पूरे देश में एक चुनाव का मार्ग प्रशस्त करता है।

## एक नजर

### आपसी मारपीट में महिला घायल

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बैरिया निवासी सुनील मांझी की 30 वर्षीय पत्नी सुमित्रा देवी को आपसी जमीन विवाद में रिश्ते के ससुर पुरन सिंह ने मारकर घायल कर दिया है। सुमित्रा देवी के सिर में चोट लगी है। परिजनों ने सुमित्र देवी को एमएमसीएच में इलाज के भर्ती कराया है। घायल महिला ने थाने में मारपीट की प्राथमिकी दर्ज करायी है। थाना पहुंची महिला ने बताया कि उसके उपर रिश्ते में ससुर पुरन सिंह और उनके परिजनों ने लाठी डंडे से अचानक हमला कर दिया। इलाज के बाद महिला के परिजन शहर थाना पहुंचकर घटना से संबंधित मामले की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी मिलने पर पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

### लापता छात्रा सकुशल घर लौटी

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के शिवा बीघा गांव निवासी दिलीप पासवान की पुत्री अराधना कुमारी घर से हुसैनाबाद प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय जाने के लिए निकली छात्रा गढ़वा बस स्टैंड से शकुशल बरामद कर ली गई। परिजनों ने बताया कि वह गढ़वा बस स्टैंड के पास बुधवार की शाम को मिली थी। पुलिस के सहयोग से उसे घर लेकर परिजन लौट गई। उक्त छात्रा फिलहाल कुछ भी नहीं बता पा रही है। वह 9 दिसंबर से बालिका प्लस टू विद्यालय जाने के लिए घर से निकलने के बाद से लापता हो गई थी।

# सड़क दुर्घटना में पांच घायल, एक रेफर

## घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया भर्ती



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जपला नवीनगर मुख्य नहर मार्ग पर सोनबरसा व लोटनीय गांव के बीच दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में रंजन कुमार सिंह, अभिषेक कुमार सिंह दोनों ग्राम पांडू के करमडीह, अमन कुमार, उपेंद्र कुमार व सिकेन्द्र कुमार तीनों ग्राम रजाडीह जमहोर के निवासी है। उक्त सभी घायलों का इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उपेंद्र कुमार नामक एक घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि बाइक पर सवार होकर पांडू थाना क्षेत्र के करमडीह गांव निवासी दो लोग जपला की ओर आ रहे थे। जपला की ओर से भी एक बाइक पर सवार होकर बिहार के तीन युवक नवीनगर की ओर जा रहे थे। इस क्रम में नहर सड़क पर आमने-सामने की टक्कर हो गयी। बाइक का परखच्चे उड़ गए। इस घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस अस्पताल में पहुंच कर मामले की छानबीन कर रही है।

### ट्रांसफॉर्मर से तेल निकाल कर चुरा ले गए चोर



**विश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के एनएच 39 सड़क किनारे अवस्थित भंडार गांव के गायत्री मंदिर के पास लगे विद्युत ट्रांसफॉर्मर से तेल चोरों द्वारा निकाल लिया गया। घटना बुधवार रात की है। घटना के बाद देर से गांव में विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो गई। ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी विद्युत विभाग के रेहला स्थित कार्यालय व विश्रामपुर थाना को दी गई है। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर से तेल चोरी की यह दूसरी घटना है। इससे पहले भी इसी ट्रांसफार्मर से तेल की चोरी हो चुकी है।

## अवैध कोयला लदे ट्रक जब्त चालक सह चालक को भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज थाना पुलिस ने ग्राम इटहे से अवैध कोयला लदे ट्रक को जब्त किया है। थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि पलामू पुलिस अधीक्षक रीश्मा रमेशन को गुप्त सूचना मिली की पांकी से लेस्लीगंज को ओर अवैध कोयला लदा ट्रक जा रहा है। तत्काल लेस्लीगंज थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर थाना क्षेत्र के ग्राम इटहे से ट्रक को जब्त किया गया। इस मामले में लेस्लीगंज थाना में मामला दर्ज किया है। जब्त ट्रक का चालक छोटेलाल उरांव पिता नागेश्वर उरांव 28 वर्ष, सहचालक निरंजन भगत पिता राजेंद्र भगत 19वर्ष दोनों ग्राम हूंभू टोला, बरहमोरिया थाना हेरहंज जिला लातेहार को गिरफ़्तार जेल भेज दिया गया।

## बीडीसी की बैठक में आवास, पानी सहित कई मुद्दों पर चर्चा

### शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत विभाग के नहीं आये अधिकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को प्रखंड व पंचायत विकास समिति की बैठक में आवास, पेंशन, पानी सहित क्षेत्र के कई ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा की गई। अध्यक्षता कर रहे प्रमुख कलावती देवी ने विधानसभा चुनाव पूर्व की गई बैठक व इसमें लिये गये निर्णय की समीक्षा की। संचालन कर रहे बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने कहा कि सरकारी सहित निजी कार्यों में बालू की किल्लत की समस्या जिला प्रशासन के निर्देश पर खत्म कर दी गई है। इस प्रखंड क्षेत्र के लोगों को कबरा खुर्द स्थित सोन नदी के घाट से बालू का उठाव तय दरों पर होगा। विभिन्न पंचायतों में क्रियान्वित आवास निर्माण व खराब जलमीनार के अद्यतन जानकारी ली गई। वरीय पंसस गुप्तेश्वर पांडेय व राजीव कुमार शर्मा, उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान के सवाल पर अंचलाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि पुराना रजिस्टर के अनुसार भूमि का ऑनलाइन राजस्व रसीद निर्गत करने का शुरू किया गया है। कई पंचायतों से उपभोक्ताओं को अनाज के साथ दाल पीडीएस से नहीं मिलने की शिकायत भी की गई है। बैठक में अनुपस्थित शिक्षा, विभाग, स्वास्थ्य, विद्युत व बैंक के अधिकारी या उनके प्रतिनिधिकी अनुपस्थति पर प्रतिनिधियों की नाराजगी पर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। बैठक में मुखिया संतोष कुमार सिंह व जितेन्द्र सिंह, एमओ अमरेश कुमार, राजस्वकर्मी सुनील कुमार, पंसस इंदू देवी, सविता देवी सहित कई अन्य प्रतिनिधि व प्रखंड एवं अंचल के कर्मी शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### झामुमो ने शिक्षा मंत्री से की हैदरनगर में डिग्री कॉलेज खोलने की मांग



**हैदरनगर।** झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री सह घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन से हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के युवा छात्र व छात्राओं की उच्च शिक्षा की विषम समस्याओं पर झामुमो के प्रखंड सचिव पवन कुमार ने मिलकर समाधान कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस प्रखंड क्षेत्र के छात्रों को बेहतर शिक्षा के लिये आज भी निजी कॉलेजों पर निर्भता बनने से उनका आर्थिक शोषण बदस्तूर जारी है। इस प्रखंड का सृजन हुए करीब दो दशक हो गये। बावजूद अब तक यहां डिग्री कॉलेज की व्यवस्था तक नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि इस स्तर की पढाई स्थानीय स्तर पर नहीं होने से उन्हें आठ किलोमीटर दर हुसैनाबाद या फिर 85 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय मेदिनीनगर जाना पड़ता है। उन्होंने मंत्री का ध्यानाकृष्ट कराते हुए कहा कि हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र में खासकर छोटे व मध्यम तबके के किसान एकमात्र वर्षा की निर्भरता पर ही रहते हैं। लगातार अकाल व सुखाड़ से झेल रहे ग्रामीण अभिवावकों को अत्यधिक पैसे खर्च कर उनके बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने में काफी कष्ट का सामना करना पड़ता है। इसके अलावे डिजीटल युग में इसकी समुचित शिक्षा के अलावे तकनीकी शिक्षा नहीं मिलने से इस क्षेत्र के बच्चे पिछड़ते जा रहे हैं।

### एके सिंह कॉलेज का नैक पीयर टीम ने किया जांच व सत्यापन




**हुसैनाबाद।** स्थानीय एके सिंह कॉलेज जपला में दो दिन तक एसएसआर की सत्यापन व जांच नैक के पीयर टीम ने किया। प्रातः 10 बजे नैक के पीयर टीम के चेयरपर्सन प्रो. केए अबुबकर, मेंबर को ऑर्डिनेटर प्रो. दिनेश कुमार चौबे, मेंबर डॉ. संजय खरात का स्वागत कॉलेज के सचिव प्रफुल्ल कुमार सिंह, प्राचार्य प्रो. सूर्यमणी सिंह, प्रो.डॉ. रामसुभग सिंह, आईक्यूएसी. के को ऑर्डिनेटर प्रो. अरुण कुमार सिंह नैक को ऑर्डिनेटर प्रो.डॉ.आलोक रंजन कुमार ने बड़े धूम धाम से किया। कॉलेज के एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. राजेश कुमार सिंह तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो. राहुल कुमार सिंह ने अपने स्वयंसेवकों तथा विद्यार्थियों की स्वागत मंडली के साथ अगुवाई कर रहे थे। विद्यार्थी झारखंडी संस्कृति के परिवेश में ढ़ोल, नगाड़े और मांदर लेकर संगीतमय वातावरण में पीयर टीम का स्वागत किया। पीयर टीम ने लगातार दो दिनों तक एसएसआर में अंकित विवरण व विश्लेषण के आधार पर जांचकर सत्यापन किया तथा रिपोर्ट तैयार की। पूर्ववर्ती छात्राओं तथा अभिभावकों के साथ भी बैठक की साथ ही वर्तमान अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के साथ भी अनेक प्रश्न पूछे, जिसके उत्तर पाकर पीयर टीम ने शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के साथ किये गए बैठक में भूरि-भूरि प्रशंसा की। इन दो दिनों में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं एक्जिट मीटिंग में भी पीयर टीम ने सराहना की। पीपीटी प्रजेन्टेशन में जितने विभागों के विभागाध्यक्षों ने अपनी प्रस्तुति दी उससे पीयर टीम संतुष्ट हुई। एक्जिट मीटिंग में पीयर टीम के चेयरपर्सन तथा को ऑडिनेटर मेम्बर ने कॉलेज की व्यवस्था की सराहना की। लगातार हुए दो दिन के कार्यक्रम में परीक्षा केन्द्राधीक्षक प्रो. डॉ. शिवकुमार विश्वकर्मा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. अशोक कुमार सिंह, प्रो. डॉ. रामसुभग सिंह, प्रो. अजय कुमार सिंह,प्रो. शशिभूषण, प्रो. सुधीर कुमार सिंह, उपेन्द्र कुमार सिंह, प्रो. डॉ. रविरंजन मिश्र, डॉ. आनन्द कुमार, प्रो.अभिषेक कुमार, प्रो. हरेन्द्र नारायण सिंह, प्रो. मुकेश कुमार, प्रो. प्रशान्त कुमार, प्रो. सुनील कुमार सिंह, प्रो.जयशंकर प्रसाद सिंह, प्रो. सुदीप कुमार, प्रो. डॉ. चन्दन कुमार सिंह, प्रो. रेखा कुमारी सिंह, प्रो. नरेश कुमार सिंह, प्रो. रवि कुमार, अकाउंटेंट ओम प्रकाश सिंह, अमरेन्द्र कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, बबन प्रसाद सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह आदि तथा हजारों विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

### बंगलादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ निकला जनाक्रोश रैली

**हुसैनाबाद।** सर्व सनातन समाज जपला नगर के तत्वावधान में गुरुवार को आक्रोश मार्च व जनसभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन बांग्लादेश में सनातनियो पर हो रहे अत्याचार के विरोध में किया गया। आक्रोश यात्रा की शुरूआत महावीर जी भवन परिसर से जयश्री राम की जयघोष से गयी आक्रोश मार्च में काफी संख्या में सनातनियों ने शामिल होकर बांग्लादेश में सनातनी हिन्दू, सिख, जैन, बौद्ध समाज पर हो रहे बर्बरता पूर्वक अत्याचार के विरुद्ध एकजुटता दिखायी। आक्रोश मार्च के दौरान लोगों ने तख्ती के साथ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान बांग्लादेश में हो रहे सनातनी समाज पर अत्याचार बंद करो, बांग्लादेश की सेना मानवता दिखाओ, अल्पसंख्यको की हितों की रक्षा करों,बांग्लादेश सरकार होश में आओ-होश आओ आदि नारे लगा रहे थे। इसमें शामिल लोग गांधी चौक ,पुरानी बाजार, इमामबाड़ा, रविदास नगर,लंबी गली, मधुशाला रोड, हैदरनगर रोड, पटेल चौक, अंबेडकर चौक,मुख्य बाजार रोड, जय प्रकाश चौक होते बाबा विश्वनाथ भास्कर छठ पोखरा परिसर पहुंचे। वहां जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरएसएस जिला संचालक दिनेश प्रसाद कश्यप ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों का टारगेट जारी है। सनातनी हिन्दू, सिख, जैन बौद्ध धर्मावलंबियों पर हो रहे अत्याचार बांग्लादेश सरकार की विफलता का प्रतीक है, बिलकुल निदंनीय है। सरकार को इस पर शिकंजा कसने की जरूरत है। साथ ही संत-पुरोहितों ने भी बांग्लादेशी सरकार की घोर निंदा की। सनातनियों के पक्ष में धारदार आंदोलन की अपील की। कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति के नाम अनुमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन दिया गया। जिसमें में बांग्लादेश सरकार को हिंसा पर लगाम लगाने की मांग की गयी। मौके पर मुख्य रूप से महावीर मंदिर के पुजारी गोपाल पाठक, लोकनाथ केशरी,बीएम शर्मा, अखिलेश विश्वकर्मा, संतोष कश्यप, अजय प्रसाद गुप्ता, पंकज गुप्ता, राजीव ठाकुर, हरिओम पाठक, रामेश्वर राम, उदय नाथ विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, श्रवण अग्रवाल, शशि कुमार, डॉ. अखिलेश गुप्ता, मदन गुप्ता, प्रेमचंद चौधरी, सचिन आनंद, सुबोध कश्यप, अनुज चौधरी, मुन्ना कुमार देव,पंकज कुमार, सुदर्शन अग्रवाल, मुरारी अग्रवाल,सूरज प्रसाद गुप्ता आदि समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज में स्टार्टअप आइडिया पिचिंग प्रतियोगिता का समापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** जिले के गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज में शिक्षा मंत्रालय के इंस्टीट्यूशनल्स इनोवेशन काउंसिल (एलएलसी 7.0) के तहत आयोजित स्टार्टअप आइडिया पिचिंग प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन हो गया। दो दिवसीय कार्यक्रम में छात्रों को अपने नवाचारी विचार प्रस्तुत करने और अनुभवी जजों के साथ संवाद करने के लिए एक ऊर्जा से भरा और जीवंत मंच प्रदान किया। दूसरे दिन 30 से अधिक प्रतिभागियों की शेष टीमों ने वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के लिए रचनात्मक समाधान प्रस्तुत किया। उल्लेखनीय पिचों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए एक जीपीएस-आधारित घड़ी शामिल थी। जिसमें तकनीक और सुरक्षा का संयोजन है। पर्यावरण के अनुकूल सैनिटरी पैड, जो स्वच्छता और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देते हैं, रूरल ई-मार्ट अवधारणा, जिसका उद्देश्य डिजिटल वाणिज्य के माध्यम से स्थानीय कारीगरों और किसानों को सशक्त बनाना है। ये नवाचार विकसित झारखंड, विकसित भारत की सोच के अनुरूप हैं, जो सतत विकास और प्रगति पर जोर देते हैं। कार्यक्रम संयोजक डॉ. मुरली मनोहर के मार्गदर्शन में, समन्वयक डॉ. राजेश नारायण देव, भावेश कुमार के सहयोग से आयोजित किया गया। दोनों समन्वयकों ने प्रतिभागियों की रचनात्मकता की सराहना की।

### छात्रों के प्रस्तुतियों को निखारने पर चर्चा हुई

दीपक कुमार रवि, पंजीत कुमार लेंका, निपेन कुमार दास, डॉ. सुमित कुमार और महेंद्र मरांडी शामिल थे। उन्होंने छात्रों के विचारों और प्रस्तुतियों को निखारने के लिए उपयोगी सुझाव और मूल्यवान प्रतिक्रिया दी। साथ ही संदीपेश कुमार, मोहम्मद फैजान अली, संजीव कुमार, निशिकांत कुमार, सनाउल मुस्तफा, बिलाल अंसारी, रिया कुमारी और प्रतम कुमार की समर्पित आयोजन टीम ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन को सुनिश्चित किया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन भावेश कुमार ने किया। समापन भाषण में संयोजक डॉ. मुरली मनोहर ने छात्रों को प्रेरित किया कि वह अपने नवाचारी विचारों को ठोस प्रोटोटाइप और वास्तविक समाधानों में बदलें।

## बालू की प्रशासनिक दर का निर्धारण होने के बावजूद कालाबाजारी पर नहीं लग सकी रोक



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर बुधवार को परता पंचायत के तटवर्ती कबरा खुर्द गांव स्थित सोन नदी में बालू घाट का शुभारंभ बीडीओ विश्व प्रताप मालवा, अंचल अधिकारी संतोष कुमार, प्रमुख कलावती देवी, मुखिया कमल कुमार पासवान, पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय ने विधिवत किया था। प्रशासन व कई पंचायतों के मुखिया सहित अन्य प्रतिनिधियों की मौजूदगी में इस घाट से विभिन्न पंचायतों तक बालू बिक्री किये जाने संबधित दरों को निर्माण किया गया है। जिसमें परता 800, खरगाड़ा 1200 - 1500, हैदरनगर पश्चिमी व पूर्वी पंचायत में 1700 - 2000 रुपये प्रति टैक्टर बालू पहुंचाने का निर्देश दिया गया है। जबकि बभंडी व चौकड़ी 2000 - 2300, इमामनगर बरेवा 2300 - 2500, मोकहर कला व बिलासपुर पंचायत के ग्रामीणों को सुलभता से बालू मुहैया कराने के लिये 2500-2800 रुपये प्रति ट्रैक्टर बालू मिलेंगे। वहीं संड़ेया, कुकही व बरडंडा पंचायत के लोगों को 2800 - 3000 रुपये प्रति ट्रैक्टर बालू देना सुनिश्चित करने को कहा गया है। इस मौके पर उपस्थित मुखिया संघ अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, मुखिया जितेन्द्र सिंह व नाजमा खातून, समाजसेवी नावाजिश खान, परवेज आलम, पूर्व मुखिया जितेन्द्र पासवान, अनुज कुमार रवि, सिनेश साव, रंजीत सहित कई प्रतिनिधि भी शामिल थे। इसके बावजूद हैदरनगर बाजार क्षेत्र में वाहन संचालकों की मनमानी से ढ़ाई हजार रुपये प्रति ट्रैक्टर दिये जा रहे हैं। उक्त निर्णयों की जानकारी वाहन संचालकों को दिये जाने पर बताया जाता है कि इन दरों पर वाहन नहीं चलाया जा सकता।

### प्लेटफॉर्म पर मिला अज्ञात अधेड़ का शव



**विश्रामपुर।** धनबाद रेलखंड के गढ़वा रोड (रेहला) रेलवे स्टेशन के तीन नंबर प्लेटफार्म से जीआरपी ने गुरुवार को एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया है। शव की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। गढ़वा रोड जीआरपी थाना प्रभारी विमल कुमार ने बताया कि शव के पास से मिले एक थैले से भी कोई ऐसा चीज नहीं मिला है,जिससे उसकी पहचान हो सके। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर गढ़वा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर सरकारी प्रावधान के तहत निर्धारित अवधि तक वहां पहचान के लिए मर्चरी में रखवा दिया है।

## समस्या

## नीलगायों से फसलों का नुकसान बनी बड़ी समस्या

# मुआवजा भुगतान से क्षति की पूर्ति होती तो है, मगर मेहनत पर फिरता है पानी



- चालू मौसम में आलू चना, टमाटर, मिर्च, अरहर और गेहूं की फसलों को बचाना बनी बड़ी चुनौती

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** कभी अकाल, कभी सुखाड़ की त्रासदी झेलने वाले इस क्षेत्र के किसानों के समक्ष करीब तीन दशक से नीलगायों से फसलों को नुकसान बड़ी समस्या बन गई है। इसकी वजह जंगलों को उजाड़ने की मानवीय प्रवृत्ति बनी बताई जाती है। बताया जाता है कि जंगलों की कटाई और डायनामाइट से पत्थरों की तोड़ाई करने से इनकी आश्रयणी के उजड़ने के साथ ही चारागाह भी समाप्त होते चले गए। ऐसे में पहले इनकी आश्रयणी मैदानी इलाकों में फैली बेर और अन्य प्रकार के रूचिकर प्राकृतिक रूप से उपजी चारा की झाड़ियां बनी। ऐसी ही झाड़ियां तीन दशक पहले तक सीमावर्ती राज्य बिहार के नबीनगर, बड़की सलैया और अंकोरहा के इलाके में फैली नजर आती थी। जिसमें नीलगायों के झुंड देखे जाते थे। मगर भीमबराज से निकली मुख्य नहर से इन इलाकों में पानी पहुंचने से बड़े पैमाने पर खेती करने के साथ इनको भगाने के उपाय किया गया, तो तभी से इनके झुंड इस इलाके पहुंचे और यहीं के होकर रह गए। जहां दलहनी-तेलहनी फसलों (चना, अरहर, मसूर, सेम,मटर सरसों, तीसी) के साथ ही आलू, टमाटर और गेहूं, धान के कोमल पौधे बन गए हैं। ऐसी स्थिति में चालू मौसम में इन फसलों को बचाना किसानों के लिए चुनौती बन गई है।

### 2.56 एकड़ में लगी फसलों को पहुंचाया नुकसान

2.56 एकड़ भूमि में चान, सरसों और मसूर की फसलें नीलगायों के झुंड ने बर्बाद कर दी हैं। इससे उन्हें बड़ी क्षति पहुंची है। उन्होंने बताया कि वन विभाग के अधिकारी ने नीलगायों के कारण किसी भी किसान के नुकसान की भरपाई के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद आवेदन पत्र जमा करने की बात कही है। इस मामले में फसलों की क्षति की जांच के भुगतान की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया है।

### सुबह नीलगायों के विचरण की चर्चा मुख्य विषय

बुजुर्ग किसान रामजन्म राम ने बताया कि रामनगर के धीरेंद्र और नरेश ऐसे ही किसानों में शामिल हैं, जिनकी आलू की तैयार फसल नीलगायों का झुंड चट कर गया। हर सुबह चौक-चौराहे पर इसी प्रकार से फसलों को चट कर जाने को लेकर नीलगायों का झुंड चर्चा का विषय बन जाता है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि भारी पूंजी निवेश करने के बाद भी फसलों को लेकर किसानों की मेहनत पर पानी फिर जाता है। जानकरों का मानना है कि नीलगायों को मैदानी इलाकों की इन फसलों के स्वाद मूंह लग जाने की वजह से शायद ही इनके झुंड जंगलों की ओर लौट सकते हैं। सरकार की ओर से योजनाबद्ध तरीके से मैदानी इलाकों से इनको भगाने के उपाय नहीं किया गया, तो जिस प्रकार से इनकी संख्या बढ रही है, इसे देखते हुए यह कहना अतिश्योक्ति नहीं है कि एक न एक दिन सभी के लिए नीलगायों का झुंड जी का जंजाल बन जाएंगे।

### नीलगायों के आतंक से गोल्हना व आसपास के किसान परेशान

**हैदरनगर** हर साल सुखाड़ व अकाल की सामना कर रहे हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के किसानों को नीलगायों के खेत में विचरण करने व उनके फसल की बर्बादी से किसान परेशान हैं। इस मामले को लगातार उजागर किये जाने के बावजूद प्रशासन व वन विभाग के अधिकारियों ने गंभीरता से नहीं लिया है। किसान मनोज सिंह, अभय सिंह, अंकू सिंह आदि ने बताया कि नीलगायों का आतंक ग्रामीण किसानों के लिए एक बड़ी समस्या है। दर्जनों की संख्या में नीलगाय किसानों के फसलों को प्रतिदिन नुकसान पहुंचा रही हैं। जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। किसानों द्वारा वन विभाग से उनके बर्बाद फसल के नुकसान की भरपाई करने की मांग करने के बावजूद अब तक कोई भी उनके हित में कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों व कर्मियों से तत्काल नीलगायों को पकड़ने और उन्हें सुरक्षित स्थान पर रखने की मांग की है।

## ऑटो चालक महासंघ का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

# ऑटो चालकों को न्याय मिलने तक जारी रहेगा हमारा संघर्ष : राकेश

▸▸ ट्रैफिक प्रभारी पर लगाए आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ ने अपनी पूर्व घोषित अनिश्चितकालीन धरना गुरुवार को पलामू उपायुक्त कार्यालय के समक्ष शुरू किया। इस धरने की अध्यक्षता महासंघ के पलामू अध्यक्ष रामाकांत दुबे ने की, जबकि नेतृत्व संघ के केंद्रीय संयुक्त सचिव राकेश कुमार सिंह ने किया। धरने पर बैठे ऑटो चालकों ने बस स्टैंड को शहर से बाहर स्थानांतरित करने और ऑटो चालकों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार को रोकने जैसी प्रमुख मांगें उठाईं।



राकेश कुमार सिंह ने ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ऑटो चालकों के साथ किए जा रहे दुर्व्यवहार को बंद किया जाना चाहिए।

पलामू जिला अध्यक्ष रामाकांत दुबे ने कहा, 'जब तक ऑटो चालकों के साथ न्याय नहीं होता और बस स्टैंड को शहर से बाहर नहीं किया जाता, तब तक यह अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी।' सैकड़ों चालकों की भागीदारी धरने में विवेक कुमार सिंह, सत्यम दुबे, अनुज मिश्रा, अरविंद कुमार, संतोष शुक्ला, रंजीत पासवान, यासीन अंसारी (गोल्डन), रिंकू पांडेय, इम्तियाज अंसारी, नागेंद्र प्रसाद गुप्ता सहित सैकड़ों ऑटो और ई-रिक्शा चालक उपस्थित रहे।

### बस स्टैंड स्थानांतरण पर उठे सवाल

धरने को संबोधित करते हुए राकेश कुमार सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन को ऑटो स्टैंड को हटाने से पहले बस स्टैंड को शहर से बाहर स्थानांतरित करना चाहिए। उन्होंने बताया कि बसों की आवाजाही के कारण अक्सर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है, जबकि शहर में आमजन अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए ई-रिक्शा और ऑटो पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में ऑटो और ई-रिक्शा को शहर से बाहर रोकना पूरी तरह अनुचित है।

# राशन कार्ड में अपात्र पाए जाने पर अन्य योजनाओं से भी हटाए जाएंगे लाभुक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में राशन कार्ड का लाभ अब केवल पात्र व्यक्तियों को ही मिलेगा। उपायुक्त शशि रंजन ने इस संबंध में कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि अपात्र लाभुकों को 30 तारीख तक अपना राशन कार्ड सरेंडर करना होगा। ऐसा नहीं करने पर संबंधित लोगों की जांच प्रखंड स्तर पर कराई जाएगी। जांच में अपात्र पाए जाने वालों पर न केवल कानूनी कार्रवाई की जाएगी, बल्कि उन्हें अन्य सरकारी योजनाओं से भी हटा दिया जाएगा।



### अपात्रों के खिलाफ सख्त कार्रवाई

उपायुक्त ने कहा कि राशन कार्ड के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने वाले अपात्र लाभुक न केवल जरूरतमंदों के हक को छीन रहे हैं, बल्कि सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता को भी प्रभावित कर रहे हैं। अब ऐसे लोगों से उठाए गए राशन की वसूली भी की जाएगी। साथ ही, उन्हें अन्य कल्याणकारी योजनाओं जैसे वृद्धावस्था पेंशन, उज्ज्वला योजना, और आवास योजना से भी बाहर किया जाएगा।

### पात्रता सुनिश्चित करने की पहल

उपायुक्त ने कहा कि पात्रता के आधार पर लाभुकों की पहचान करने से योजनाओं का लाभ सही लोगों तक पहुंचेगा। इस कार्रवाई का उद्देश्य सरकारी संसाधनों का सही उपयोग सुनिश्चित करना है। पलामू प्रशासन ने साफ कर दिया है कि अपात्र लाभुकों पर कार्रवाई से बचने का एकमात्र तरीका स्वेच्छा से राशन कार्ड सरेंडर करना है। इसके लिए 30 तारीख तक का समय दिया गया है।

### जागरूकता अभियान का निर्देश

जिला प्रशासन ने पंचायत स्तर पर जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत पंचायतों में सूचना प्रेषित की जाएगी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, खासकर ट्विटर हैंडल के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू को इस कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने वाले राजेश को एसपी ने किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पंडवा निवासी राजेश कुमार मेहता को अंतरराष्ट्रीय पैरा थ्रो बॉल चैंपियनशिप में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने पर पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने सम्मानित किया। इस मौके पर एएसपी राकेश कुमार सिंह और प्रशिक्षु आईपीएस दिव्यांश शुक्ला भी उपस्थित रहे।

राजेश ने उप कप्तान के रूप में भारतीय टीम को कंबोडिया के खिलाफ फाइनल में जीत दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिससे भारत ने गोल्ड मेडल जीता। पलामू एसपी ने राजेश की प्रेरणादायक यात्रा की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह कठिन परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने का प्रतीक हैं।

राजेश, जिन्होंने आठ वर्ष की उम्र में पैर गंवाया था, अब थाईलैंड में होने वाले एशिया कप के लिए भारतीय टीम में चयनित हुए हैं।

# पलामू बार एसोसिएशन की समस्याओं के समाधान के लिए डीसी ने दिया आश्वासन

▸▸ बार एसोसिएशन के सचिव ने डीसी को सौंपा ज्ञापन, समस्याओं के समाधान की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला बार एसोसिएशन के सचिव अजय कुमार पांडे ने मंगलवार को पलामू के उपायुक्त शशि रंजन से मुलाकात कर संगठन की विभिन्न समस्याओं को उनके समक्ष रखा। इस दौरान उन्होंने बार एसोसिएशन की समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा और सकारात्मक कार्रवाई की मांग की। सचिव पांडे ने उपायुक्त को अवगत कराया कि बार एसोसिएशन को भवन और संसाधनों से संबंधित कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जो वकीलों के कार्य में बाधा उत्पन्न कर रही हैं। उन्होंने उपायुक्त से आग्रह किया कि इन समस्याओं का स्थायी समाधान निकाला जाए ताकि बार के सदस्य बेहतर सुविधाओं में कार्य कर सकें।



उपायुक्त शशि रंजन ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए बार एसोसिएशन की समस्याओं पर ध्यान देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जल्द ही संगठन के भवन और संसाधनों का निरीक्षण किया जाएगा और समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे। उपायुक्त ने यह भी कहा कि जिला प्रशासन इस दिशा में हरसंभव मदद करेगा। बार एसोसिएशन के सचिव ने डीसी के सकारात्मक रुख के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन के सहयोग से वकीलों को बेहतर कार्यस्थल उपलब्ध होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिला प्रशासन की पहल से संगठन की समस्याएं जल्द ही हल होंगी। बहरहाल, वकीलों और प्रशासन के बीच सहयोग और संवाद बढ़ाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। बार एसोसिएशन ने उपायुक्त के सहयोग के प्रति विश्वास व्यक्त किया और प्रशासन से शीघ्र सकारात्मक पहल की उम्मीद जताई।

### बेलवाटिका में जलापूर्ति लीक की मरम्मत आज

**मेदिनीनगर।** बेलवाटिका चौक पर जलापूर्ति पाइप से हो रही पानी की बबार्दी को रोकने के लिए शुक्रवार को मरम्मत कार्य किया जाएगा। स्टेशन रोड जलमीनार से बेलवाटिका क्षेत्र में सुबह 5 बजे जलापूर्ति के दौरान सूरज कॉम्प्लेक्स के सामने हजारों लीटर पानी बर्बाद होता है। यह समस्या पिछले पांच महीने से बनी हुई है। नगर निगम के पाइपलाइन निरीक्षक छोटेलाल गुप्ता ने बताया कि यातायात के दबाव के कारण मरम्मत कार्य में देरी हो रही थी। शुक्रवार सुबह 9 बजे स्कूल बसों की आवाजाही के बाद काम शुरू किया जाएगा। यातायात प्रभारी समाल अहमद ने बताया कि मरम्मत कार्य के दौरान भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने के लिए दो पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 14 दिसंबर

मेदिनीनगर। नेहरू युवा केंद्र, पलामू जिला खेल कार्यालय और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में 16 दिसंबर को जिला +2 स्कूल, मेदिनीनगर में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन होगा। इसमें 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। नेहरू युवा केंद्र की प्रभारी कंचन कुमारी ने बताया कि प्रतियोगिता में केवल पलामू जिला के निवासी ही हिस्सा ले सकते हैं। युवा उत्सव में नृत्य, गायन, कहानी लेखन, कविता लेखन, पेंटिंग, भाषण, विज्ञान मेला, मोबाइल फोटोग्राफी जैसी 11 प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। विजेताओं को पुरस्कार राशि और प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक युवा आवेदन कर सकते हैं या नेहरू युवा केंद्र और जिला खेल कार्यालय से संपर्क करें।

## गीता जयंती पर हिन्दी साहित्य भारती की साहित्यिक गोष्ठी, स्मारिका 'आए अवध श्रीराम' का लोकार्पण




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हिन्दी साहित्य भारती, पलामू ने गीता जयंती के अवसर पर गिरिवर उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर में साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. सुभाषचंद्र मिश्र ने की और संचालन कवि राकेश कुमार ने किया। इस मौके पर झारखंड के 68 साहित्यकारों द्वारा रचित और राकेश कुमार के सह-संपादन में प्रकाशित स्मारिका 'आए अवध श्रीराम' का लोकार्पण किया गया। साथ ही, आजीवन सदस्यता ग्रहण करने वाले साहित्यकारों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

प्रो. सुभाषचंद्र मिश्र ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता का हर श्लोक जीवन दर्शन और महाभारत की पृष्ठभूमि को समेटे हुए है। उन्होंने वर्तमान को पलामू का स्वर्णकाल बताते हुए कहा कि यहाँ के साहित्यकार देश-विदेश में ख्याति अर्जित कर रहे हैं।

शिक्षक परशुराम तिवारी ने कहा कि स्मारिका 'आए अवध श्रीराम' के माध्यम से पलामू के साहित्यकारों को राष्ट्रीय मंच मिला है। रमेश कुमार सिंह ने इसे आपसी समन्वय और साहित्यिक परंपरा का प्रतीक बताया। जिलाध्यक्ष अनुज कुमार पाठक ने श्रीमद्भगवद्गीता के पाँच श्लोकों का वाचन करते हुए रचनाकारों को धन्यवाद दिया।

महामंत्री रामप्रवेश पंडित ने गीता-ज्ञान पर आधारित गीतिका प्रस्तुत की, जबकि कोषाध्यक्ष आचार्य धनंजय पाठक ने दोहा छंद में गीता-सार व्यक्त किया। उपाध्यक्ष रीना प्रेम दुबे, किरण राज और वंदना श्रीवास्तव समेत अन्य साहित्यकारों ने अपनी सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य डॉ. नीरज कुमार द्विवेदी ने किया। गोष्ठी की सफलता में प्रेम प्रकाश दुबे, मानस मिश्रा और विजय कुमार ठाकुर की अहम भूमिका रही। इस आयोजन ने गीता जयंती के साहित्यिक और सांस्कृतिक महत्व को उजागर किया।

## जर्जर यात्री शेड ध्वस्त, अतिक्रमण मुक्त कराया गया इनडोर स्टेडियम स्थल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम आयुक्त जावेद अहमद के निर्देश पर सद्दीक मंजिल चौक स्थित ऑटो स्टैंड पर जर्जर हो चुके यात्री शेड को शुक्रवार को ध्वस्त कर दिया गया। इसी क्रम में नवाटोली में प्रस्तावित इनडोर स्टेडियम के लिए चयनित स्थल को भी अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

जिला उपायुक्त शशि रंजन ने दो दिन पहले इनडोर स्टेडियम निर्माण के लिए स्थल का निरीक्षण किया था और जर्जर सरकारी भवनों को ध्वस्त करने का निर्देश दिया था। नगर निगम और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से शहर में पुराने जर्जर भवनों को हटाकर जरूरत के अनुसार नए निर्माण कराए जा रहे हैं।

यात्री शेड ध्वस्त कर रहे नगर निगम कर्मी इश्तियाक अहमद ने बताया कि चयनित जर्जर भवनों को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान जारी रहेगा, ताकि शहर को बेहतर और सुरक्षित बनाया जा सके।

## बालिकाओं और महिलाओं के साथ अत्याचार के खिलाफ कचहरी परिसर में पोस्टर प्रोटेस्ट

▸▸ महिलाओं की सुरक्षा के लिए चौक-चौराहों पर सीसीटीवी लगाने की उठी मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बालिकाओं और महिलाओं पर हो रहे यौन शोषण व अत्याचार के विरोध में इप्टा, कशिश आर्ट, अंशु आर्ट, रंग संग आर्ट एकेडमी, प्रगतिशील लेखक संघ और मिशन समृद्धि द्वारा संयुक्त रूप से कचहरी परिसर में पोस्टर प्रोटेस्ट का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शन में बालिका गृह में हुई हालिया घटना की कड़ी निंदा की गई। कलाकारों ने कहा कि ऐसी घटनाएं नई नहीं हैं, बल्कि कई बार इनकी गंभीरता को नजरअंदाज किया गया है। यदि बालिका गृह में हुई सभी घटनाओं की गहराई से जांच की जाए, तो कई सफेदपोश चेहरों का पदार्फाश होगा। प्रदर्शन के दौरान पोस्टरों के जरिए आम जनता से अपील की गई कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए अपनी चुप्पी तोड़ें। एक पोस्टर पर लिखा गया था, 'दिमाग की सफाई, स्वच्छता से ज्यादा जरूरी है'। जो इस मुद्दे पर गहरी सोच को दर्शाता है। कलाकारों ने प्रशासन से आग्रह किया कि शहर के सभी चौक-चौराहों और विशेष रूप से बालिकाओं से जुड़े संस्थानों के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। इससे सुरक्षा के स्तर को मजबूत किया जा सकेगा।




इस प्रदर्शन का नेतृत्व प्रेम भसीन, सुरेश सिंह और शीला श्रीवास्तव ने किया। पोस्टर प्रोटेस्ट में आशा शर्मा, वीणा राज, वैजयंती गुप्ता, अमन चक्र, उपेंद्र कुमार मिश्रा, पंकज श्रीवास्तव, संजीव कुमार संजू, मनीष कुमार और पंकज लोचन समेत अन्य कई लोग शामिल थे।

### महिलाओं की सुरक्षा पर जागरूकता

मिशन समृद्धि की शीला श्रीवास्तव ने कहा कि अभिभावकों को अपनी बेटियों पर पाबंदी लगाने की बजाय अपने बेटों को सही व्यवहार सिखाने की जरूरत है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि पति देर रात घर लौटें, तो उनसे भी सवाल पूछे जाने चाहिए।

## डीडीसी ने समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा की, कार्यों में सुधार का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त के निर्देश पर उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा में योजनाओं के कार्यान्वयन में कई गंभीर खामियां सामने आईं, जिनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए। समीक्षा में पाया गया कि जिले में कार्यरत 29 महिला पर्यवेक्षिकाओं ने नवंबर माह में केवल 5 आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया, जो अत्यंत चिंताजनक है। डीडीसी ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी और सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करें। साथ ही, निरीक्षण में लापरवाही बरतने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई। समीक्षा के दौरान पाया गया कि पांकी परियोजना को छोड़कर अन्य परियोजनाओं में नवंबर माह तक का पूरक पोषाहार अभिश्रव उपलब्ध नहीं कराया गया है। संबंधित परियोजना पदाधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर पोषाहार वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। टीएचआर (रेडी-टू-ईट फूड) वितरण की समीक्षा में पता चला कि नवंबर माह में केवल 28% ही वितरण की इंट्री पोषण ट्रैकर पर की गई है। डीडीसी ने सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों और महिला पर्यवेक्षिकाओं को टीएचआर वितरण का गहन अनुश्रवण करने और पोषण ट्रैकर पर इंट्री पूरी करने का आदेश दिया। समीक्षा में 82 आंगनबाड़ी सेविका और 469 सहायिका पद रिक्त पाए गए। डीडीसी ने सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को पोषक क्षेत्र का सीमांकन और सर्वेक्षण रिपोर्ट दो दिनों के भीतर जिला कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया। रिक्त पदों के पारदर्शी चयन के लिए एक सप्ताह के भीतर चयन प्रक्रिया की अधिसूचना जारी करने को कहा गया।

### पूतना उद्धार से माटी खाने की लीला तक, श्रीकृष्ण के बाल रूप की झलक

# हरि नाम से ही कल्याण संभव : स्तुति दीदी

● गौ सेवा, गीता पाठ और धर्म के महत्व पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रेडमा स्थित ठाकुरबाड़ी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के 17वें अधिवेशन के पांचवें दिन अंतरराष्ट्रीय कथा व्यास स्तुति दीदी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मनमोहक वर्णन किया। वृंदावन से पधारी स्तुति दीदी ने कथा सुनाते हुए बताया कि भगवान की प्राप्ति सच्चे प्रेम से ही संभव है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति तन, मन, धन से भक्ति करता है, वही सच्चे अर्थों में धनवान है।





**पूतना का उद्धार और यशोदा माता का वात्सल्य :** स्तुति दीदी ने पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठाकर स्तनपान कराने का प्रयास किया। भगवान ने स्तनपान करते हुए पूतना का वध कर उसका उद्धार किया। इस प्रसंग में यशोदा माता का वात्सल्य भाव भी दशार्या गया, जब उन्होंने भगवान को गाय के गोबर और गोमूत्र से स्नान कराया।

**गौ सेवा और गीता पाठ का महत्व :** स्तुति दीदी ने गौ माता की सेवा, गायत्री जाप और गीता पाठ की अनिवार्यता पर जोर देते हुए कहा कि गौ सेवा से 33 करोड़ देवी-देवताओं की सेवा हो जाती है। उन्होंने कहा कि आजकल की युवा पीढ़ी को धर्म के महत्व को समझने के लिए गीता, भागवत और रामायण का अध्ययन करना चाहिए। इससे आने वाली पीढ़ियां भी संस्कारवान बनेंगी।

कथा के दौरान उन्होंने श्रीकृष्ण की माटी खाने की लीला का वर्णन किया। जब गोपबालकों ने यशोदा माता से शिकायत की कि ₹मां, तेरे लाला ने माटी खाई है,₹ तो यशोदा माता ने श्रीकृष्ण का मुंह खुलवाया। मुंह खोलते ही उन्होंने सृष्टि के सभी चर-अचर तत्वों को देखा। यह दृश्य देखकर यशोदा माता विस्मित हो गईं, लेकिन भगवान ने अपनी बाललीलाओं को जारी रखने के लिए उनकी स्मृतियों को क्षणभर में मिटा दिया।

**कलियुग में हरि नाम का महत्व :** स्तुति दीदी ने कहा कि कलियुग में ईश्वर के नाम का सच्चे हृदय से सिमरण करने मात्र से कल्याण संभव है। कठिन तपस्या या यज्ञ की आवश्यकता नहीं है, केवल हरि नाम से मोक्ष पाया जा सकता है। इस अवसर पर यज्ञ कमिटी के अध्यक्ष अजय तिवारी, संरक्षक विजय तिवारी, मीडिया प्रभारी नितेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय : सेमेस्टर 5 की परीक्षा शुरू, छात्रों में मिली-जुली प्रतिक्रियाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के अंतर्गत सत्र 2021-24 के यूजी सेमेस्टर 5 की परीक्षा प्रारंभ हो गई। परीक्षा में हजारों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।



परीक्षा के दौरान कदाचार रोकने के लिए सख्त व्यवस्थाएं की गई थीं। जनता शिवरात्रि महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा कक्ष में सीसीटीवी कैमरे और शिक्षकों द्वारा निगरानी रखी जा रही थी। प्रवेश से पहले छात्र-छात्राओं की जांच की गई और कक्षा में बैग लाने की अनुमति नहीं दी गई। प्राचार्य मनोज श्रीवास्तव ने परीक्षा कक्षों का दौरा किया और छात्रों को शांति से परीक्षा देने का निर्देश दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि चोरी करते पकड़े गए छात्रों को रस्टिकेट किया जाएगा। कुछ छात्रों के एडमिट कार्ड पर हस्ताक्षर न होने के कारण उन्हें परीक्षा से बाहर कर दिया गया।

**परीक्षा में लेट छात्रों को चेतावनी :** सुबह 9:30 बजे के बाद पहुंचे छात्रों को वार्निंग देकर छोड़ा गया। प्राचार्य ने साफ किया कि अगले दिन से देरी से आने वाले छात्रों को परीक्षा हॉल में प्रवेश नहीं मिलेगा।

**छात्रों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं :** कई छात्र परीक्षा से खुश थे कि लंबे इंतजार के बाद परीक्षा हो रही है, जबकि कुछ विलंब को लेकर नाराज दिखे। छात्रों ने बताया कि 2021-24 सत्र एक साल देरी से चलने के कारण उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के फॉर्म भरने में समस्या हो रही है। हालांकि, कुछ छात्रों ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय ने अंततः परीक्षा आयोजित कर दी, जिससे उनकी शिक्षा पूरी होने की उम्मीद बढ़ी है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में कनहर परियोजना की समीक्षा बैठक आयोजित

# सोन-कनहर पाइपलाइन परियोजना में बाधा हटाने के लिए विशेष पहल



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में कनहर परियोजना से संबंधित समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में सोन-कनहर अंडरग्राउंड पाइपलाइन परियोजना के अंतर्गत क्षतिपूरक वनरोपण से जुड़ी समस्याओं और समाधान पर चर्चा की गई।

### वनरोपण के लिए भूमि पर विवाद

बैठक में बताया गया कि जल संसाधन विभाग द्वारा ग्राम खैरा, टोटकी, और सिंजो (पंचायत मदगड़ी) की भूमि पहले ही अधिग्रहित की जा चुकी है। इस भूमि पर एलएंडटी कंपनी अंडरग्राउंड पाइपलाइन बिछाने का कार्य कर रही है। हालांकि, स्थानीय ग्रामीणों द्वारा उक्त भूमि पर खेती-बाड़ी करने का दावा करते हुए कार्य में बाधा उत्पन्न की जा रही है। एलएंडटी के परियोजना सहायक ने बताया कि वर्ष 1973 में मंडल डैम निर्माण के समय इस भूमि का अधिग्रहण किया गया था। अब यहां क्षतिपूरक वनरोपण का कार्य किया जाना है, लेकिन ग्रामीणों के विरोध के कारण यह संभव नहीं हो पा रहा है।

### ग्रामीणों को जागरूक करने का निर्देश

उपायुक्त ने संबंधित पंचायतों के मुखियाओं को निर्देश दिया कि वे ग्रामीणों को समझाएं कि यह भूमि जल संसाधन विभाग की है, और यहां केवल वनरोपण किया जाएगा। ग्रामीणों को वास्तविक स्थिति से अवगत कराते हुए उनकी शंकाओं का समाधान करें। बैठक में यह तय हुआ कि अनुमंडल पदाधिकारी (रंका), अंचल अधिकारी (भंडरिया), राजस्व निरीक्षक, वन विभाग के अधिकारी, और एलएंडटी परियोजना सहायक संयुक्त रूप से प्रभावित स्थलों का दौरा करेंगे। ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित कर वनरोपण कार्य में आ रही बाधाओं को दूर करने के प्रयास किए जाएंगे। बैठक में अपर समाहर्ता, उप निदेशक (पलामू टाइगर रिजर्व), प्रखंड विकास पदाधिकारी (भंडरिया), अंचल निरीक्षक, और संबंधित क्षेत्र के मुखिया उपस्थित रहे। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की देरी न हो और परियोजना को जल्द से जल्द क्रियान्वित किया जाए।

## उपायुक्त, उपविकास आयुक्त पहुंचे चिनियां के चिरका डैम, नौका विहार का उठाया आनंद



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनीयां।** उपायुक्त शेखर जमुआर व उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा गुरुवार को चिनियां प्रखंड के चिरका डैम पहुंचे। वहां बड़ी संख्या में मौजूद आदिवासी समाज की महिलाओं द्वारा उपायुक्त व उप विकास आयुक्त का स्वागत किया। महिलाओं ने पुष्प गुच्छ भेंट किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि मत्स्य पालन के लिए बनी समिति को और सशक्त बनाने की आवश्यकता है। इससे जुड़े लोगों को मछली पालन करने से आर्थिक विकास होगा। इससे जो पलायन करते हैं वह रुकेगा। उनको यहीं पर रोजगार मुहैया हो जाएगा और आय का साधन बनेगा। उन्होंने कहा कि सरकार के माध्यम से विभिन्न तरह की योजनाएं समूह के माध्यम से चलायी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को जरूर शिक्षित करें ताकि भविष्य उनका उज्जवल हो। इस मौके पर मछुआरों के लिए मछुआ आवास भी दिलाने का आश्वासन दिया। साथ ही अपने हाथों से मछुआ किट लाइव जैकेट का भी वितरण किया। चिरका डैम में नौका बिहार का भी उपायुक्त ने आनंद उठाया। कहा कि चिरका डैम को पर्यटन स्थल के रुप में विकसित करने के लिए पूरा सहयोग किया जाएगा। मौके पर उपायुक्त ने डैम की प्रशंसा की कार्यक्रम के दौरान चिरका के आमाटोली के ग्रामीणों ने वहां तक सड़क, बिजली, आंगनबाड़ी, स्कूल बनाने की मांग की। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को अग्रेषित करने का निर्देश दिया। मत्स्य विभाग के डीएफओ अनुराग कवस्य ने कहा कि इस डैम में मत्स्य विभाग द्वारा 36 केज लगाए गए हैं, जो साल में 360 टन मछली उत्पादन की क्षमता रखता है। मौके पर बीडीओ सुबोध कुमार, सीओ उमेश्वर यादव, थाना प्रभारी अमित कुमार, राजस्व कर्मचारी विनोद कुमार दुबे, बीपीओ रौशन कुमार,मत्स्य विभाग के पर्यवेक्षक चंदेश्वरी कुमार, टेक्नीशियन प्रभु चौधरी, केज मित्र कंचन शर्मा, संतोष कुमार गुप्ता, सहित मत्स्य समिति के सभी 55 सदस्य व ग्रामीण मौजूद थे।

## एक नजर

### असमाजिक तत्वों ने पुआल में आग लगाई

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के बुका गांव में किसान के खलिहान में रखा पुआल के ढ़ेर में असमाजिक तत्वों द्वारा आग लगा देने से हजारों रुपये का पुआल जलकर बर्बाद हो गया। जानकारी के अनुसार किसान सुनील मेहता ने अपने धान की फसल तैयार कर पुआल घर के सामने रखा था। बुधवार देर रात खलिहान पर पुआल के टाल में एकाएक आग लग लगने से काफी मात्रा में पुआल जल गया। आग की सूचना मिलने के बाद वहां पहुंचकर आस पास के लोगों के सहयोग से आग को बुझाया गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## नामांकन पंजी और आधार कार्ड मिलान नहीं होना, अपार जेनरेट में बना मुसीबत



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** अपार आईडी राज्यकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग दो के लिए एक समस्या बन गयी है। विद्यालय में सैकड़ो ऐसे बच्चे है जिनका आधार में कई अशुद्धियां है, जिससे अपार आईडी जेनरेट नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में प्रधानाचार्य नंदकिशोर चौबे ने बताया कि बच्चों के नामांकन के समय अभिभावकों द्वारा जो नाम और जन्म तिथि लिखाया गया था, अब वह आधार से मिलान नहीं हो पा रहा है, जिससे बच्चों के अपार आईडी जेनरेट नहीं हो पा रहा है। विभाग द्वारा किसी भी कीमत पर बच्चों के अपार आईडी जेनरेट करने का निर्देश है। अपार जेनरेट नहीं होने की स्थिति में शिक्षकों का वेतन रोक दिया जायेगा। आधार और नामांकन पंजी में मिलान नहीं होने पर यह अब विधार्थियो और उनके अभिभावकों के लिए सिरदर्द बन गया है। जिसका फायदा उठाकर आधार सेंटर वाले मनमानी शुल्क वसूल रहे हैं। आधार कार्ड नागरिकों के सुविधा के लिए है, लेकिन आधारर बनाते वक्तआधार में हुई अशुद्धियों को ठीक करने के लिए ग्रामीणों को आधार सेंटर का चक्कर काटना पड़ रहा।

## एसडीओ ने की गाय शेड और मनरेगा योजनाओं की जांच



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** उपायुक्त के निर्देश पर श्री वंशीधर नगर अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्घा ने खरौंधी प्रखंड के करिवाडीह पंचायत में मनरेगा योजना के तहत बनाए गए गाय व बकरी शेड की जांच की। जांच के दौरान एसडीओ ने बताया कि करिवाडीह पंचायत में जोखू बैठा के खेत में बकरी शेड निर्माण, रामनरेश के खेत में बकरी शेड निर्माण, मिथलेश जायसवाल के खेत में गाय शेड निर्माण और दशरथ गुप्ता के घर से प्रभु साव के घर तक पीसीसी पथ निर्माण जैसी योजनाओं का निरीक्षण किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जांच में सभी योजनाएं धरातल पर क्रियान्वित पाई गई। जांच रिपोर्ट उपायुक्त गढ़वा को सौंपी जाएगी। गौरतलब है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता ने करिवाडीह पंचायत में विभिन्न मनरेगा योजनाओं में अनियमितताओं की शिकायत की थी। उन्होंने योजनाओं में लीपापोती करने का आरोप लगाया था, जिसके बाद यह जांच की गई।

## न्यूज बॉक्स

### विधायक ने उपायुक्त से अलाव व्यवस्था की मांग की

**केतार।** भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव ने गुरुवार को उपायुक्त गढ़वा को पत्र प्रेषित कर बढ़ती ठंड के मध्येनजर सभी विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों के सार्वजनिक जगहों पर अलाव की व्यवस्था करने और गरीब असहाय, मजदूरों के बीच कंबल वितरण करने का आग्रह किया है।

### कांगेसी नेता ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**भवनाथपुर।** समाजसेवी सह कांग्रेस नेता श्यामसुंदर महतो ने प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम को ज्ञापन सौंप कर प्रखंड खाद बीज दुकानदारों द्वारा किसानों से मनमानी तरीके से खाद बीज में अधिक पैसा लेने को लेकर जांच करने का मांग की है। बीडीओ को सौंपे आवेदन में उल्लेख किया है कि प्रखंड में खाद बीज दुकानदारों द्वारा मनमानी दर पर खाद बीज बेचा जा रहा है, जिससे किसानों का शोषण किया जा रहा है।

### हेमंत सरकार चुनावी वादों को पूरा करने में विफल: आजसू

**खरौंधी।** आजसू पार्टी के गढ़वा जिला प्रवक्ता सह पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी ने ने कहा कि सरकार के चुनावी वादों को पूरा करने में पूरी हेमंत सरकार पूरी तरह विफल रही है। वह गुरुवार को अपने आवास पर पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने 'मइयां सम्मान योजना' का उदाहरण देते हुए कहा कि सरकार ने हर माह की 11 तारीख को माता व बहनों के खाते में 2500 भेजने का वादा किया था, लेकिन इस योजना के तहत कोई पैसा नहीं पहुंचा। उन्होंने इस योजना को लेकर केवल जांच और उलझन पैदा करने का आरोप लगाया। हजारीबाग में युवाओं पर हुए लाठीचार्ज की कड़ी निंदा करते हुए उन्होंने सरकार को महिला और युवा विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में रोजगार के अवसरों का अभाव है और नई फैक्ट्रियों की स्थापना नहीं होने के कारण झारखंड के युवा अन्य राज्यों में पलायन को मजबूर हैं। गोरखनाथ चौधरी ने हेमंत सोरेन सरकार से मुफ्त सिलेंडर, रोजगार के अवसर और भवनाथपुर में पावर प्लांट परियोजना जैसे चुनावी वादों को पूरा करने की मांग की।

### कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकाष्ठ का प्रदेश सचिव बनाये जाने पर स्वागत किया



**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र स्थित तरार गांव के कांग्रेसी कार्यकर्ता जफर इकबाल को झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव बनाए जाने पर गढ़वा जिला के कांग्रेसि नेताओं ने गुरुवार को पुष्प गुच्छ दे कर उन्हें सम्मानित किया। सम्मानित करने वालों में कांग्रेस कमेटी के जिला सचिव आसिफ खान,अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला सचिव फिरोज अंसारी, जिला उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी,पीसीसी सदस्य मोबिन अंसारी, महासचिव दिवाकर चौबे, सद्दाम खान, वसीम अकरम अंसारी, इत्यादि लोगों का नाम शामिल है। मौके पर उक्त नेताओं ने कहा कि जफर इकबाल को अल्पसंख्यक विभाग का प्रदेश सचिव की कमान सौंपने से प्रदेश भर में कांग्रेस पार्टी अब और मजबूत होगी।

## चोरी के मामलों का खुलासा, एक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** थाने की पुलिस ने गत माह थाना क्षेत्र के जंगीपुर बस्ती एवं उसका कला (चौबेडीह) में हुई चोरी के मामलों का खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी में संलिप्त विनोद भुइयां नामक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके उसके पास से 14 मोबाईल, चांदी का दो सेट पायल, कांसा का लोटा व थाली, एसीईआर कंपनी का एक लैपटॉप व चोरी की घटना में इस्तेमाल किया गया बिना नंबर प्लेट का मोडिफाई बाईक भी बरामद किया है। विनोद भुइयां उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के बीजपुर थाना क्षेत्र के सिरसोती टोला महुआबारी का रहने वाला है। विनोद भुइयां श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के कोरया गांव में स्थित अपने ससुराल में रहकर चोरी की घटना को अंजाम दिया करता था। गुरुवार को नगर ऊंटारी थाने में आयोजित पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह ने बताया कि 19 नवंबर को श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के जंगीपुर बस्ती निवासी अनुज चंद्रवंशी व उसका कला (चौबेडीह) निवासी गीता देवी के घर में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। अनुज चंद्रवंशी के घर से चोरों के द्वारा दो मोबाईल, आभूषण व गीता देवी के घर से आभूषण व पैसे की चोरी कर ली गई थी। वरीय अधिकारियों ने दोनों मामलों के उद्भेदन के लिये उनके नेतृत्व में एक टीम गठित की थी। टीम में थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, पुअनि संदीप कुमार रवि, जितेंद्र कुमार, सअनि अनुज कुमार सिंह, संजय पासवान, आरक्षि कौशल कुमार द्विवेदी एवं निकेतन यादव को शामिल किया गया था। छापेमारी के दौरान टीम ने तकनीकी साक्ष्य व गुप्तचर की मदद से गत बुधवार को श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र से विनोद भुईयां को पकड़ा। जिसने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उन्होंने बताया कि विनोद भुईयां की निशानदेही पर चोरी किये गये सामानों की विभिन्न स्थानों से बरामद हुआ है। पूछताछ के दौरान विनोद भुइयां ने पुलिस के समक्ष चौकाने वाला खुलासा किया है। वह श्री बंशीधर नगर बाजार तथा थाना क्षेत्र के अन्य घरों में मोबाइल, पैसा व आभूषण की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। गढ़वा थाना क्षेत्र में भी चोरी की है। बकौल पुलिस इंस्पेक्टर विनोद भुइयां ने पुलिस को बताया है कि वह स्टील के बक्से में चोरी किये गये आभूषण को रखकर डैम में रखा है। जल्द ही पुलिस उसे रिमांड पर लेकर मामले की जांच करेगी। उन्होंने बताया कि विनोद भुईयां का यूपी में आपराधिक इतिहास रहा है। मेडिकल जांच के बाद विनोद भुईयां को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। प्रेसवार्ता में पुलिस इंस्पेक्टर के साथ थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, सअनि संजय पासवान आदि मौजूद थे।

## जीर्णोद्धार के डेढ़ वर्ष बाद ही टूट गया नहर

### आक्रोश में ग्रामीण सड़क जाम कर धरना पर बैठे



**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़गड़।** प्रखंड अंतर्गत बिरहा मध्यम सिंचाई योजना का जिर्णोद्धार कार्य के पूर्ण हुए करीब डेढ़ वर्ष के बाद नहर टूटने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। विभाग व संवेदक पर गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए सैकड़ों लोग गुरुवार को धरना पर बैठ गए। ग्रामीण जिर्णोद्धार कार्य में बरती गई अनियमितता की जांच तत्काल नहर की मरम्मती की मांग पर ग्रामीण अड़ गए। मामला गुरुवार की सुबह का है। सड़क जाम की सूचना पर लघु सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता डेविड तिर्की एवं कनिय अभियंता राजेन्द्र कुमार धरना स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों से मिल टूटे हुए नहर का भौतिक निरिक्षण किया तथा इसके शीघ्र मरम्मत कराए जाने के अश्वासन के बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया। बता दें कि प्रखंड मुख्यालय के महुआटिकर टोला के सैकड़ों ग्रामीण नहर में पानी नहीं आने से परेशान होकर सामूहिक रूप से इसका पता लगाने नहर की जांच करने गए तो पाया कि महुआ टिकर स्थित मुख्य पथ से लगभग 200 मीटर पूर्व दिशा की ओर नहर टूट कर धंस चुका है। नहर का पूरा पानी बह कर बेकार जा रहा है। लगभग डेढ़ वर्ष में ही नहर के टूट जाने से ग्रामीणों में विभाग एवं संवेदक के प्रति आक्रोश का माहौल बन गया। ग्रामीण नाराज होकर बड़गड़-भंडरिया मुख्य पथ पर महुआटिकर गांव के पास सड़क जाम कर धरने पर बैठ गए। ग्रामीण घंटो तक सड़क जाम कर संबंधित विभाग के पदाधिकारी को अपनी मांगों से अवगत कराने के लिए धरना स्थल पर डटे रहे। इस कारण लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। महुआटिकर के ग्रामीण सहित उनके मांग को जायज ठहराते हुए स्थानीय समाज सेवियों व विभिन्न राजनीतिक दल के लोगों ने भी उनका समर्थन कर धरना स्थल पर बैठ गए। ग्रामीण जिर्णोद्धार कार्य में बरती गई अनियमितता की जांच कराने तथा टूटे हुए नहर को तत्काल बनाकर उनके खेतों तक पानी पहुंचाने की मांग कर रहे थे। बता दें कि प्रखंड मुख्यालय से सटे कुम्हीकोना टोला स्थित बिरहा डैम जो मुख्यालय के महुआ टीकर एवं कुम्हीकोना के किसानों के लिए सिंचाई का सबसे महत्वपूर्ण साधन है। इस डैम के पानी से दोनों टोले के सैकड़ों लोग अपनी खेतों की सिंचाई कर फसल उगाते हैं। विभाग द्वारा डेढ़ वर्ष पूर्व बिरहा माध्यम सिंचाई योजना के अंतर्गत इसका जिर्णोद्धार कार्य लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से कराया गया था। इस बीच नहर के टूट जाने पर जिर्णोद्धार कार्य के तहत किए गए कार्यों की गुणवत्ता की पोल खुल गई है। संवेदक द्वारा बड़े पैमाने पर योजना में अनियमितता बरते जाने का अनुमान है। नहर के कई जगहों से पानी का रिसाव हो रहा है और अगर तत्काल इसकी मरम्मत नहीं कराई गई तो अन्य जगहों पर भी नहर के टूटने का अनुमान है। संवेदक द्वारा कार्य के दौरान कच्चे नहर में भी सही तरीके से मिट्टी की भरावट नहीं की गई है।

### मरम्मत नहीं हुई तो दिक्कत होगी किसानों को

धरना पर बैठे ग्रामीणों ने कहा कि बिरहा डैम के पानी पर आश्रित हम सभी किसानों ने सैकड़ो एकड़ में अपनी जमीन पर मक्का, सरसों, राई, आलू सहित अन्य फसले लगाई है। अगर दो-चार दिनों तक हमारे खेतों तक पानी नहीं पहुंचा तो सभी फसले बर्बाद हो जाएंगे, जिससे हम गरीब किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। बिरहा मध्यम सिंचाई योजना के जिर्णोद्धार कार्य में बरती गई अनियमितता के कारण नहर टूटने से नाराज धरना प्रदर्शन में ग्रामीण जलील अंसारी, बिरद लकड़ा, सोनू पासवान, शिवनाथ मिंज, राजू बाड़ा, कुंवरसाय किस्पोट्टा, बदलू मिंज, अलविस खलखो, रामबरन कुजूर, सुंदर लकड़ा, हरिहर सिंह, सुरेश लकड़ा, सुनील बाखला सहित उनके विरोध प्रदर्शन को समर्थन देने पहुंचे जेएमएम जिला प्रवक्ता संदीप गुप्ता, जिप सदस्य के प्रतिनिधि सह बिस सूत्री उपाध्यक्ष राधेश्याम जयसवाल, समाजिक कार्यकर्ता अरुण प्रसाद आदि शामिल थे।

## सकारात्मक पहल

### गढ़वा जिले की सिंचाई परियोजना में देरी पर सांसद ने सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया

# सांसद ने लोकसभा में सोन-कनहर परियोजना के अधूरे कार्य का मुद्दा उठाया




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आज पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत गढ़वा जिले में सोन-कनहर पाइपलाइन सिंचाई परियोजना के अधूरे कार्य को पूर्ण कराने का मुद्दा उठाया। सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार ने 2017 में 1,276 करोड़ रुपये की लागत से गढ़वा जिले की 22 हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचित करने के लिए इस परियोजना को मंजूरी दी थी। हालांकि, राज्य सरकार की उदासीनता के कारण परियोजना का काम 2019 में एलएनटी कंपनी के माध्यम से शुरू हुआ और इसे मार्च 2022 तक पूरा किया जाना था। समय पर कार्य पूरा न होने के कारण कंपनी को समय सीमा बढ़ाकर 30 जून 2024 तक दी गई थी। लेकिन अब तक काम पूरा नहीं हो सका है, जिससे जनता इस सिंचाई परियोजना का लाभ उठाने से वंचित है। यह परियोजना गढ़वा जिले के 20 में से 18 प्रखंडों में सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने में सहायक होगी। सांसद ने परियोजना के लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा कराने पर जोर दिया। सांसद ने जल शक्ति मंत्रालय से अपील की कि इस परियोजना को अविलंब पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। यह जानकारी संसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

## सतचंडी महायज्ञ को लेकर धन संग्रह कमेटी की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** मां चतुभुर्जी मंदिर परिसर केतार में गुरुवार को श्री सतचंडी महायज्ञ सह सामूहिक विवाह कार्यक्रम का सफल आयोजन व धन संग्रह के लिए विशेष बैठक की गई। बैठक में श्री सतचंडी महायज्ञ सह सामूहिक विवाह के कमेटी के सदस्यों ने भाग लिया। सामूहिक विवाह कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि यज्ञ के दौरान उत्तर प्रदेश वृंदावन की मशहूर कथावाचक देवी प्रतिभा अपने टीम के साथ श्रद्धालुओं के बीच नौ दिन कथा प्रस्तुत करेंगी। रात्रि में वृंदावन सेआये कलाकारों द्वारा रासलीला कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। बैठक के दौरान धन संग्रह के लिए दोनों कमेटी जिला मुख्यालय और प्रखंडों में भ्रमण कर धन संग्रह कार्य करने में तेजी लाने की बात कही गई। सामूहिक विवाह के लिए तीन आवेदन विवाह कमेटी को प्राप्त हुआ है। बता दें कि 13 फरवरी 2025 से 21 फरवरी तक सतचंडी महायज्ञ का आयोजन होना है। 20 फरवरी को सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। विवाह कमेटी द्वारा सामूहिक शादी कराने के लिए गरीब, असहाय, दिव्यांग वर-वधू से आवेदन मांगा गया है। मौके पर प्रमोद कुमार,राजीव रंजन तिवारी, रामविचार साहू, हेमंत पाठक,प्रमोद शुक्ल, विनोद प्रसाद, कुंडल सिंह, कन्हाई प्रसाद, ईश्वरी बैद,ललू पाल, अंकित कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## एक नजर

### 15 बिरहोर परिवार के बीच कंबल बांटा

**बारियातू।** प्रखंड के फूलसु पंचायत अंतर्गत मुक्की बिरहोर क्लोनी मे निवास करने वाले बिरहोर परिवार के बीच समाज सेवी लाल आशीष नाथ शाहदेव व रविदास महासभा प्रखंड सचिव सुनील कुमार ने कंबल वितरण किया। कंबल वितरण के संबंध में जानकारी देते हुए लाल आशीष ने बताया कि बढ़ते ठंड को देखते हुए उप प्रमुख निशा शाहदेव ने प्रखंड कार्यालय से कंबल मुहैया करवाया था। जिसे गरीब असहाय आदिम जनजाति 15 बिरहोर परिवार को बढ़ते ठंड से बचने के लिए कंबल दिया गया। कंबल मिलने से बिरहोर परिवार काफी खुश थे। कंबल पाकर बिरहोर परिवार ने उप प्रमुख व प्रखंड प्रशासन को धन्यवाद दिया।

### पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**चंदवा।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर क्षेत्र में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं समेत सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस इंस्पेक्टर रंधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को भी वाहन चालकों के बीच सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान जांच के क्रम में सैकड़ों वाहन चालकों से हेलमेट व ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की गई। जांच के दौरान कई वाहन चालक बिना हेलमेट व कागजात के पकड़े भी गए। जिनसे जुमार्ना भी वसूला गया। बीते कुछ दिनों से थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस इंस्पेक्टर रंधीर कुमार सिंह ने वाहन चालकों से वाहन चलाते समय हेलमेट व जरूरी कागजात साथ लेकर चलने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नियम का उल्लंघन करने वालों को किसी कीमत पर बक्सा नहीं जायेगा।

### प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना : निर्माण कार्य 3 वर्षों में भी नहीं हो सका पूरा

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत अक्सी पंचायत के ग्राम बंदुआ से गोयरा तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामीण कार्य विभाग के संवेदक एके एंड आरके वेंचर्स द्वारा 3 करोड़ 32 लाख की लागत से सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। सड़क निर्माण कार्य लगभग 3 वर्ष पूर्ण हो जाने के बाद भी अधूरा पड़ा हुआ है। ग्राम बंदुवा से गोयरा तक पहली बार सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी उठाना पड़ती थी। वहीं इस सड़क निर्माण से ग्रामीणों में भी गांव के विकास को लेकर एक उम्मीद जगी थी की सरकारी कल्याणकारी योजनाएं गांव तक पहुंच पाएंगी। इसका ग्रामीण आज भी इंतजार कर रहे हैं। सड़क निर्माण में कई ग्रामीणों की खेती योग्य भूमि भी सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई। इसकी शुरूआत में ही ग्रामीणों ने विरोध करते हुए निर्माण कार्य रोक दिया था। मुआवजा के संबंध में बिना कोई निर्णय लिए दुबारा काम शुरू कर दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक द्वारा मनमाने तरीके से घटिया निर्माण कार्य किया जा रहा है।

# ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के समीप बुधवार की देर शाम पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के दौरान बाइक सवार एक युवक के पास से 32 ग्राम ब्राउन सुगर बरामद किया है। जानकारी के अनुसार युवक गिद्धौर से ब्रह्मपुर की ओर जा रहा था। रोक कर उसकी तलाशी लेने के क्रम में युवक के पास से 32 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक गिद्धौर के महेंद्र दांगी का पुत्र सुनील कुमार(24)बताया जा रहा है। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि गिरफ्तार युवक के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए गुरुवार को जेल भेज दिया गया। पुलिस पूरे मामले की अनुसंधान शुरू कर दी है। ब्राउन शुगर के धंधे में संलिप्त कई युवाओं का नाम आ रहे हैं। जल्द ही वैसे युवकों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गिरफ्तार सुनील के पास से पुलिस ने मोबाइल व बाइक को भी जब्त कर लिया है। एंटी क्राइम चेकिंग अभियान में पुलिस अवर निरीक्षक सोनी खलखो के साथ थाना के कई जवान शामिल थे।



### पुलिस ने अवैध अफीम फसल को किया नष्ट



**कुंदा (चतरा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मरगडा पंचायत में अफीम की खेती रोकथाम को लेकर अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कुन्दा पुलिस व वन विभाग ने संयुक्त रूप से कई एकड़ में लगे अफीम फसल को नष्ट किया। कुन्दा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने लोगों से अपील की है कि जो भी लोग अफीम खेती में शामिल हैं वह शीघ्र ही अफीम फसल को नष्ट कर दें,अन्यथा एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अवैध अफीम खेती को रोकना और क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बनाए रखना है।

### छात्रों के बीच 364 साइकिल का वितरण किया गया

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को शिविर आयोजित कर छात्र छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 के आठवीं कक्षा में अध्यनरत 364 छात्र छात्राओं के बीच किया गया साइकिल का वितरण। साइकिल का वितरण प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, अंचल अधिकारी अनंत शयनम विश्वकर्मा व प्रखंड प्रभारी कल्याण पदाधिकारी चितरंजन शर्मा द्वारा किया गया। बताया गया कि प्रखंड के मध्य विद्यालय गिद्धौर,बरटा, कन्या मध्य विद्यालय, पहरा, बारियातु, गांगपुर, इंदरवा, पेक्सा, रुपिन, नयाखाप, पिंडारकोण सहित 15 विद्यालय के आठवीं कक्षा में अध्यनरत 364 बच्चों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वर पांडेय, बबीता कुमारी, स्नेहलता, अर्जुन टोप्पो, रामलखन राम, दीपक कुमार, यदुनंदन पांडेय, सत्यदेव उपाध्याय सहित थे।

## न्यूज बॉक्स

### सोशल ऑडिट की जिला स्तरीय सुनवाई कल

**लातेहार।** उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला स्तरीय सोशल ऑडिट की सुनवाई की जाएगी। उक्त जानकारी जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू ने दी। उन्होंने बताया कि इस सुनवाई में 62 विद्यालयों के मामला कमेटी के पास रखा जाएगा। इस पर कमेटी सुनवाई करेगी और मामले का निष्पादन किया जाएगा।

### पिपरवार सीनियर ने सात विकेट से जीता मैच

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे लीग मैच में गुरुवार को बीसीए सीनियर बनाम पिपरवार सीनियर के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बीसीए सीनियर ने 15.4 ओवर में सभी विकेट खोकर मात्र 80 रन ही बनाया। पिपरवार सीनियर के तरफ से गेंदबाजी करते हुए रोहित कुमार छह ओवर में 25 रन देकर पांच विकेट व अमन कुमार तीन विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी पिपरवार सीनियर ने 10 ओवर में तीन विकेट खोकर जीत के लक्ष्य 81 रन बनाकर हासिल कर लिया। इस प्रकार पिपरवार सीनियर ने बीसीए सीनियर को सात विकेट से हरा दिया। पिपरवार सीनियर के तरफ से बल्लेबाजी करते हुए विकास कुमार नाबाद 29 बॉल में 42 रन व रौशन ने 22 रनों की पारी खेला।बेहतर प्रदर्शन के लिए रोहित कुमार को मैन ऑफ द मैच दिया गया। मौके पर एसोसियेशन के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सरोज सिन्हा, सदस्य मिथिलेश कुमार राय, जिला क्रिकेट लीग अध्यक्ष प्रेम कुमार राणा, चंदन कुमार, सुमित कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### किसानों को मिलने वाली केसीसी सहित अन्य ऋण पर चर्चा

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को बैंकर्स समिति की बैठक हुई।बैठक में मुख्य रूप से एलडीएम रविंद्र कुमार सिंह मौजूद थे। बैठक में बैंकों द्वारा किसानों को मिलने वाली केसीसी सहित अन्य ऋण पर विस्तार से चर्चा की गई। केंद्र सरकार द्वारा संचालित जन सुरक्षा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। वंचित परिवारों को अधिक से अधिक बैंक से लाभ दिलाने की जानकारी दिया गया। बताया गया कि जन सुरक्षा कैंपेन के दौरान वैसे गांव जहां के लोग आज भी पिछड़े हैं व बैंक से लाभान्वित नहीं हो पा रहे है वहा शिविर आयोजित का वैसे ग्रामीणों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। जबकि बैंक द्वारा लाभुको को मिलने वाली सुविधा की भी जानकारी दिया गया। प्रखंड मुख्यालय में बैंक आफ इंडिया का एटीएम खोलने का प्रस्ताव लिया गया। साथ ही साथ लाभुकों को बैंक से किसी प्रकार की समस्या होने पर इसकी शिकायत दर्ज करवाने की अपील किया गया। बैठक में बैंक व प्रखंड प्रशासन को समन्वय स्थापित करते हुए सरकारी कार्य का निष्पादित करने का आह्वान किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, अंचल अधिकारी अनंत शयनम विश्वकर्मा, बैंक ऑफ इंडिया के द्वितीय शाखा प्रबंधक अभिनव कुमार,जेएसएलपीएस के सदस्य सहित कई अन्य उपस्थित थे।

### प्रखंड में हर बुधवार-शुक्रवार लगेगा जन शिकायत निवारण शिविर

**गारू (लातेहार)।** गारू प्रखंड के ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को जन शिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों को एक ही स्थान पर उनकी समस्याओं का समाधान कराना है। अंचल अधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि शिविर के दौरान मोटेशन, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जमीन से संबंधित सभी मामलों का निपटारा किया जाएगा। इसके अलावा, प्रखंड, अंचल और बाल विकास कार्यालय से जुड़ी तत्कालिक समस्याओं का भी समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से ग्रामीणों को अलग-अलग विभागों के चक्कर काटने की जरूरत नहीं होगी और उनकी शिकायतों का निष्पादन मौके पर ही किया जाएगा। शिविर में अधिकारियों की एक विशेष टीम तैनात की जाएगी,जो आवेदनकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर तुरंत समाधान सुनिश्चित करेगी। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे समय की बचत होगी और समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो सकेगा। कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तर पर भी जागरूकता अभियान चलाया जाएगी, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग जन समस्या शिविर का लाभ उठा सकेंगे।

### दूसरी किश्त नहीं मिलने से अधूरा पड़ा अबुवा आवास निर्माण

**गारू (लातेहार)।** अबुआ आवास योजना के तहत दूसरी किश्त की राशि नहीं मिलने से लाभुकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गारू प्रखंड के बारेसाढ़ गांव की अंचला देवी ने प्रखंड कार्यालय पहुंचकर आवास की दूसरी किश्त की मांग की। उन्होंने अपनी समस्या अंचलाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा के समक्ष रखते हुए बताया कि पहली किश्त की राशि से उन्होंने अपने आवास का प्लींथ तक निर्माण कर लिया है। हालांकि दूसरी किश्त का भुगतान न होने से निर्माण कार्य रुक गया है। अंचला देवी ने जल्द दूसरी किश्त की राशि जारी करने की मांग की। सीओ ने उनकी समस्या को ध्यान से सुना और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। झारखंड सरकार की अबुआ आवास योजना का उद्देश्य गरीब परिवारों को पक्का घर उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत लाभुकों को घर निर्माण के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है, लेकिन दूसरी किश्तों के भुगतान में हो रही देरी के कारण निर्माण कार्य अधूरे रह रहे हैं। पैसे की कमी के चलते लाभुकों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और समय पर आवास का निर्माण पूरा नहीं हो पा रहा है। ऐसे में लाभुकों ने सरकार से मांग की है कि भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि वह अपने आवास का निर्माण पूरा कर सकें। मुखिया संघ लातेहार जिला अध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह ने कहा कि अगर सरकार 15 दिनों के अंदर अबुआ आवास योजना के बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## आठवीं के छात्र-छात्राओं के बीच किया निःशुल्क साइकिल का वितरण

**प्रतापपुर (चतरा)।** उन्नति का पहिया झारखंड साइकिल वितरण योजना के तहत कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध साइकिल का कक्षा 8वीं में पढ़ने वाले छात्र एवं छात्राओं के बीच निःशुल्क किया गया। गुरुवार को प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू हाई स्कूल परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिषेक पांडेय के उपस्थित में लगभग 300 साइकिल का वितरण विभिन्न विद्यालयों में आठवीं क्लास में अध्ययनरत बच्चों के बीच किया गया। इस दौरान उत्क्रमित उच्च विद्यालय जोगियारा, उमवि मैराग, उमवि नवरतनपुर, उमवि गुटूरी, उमवि जोगीडीह, उमवि हुमाजांग, उमवि बामी, उमवि डूमरवार के शिक्षक प्लस टू हाई स्कूल प्रतापपुर परिसर से साइकिल को प्राप्त कर ट्रैक्टर से अपने विद्यालय ले गए। जहां आठवीं के बच्चों के बीच वितरण किया जाएगा। इस संदर्भ में बीपीओ अजय कुमार दास ने बताया कि आठवीं क्लास में पढ़ने वाले बच्चे व बच्चियों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 की साइकिल 72 मध्य विद्यालय को दिया जाना है। जिसमें 55 को दिया गया था। शेष विद्यालय को साइकिल आचार संहिता के किारण नहीं दिया गया था। अब आचार संहिता खत्म हो चुका है तो फिर से शेष विद्यालय को साइकिल वितरण हेतु दिया जा रहा है। वहीं हाई स्कूल साइकिल लेने पहुंचे बच्चों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा की दूर दराज के बच्चों को विद्यालय तक जाने में काफी असुविधा होती थी, कक्षाएं छूट जाती थी। आने-जाने की दिक्कत के कारण कई बच्चे पढ़ाई छोड़ देते थे। लेकिन अब उन्हें साइकिल की सुविधा उपलब्ध हो गई है तो निश्चित रूप से बच्चे प्रतिदिन विद्यालय आएंगे और अपनी पढ़ाई पूरी करेंगे।

## आक्रोश में फुटपाथी दुकानदार, आदेश के खिलाफ बैठे धरने पर

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो ने नगर पंचायत क्षेत्र के सड़क किनारे दुकान लगाकर परिवार का जीवन यापन चलाने वाले लोगों को 24 घंटे के अंदर दुकान हटाने का निर्देश दिया है। इससे फुटपाथ दुकानदारों में आक्रोश है। गुरुवार को अनुमंडल कार्यालय के पास धरना देकर इसका विरोध जताया। दुकानदार किरण चंद्रवंशी, महेश प्रसाद, दिनेश प्रसाद ने बताया कि सीओ द्वारा नोटिस देकर हम लोगों को 24 घंटे में दुकान हटाने का निर्देश दिया है। दुकान हट जाने से हम लोगों का रोजगार छीन जाएगा। घर परिवार के लोग सड़क पर आ जायेंगे। दुकानदारों ने बताया कि विभाग द्वारा फुटपाथ दुकान हटाने का मुख्य कारण सड़क दुर्घटना बताया गया है। हम लोग सड़क से काफी दूर रह कर अपना दुकान चलाते हैं। दुकानदारों ने आगे बताया कि एक तरफ सरकार फुटपाथ विक्रेता को नगर पंचायत द्वारा पहचान पत्र और ऋण दिया जा रहा है। ताकि वह अच्छी व्यवसाय कर सकें, लेकिन दूसरी तरफ जिला प्रशासन द्वारा हर दो चार माह में हटाने का कार्य करने का आदेश दे दिया जाता है, जो कहीं से उचित नहीं है। दुकानदारों ने कहा है कि हम लोग फुटपाथ में दुकान लगाकर अपने परिवार का जिवीकोपार्जन कर रहे हैं और ऐसे में अचानक दुकान हट जाने से हम लोग के परिवार चलाने में संकट आ जाएगी। दुकानदारों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पहले हम लोगों के रोज-रोटी की व्यवस्था करें, तब दुकान हटाए। दुकानदारों ने दुकान नहीं हटाने को लेकर उपायुक्त, एसडीओ, नगर पंचायत, सीओ को आवेदन दिया है। विरोध करने वाले में मुकेश कुमार, करण कुमार, पवन कुमार, फिरोज कुमार, विनय ठाकुर, सीमा देवी, सुरजु विधवा, विष्णु साहू, चंदन गुप्ता, संजय प्रसाद, अंकित कुमार, संतोष पासवान समेत कई लोग मौजूद थे।



## सीनियर जिला क्रिकेट लीग : आरएससीसी ने रॉयल सीसी को 9 विकेट से हराया

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** सीनियर जिला क्रिकेट लीग का दूसरा मैच आरएससीसी तथा रॉयल सीसी के बीच खेला गया। रॉयल सीसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 59 रन पर पूरी टीम ढेर हो गयी। पवन कुमार ने 28 रन का योदान दिया। आरएससीसी की ओर से प्रियांशु सिंह 4 व राजीव कुजूर ने 3-3 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी आरएससीसी ने 5वें ओवर में ही एक विकेट खोकर 60 रन बनाकर मैच जीत लिया। प्रियांशु सिंह नाबाद 41 रन का योगदान दिया। रॉयल सीसी की ओर से अमरेंद्र कुमार यादव ने 1 विकेट चटकाया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आरएससीसी के प्रियांशु सिंह को संघ के उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने दिया। मैच के एंपायर श्रवण महली व धीरेन्द्र सिंह सुरवार थे। स्कोरिंग प्रवीण उरांव ने किया। एक अन्य मैच में शेरशाह 11 व यूथ क्लब के बीच खेला गया। शेरशाह 11 ने यूथ क्लब को 10 विकेट से हराकर मैच जीत लिया। जहां यूथ क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 49 रन पर ही पूरी टीम आउट हो गयी। राकेश कुमार ने सर्वाधिक 11 रन का योगदान दिया। शेरशाह की ओर से धीरेन्द्र सिंह सुरवार व गौरव पाल ने तीन-तीन विकेट चटकाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शेरशाह ने बिना विकेट गवायां। 5 वें ओवर में ही 52 रन बना कर मैच को जीत लिया। धीरेन्द्र सिंह 26, प्रियांशु चौबे ने 23 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार धीरेन्द्र सिंह सुरवार को संघ के संयुक्त सचिव प्रकाश कुमार ने दिया। मैच में अंपायर श्रवण महली, समरेश बादल तथा स्कोरिंग आनंद सिंह ने किया। मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद, नीरज कुमार सिंह, अश्विनी सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## नेतरहाट में ग्रामीणों के साथ एसडीएम ने की बैठक, सुनी समस्याएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत नेतरहाट में एसडीएम विपिन कुमार दुबे ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनी। कुछ समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उनके निदान के लिए स्थानीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया तो कुछ समस्याओं पर जल्द ही संबंधित विभागों से बात कर निदान करने की बात कही। इस दौरान एसडीएम विपिन कुमार दुबे ग्रामीणों के साथ एक ही दरी पर जमीन पर बैठकर लोगों से बातचीत की, जिससे ग्रामीण भी खुलकर अपनी समस्या पदाधिकारी के समक्ष रख सकें। इस दौरान ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क निर्माण में हो रही देरी, अस्पताल में डॉक्टर की अनुपस्थिति, सूर्योदय पॉइंट पर जाम की समस्या समेत भूमि संबंधित विवाद की समस्या पदाधिकारी के समक्ष रखी। ग्रामीणों ने बताया की सुबह सूर्योदय पॉइंट पर बस आने से जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे निजात दिलाने के लिए त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीएम विपिन कुमार दुबे ने नेतरहाट थाना प्रभारी अभिषेक कुमार को सूर्योदय पॉइंट पर बस की एंट्री पर रोक लगाने का निर्देश दिया। ग्रामीणों ने बताया कि पर्यटक स्थल होने की वजह से प्रतिदिन नए-नए वाहन यहां आते हैं, जिनके द्वारा किसी भी अप्रिय घटना पर पहचान करना मुश्किल होता है। नेतरहाट एंट्री पर पर्यटकों का रजिस्ट्रेशन हो इस पर एसडीएम में संबंधित विभाग से बात करने की बात कही। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर अनुपस्थित रहते है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जांच करने पर डॉक्टर अनुपस्थित पाए गए। एसडीएम द्वारा स्वास्थ्य विभाग के वरीय पदाधिकारी को इसकी सूचना दी गई। बैठक में थाना प्रभारीअभिषेक कुमार, मुखिया रामविशुन नगेसिया, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अजय प्रसाद, पूर्व मुखिया सुधीर बृजिया, सर्वेश कुमार उर्फ बिट्टू समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## राशनकार्ड में ई केवाईसी कराने को लेकर शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** उपायुक्त के निर्देश पर खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से गुरुवार को कामता पंचायत सचिवालय परिसर में राशन कार्डधारियों का कार्ड में अंकित सभी सदस्यों की ई केवाईसी (अंगुठा फिंगर) को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राशनकार्ड में अंकित सभी सदस्यों ने अपना अंगुठा का फिंगर लगाकर ई केवाईसी कराया। जिनका राशनकार्ड नहीं बना था और नाम नहीं जुड़ा था वह इसके लिए ऑनलाइन कराया।

सर्वर डाउन रहने के कारण एक बजे तक एक भी अंगुठा फिंगर नहीं लग पाया था। इसके बाद अंगुठा फिंगर काफी धीमी गति से लगना शुरू हुआ जो शाम चार बजे तक अंगुठा का फिगर ई-केवाईसी हुआ बड़ी मुश्किल से करीब एक सौ लोगों का अंगुठा फिंगर लग पाया। शिविर में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार, पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, मुखिया नरेश भगत,डीलर शाहीद खान,चदवा लैंपस विनोद कुमार,सिद्धेश्वर गंझू,खुशबू देवी, सुनील राम, प्रज्ञा केंद्र संचालक सौदागर खान, गंदरू उरांव, ग्राम प्रधान पचु गंझू,सुले उरांव,वार्ड सदस्य अफसाना बीवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं मौजूद थी। पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने कहा कि सर्वर को दुरुस्त करने की जरूरत है, ताकि राशनकार्ड धारक परेशानी से बच सकें। शिविर में भीड़भाड़ रहने और सर्वर डाउन धीमी गति से काम करने के कारण दिन भर शिविर में रहने के बाद भी राशनकार्ड धारक अंगुठा का फिंगर नहीं लगा पा रहे हैं और शिविर से निराश होकर लौट जा रहे हैं।

### योजनाओं को समय पर पूरा नहीं करने वाले बीडीओ, कोऑडिनेटर, बीपीओ पर कार्रवाई करने का निर्देश

# एक सप्ताह में योजनाओं को पूरा करें : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में डीआरडीए से संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत लंबित योजनाओं को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त कार्यालय में आयोजित बैठक में मनरेगा, अबुआ आवास, पीएम आवास, समेत अन्य संचालित योजनाओं की क्रमवार समीक्षा की गई व वर्तमान प्रगति की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। अबुआ आवास योजना, मनरेगा से संचालित योजनाओं की गति को देख कर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। एक सप्ताह के अंदर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए लंबित कार्यो को गुणवतापूर्ण तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही समय से योजना पूर्ण नहीं होने पर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड कोऑर्डिनेटर, बीपीओ पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने समस्त विकास कार्यों को निर्धारित समय के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने लंबित कार्यों को शीघ्र अति शीघ्र प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में मनरेगा अंतर्गत संचालित योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी आंगनबाड़ी एवं अन्य योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु उप विकास आयुक्त के साथ विस्तार पूर्वक चर्चा कर समयावधि में योजना को पूर्ण करने के लिए सभी पदाधिकारीयों, कर्मचारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते कर योजनाबद्ध तरीके से काम करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, संबंधित पदाधिकारी, बीपीओ उपस्थित थे।




**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Road Construction Department, Road Division, Daltonganj.**

e-Procurement Notice

e-Tender Ref No.-11/RCD/Daltonganj/2024-25/ 1151

Dated:-11.12.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | IRQP Work of Chiyanki-Rajwadih ByPass (Total Length - 6.00 Km.) Road for the year 2024-25. |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 4,81,09,700.00 (Rupees Four Crore Eighty One Lacs Nine Thousand Seven Hundred) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 4,81,100.00 (Rupees Four Lacs Eighty One Thousand One Hundred) Only. |
| 4. | Time of Completion | 04 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 24.12.2024, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 15.01.2025, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 17.01.2025, 12.30 PM |
| 8. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 9. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj. 06562-225019 |
| 10. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 11. | Helpline number of e Procurement cell | 0651-2401010 |

Note : Estimated amount may vary.

For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

Executive Engineer
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj

PR.NO.341846 Road(24-25):D

## सेन्हा : किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सेन्हा-लोहरदगा।** बंसरी ग्राम में 14 वर्षीय किशोरी ने अपने ही घर में मफलर से फांसी का फंदा बना आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना मिलने पर सेन्हा पुलिस मृतक के घर पहुंच शव को कब्जे में ले जांच में जुट गई। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के बंसरी ग्राम निवासी धनवीर पन्ना की 14 वर्षीय पुत्री सविता पन्ना ने अपने ही घर में गुरुवार को फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली घटना के पश्चात परिजनों को सूचना मिलते ही परिवार के बीच शोक का लहर दौड़ पड़ा जबकि गांव में मातम छाया हुआ है। घटना को लेकर मृतक किशोरी सविता पन्ना की मां सहजी पन्ना ने बताया कि घटना के पूर्व बीते मंगलवार से गुमसुम रह रही थी। और समस्या पूछने पर कुछ नही कह कर चुप हो जाती थी। जिससे परिवार को मानशिक स्थिति खराब होने का संदेह हुआ और इलाज के लिए पैसे का इंतजाम कर ही रही थी। फिलहाल घटना को लेकर सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार के निर्देश पर एसआई मनोज कुमार दलबल के साथ मृतक के घर पहुंच शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा।

### शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

# विद्यालयों में चलाये जा रहे हेल्थ एण्ड वेलनेस की कक्षाओं पर चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम जिला के विद्यालयों में चलाये जा रहे हेल्थ एण्ड वेलनेस की कक्षाओं पर चर्चा की गई जिसमें बताया गया कि इस संबंध में जिला और प्रखंड स्तर पर अनुश्रवण समितियों का गठन हो चुका है। 234 विद्यालयों में कक्षा 6 से 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए यह कक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। प्रत्येक विद्यालय में इसके लिए एंबेसेडर बनाये गये हैं। समग्र शिक्षा की समीक्षा में जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा सभी सरकारी व निजी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के लिए



जेनरेट की जा रही अपार आईडी के बारे बताया गया। साथ ही बताया गया कि इसके रजिस्ट्रेशन के लिए छात्र/छात्रा का आधार संख्या होना आवश्यक है। उपायुक्त द्वारा निदेश दिया गया कि जिन छात्र-छात्राओं का आधार कार्ड अभी तक नहीं बना है उनका आधार कार्ड बनाने की कार्रवाई पूरी की जाए। प्रखंड स्तर पर ही आधार इनरॉलमेंट का कार्य किया जाए। बैठक में शिक्षकों के लिए नये लर्निंग एप, जैक बोर्ड परीक्षा की तैयारी, विद्यालयों में शिशु पंजी सर्वे, पाठ्यपुस्तक व स्कूल बैक का वितरण, साइकिल वितरण, स्वेटर व पोशाक का वितरण, सीएम उत्कृष्ट विद्यालय/कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय/झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में छात्र-छात्राओं के नामांकन की स्थिति, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय/नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय/झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में रिक्तियों की स्थिति, शिक्षा विभाग में जिला व प्रखंड स्तर पर रिक्तियों की स्थिति पर बिंदुवार चर्चा की गई और निर्देश दिये गये।

बैठक में प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना पर भी चर्चा की गई और आवश्यक निदेश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा सोरेंग, सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी, जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आइलीन टोप्पो, जिला शिक्षा अधीक्षक दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

### सीएम से मिला झामुमो जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में लोहरदगा टीम, दी बधाई, कहा

# चलाई जा रही योजनाओं की करें प्रोपर मॉनिटरिंग

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** झामुमो के जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के नेतृत्व में लोहरदगा से एक प्रतिनिधि मंडल गुरुवार को सुबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले और बुके देकर सम्मानित किया। प्रतिनिधि मंडल में झामुमो लोहरदगा जिला कमेटी के सचिव अनिल उरांव युवा ज़िला अध्यक्ष अजय उराव शामिल थे। इस दौरान नेताओं ने लोहरदगा जिले में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर खोलने, सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में लचर स्वास्थ्य एवं शिक्षा में सुधार एवं कृषकों को सिंचाई सहित अन्य संसाधनों की समुचित व्यवस्था कराने की अपील भी कीं। सीएम ने झामुमो के नेताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि निश्चित रूप से उक्त विभागों में जो भी त्रुटियां होगी, उस पर त्वरित कार्रवाई किया जाएगा। साथ उन्होंने कहा कि आप सभी अपने को सीएम समझें और लोहरदगा सहित झारखंड को विकास की ऊंचाईयों पर ले जाने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का प्रोपर मॉनिटरिंग करें। जहां भी आपको कोई भी त्रुटि दिखता हो तो तुरंत संबंधित विभाग के अधिकारियों को से संपर्क किया जाए।


## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

### इच्छा की अभिव्यक्ति

गढ़वा जिला अंतर्गत झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय, केतार में विभिन्न प्रकार के उपस्कर एवं अन्यान्य आवश्यक सामग्रियों के लिए दर निर्धारण हेतु इच्छुक संस्थान/फर्म/एजेंसी से विहित प्रपत्र में सीलबंद इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक संस्थान/फर्म/एजेंसी दिनांक–26.12.2024 की अपराह्न 05:00 बजे तक विहित प्रपत्र में इच्छा की अभिव्यक्ति झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय गढ़वा, "विकास भवन–बी0 समाहरणालय परिसर (पुराना भवन), प्रथम तल, पिन कोड– 822114" में समर्पित कर सकते हैं। इससे संबंधित विस्तृत निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा।

PR.NO.341834 Human Resource Developement(24-25):D


# राष्ट्रीय लोक अदालत कल, इंश्योरेंस के अधिवक्ताओं के साथ हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देशानुसार वर्ष 2024 के आखिरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 दिसंबर 2024 को सिविल कोर्ट परिसर लोहरदगा में किया जाना है। इसको लेकर आज इंश्योरेंस के अधिवक्ताओं के साथ पी डी जे सह डालसा अध्यक्ष राजकमल मिश्रा ने बैठक की। जिसमें डालसा सचिव राजेश कुमार भी उपस्थित रहे। पीडीजे ने क्लेमेंट की अधिवक्ता के साथ-साथ इंश्योरेंस के अधिवक्ताओं से आग्रह किया कि पुराने लंबित बीमा के वादों को जल्द से जल्द निपटाने का प्रयास करें, साथ ही साथ राष्ट्रीय लोक अदालत में जिन वादों में सुलह हो गया है उसका लाभ पीड़ित पक्ष को देना सुनिश्चित करें। बैठक में अन्य लोगों के अलावा अधिवक्ता प्रमोद कुमार पुजारी, सीपी पाठक, राकेश अखौरी, जेपीएन सिन्हा, लाल ब्रज मोहन नाथ शहदेव आदि मौजूद रहे।



## राष्ट्रीय लोक अदालत कल, विभिन्न मामलों का होगा निपटारा

**लोहरदगा।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निदेशानुसार व्यवहार न्यायालय (कचहरी), लोहरदगा के प्रांगण में 14 दिसंबर को पूर्वाह्न 11:00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जायेगा। जिसमे सुलह योग्य आपराधिक वाद, एनआई एक्ट. 4/2 138 से संबंधित वाद (चेक अनादर के केस), मोटर-दुर्घटना क्षतिपूर्ति वाद, पारिवारिक/वैवाहिक वाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण संबंधित विवाद, सिविल वाद, किराया आदि से संबंधित वाद, बैंक रिकवरी से संबंधित वाद, राजस्व वाद, मनरेगा, बिजली बिल और पानी बिल से संबंधित वाद, सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, विविध अपील आदि से संबंधित वाद, नीलाम वाद,दाखिल खारिज मामले समेत अन्य मामले जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझाया जा सकता है। इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 11:00 बजे से 04:30 बजे तक लोहरदगा व्यवहार न्यायालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के कार्यालय में आकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा (मोबाइल नंबर 9431318932) से संपर्क किया जा सकता है। उक्त जानकारी डालसा सचिव, लोहरदगा राजेश कुमार द्वारा दी गयी।

# एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय यूथ मोबिलाइजेशन शिविर का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को जेएसएलपीएस संस्था के तत्वावधान में एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय यूथ मोबिलाइजेशन शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सीओ दुर्गा कुमार, जेएसएलपीएस के डीएम विपिन चंद्रा व बीपीएम अभिलाषा कुमारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया गया। कार्यक्रम सीओ दुर्गा कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा ड्रॉप आउट युवा वर्ग को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना के तहत कई तरह के प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जा रहा है। इसके तहत हमारे क्षेत्र की भी युवा पीढ़ी इसके माध्यम से ऑटोमोबाइल, भवन निर्माण, एसईसीएल टेक्नीशियन, नर्सिंग, सिलाई जैसे कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करके खुद को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ इसके माध्यम से बेहतर रोजगार भी देश के विभिन्न हिस्सों में जा रहे हैं। डीएम विपिन चंद्रा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा हमारे युवा पीढ़ी को रोजगार के विभिन्न माध्यमों से जोड़ने को लेकर प्रशिक्षण देने का कार्य किया जा रहा है, जो अपने आप में बेरोजगारी को दूर करने का एक बेहतर जरिया साबित हो रहा है। हमारी युवा पीढ़ी भी इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लें, ताकि वह खुद को बेहतर साबित कर सकें। शिविर में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे युवाओं को विभिन्न ट्रेड के माध्यम से प्रशिक्षण देने के लिए चयन किया गया।


## GOVT.OF. JHARKHAND
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Medininagar

**Very Short e-Quotation No. 1/2024-25**

Rates through e-quotations are invited for "Material" category annexed as Remaining Electrical & Mechanical work of Pandu Rural Water Supply Scheme in Block Pandu. for the year of 2024-25. from reputed Manufacturers / Authorized Dealers having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under D.W.&. S. Mech. Div. Medininagar, Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plants replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders .gov.in .

Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 13.12.2024 at 3.30 hrs. to 20.12.2024 at 2.20 hrs. The quotation will be opened on 21.12.2024 at 3.30 Hours

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Medininagar.

Executive Engineer,
D.W. & S. Mechanical Division,
Medininagar (Palamau)

PR 341798 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D


# जेट्रोफा के दाने खाने से दर्जन भर स्कूली बच्चे बीमार



*उल्टी करने पर शिक्षक को हुआ मालूम, इलाज के लिए भेजा अस्पताल*

नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा के प्रांगण में एक साथ दर्जनों बच्चे उल्टी करने लगे जिस पर प्रधानाचार्य अभिषेक गौरव ने बच्चों से उल्टी करने का पूछा तो चौथी क्लास का एक बच्ची ने बताया कि एक फल का दाना को कुच कर खाये तो बादाम का दाना जैसे लगता है। जिसे देखा देखी में 8 से 12 बच्चे बच्चियां भी वही दाना को खा गये। जिसे थोड़ी देर में ही सभी लोग उल्टी करने लगे वही कोई बोल रहा था। कि अरंडी के दाना है तो किसी ने बताया जेट्रोफा का दाना है। जिसके उपरान्त शिक्षक सुमन ने सभी को इलाज के लिये सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा पहुंचा। प्राथमिक उपचार के बाद 8 बच्चे बच्चियों को 108 एम्बुलेंस के माध्यम से बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया गया।जहाँ शिक्षक सुमन की उपस्थिति में सभी बच्चे बच्चियों का इलाज चल रहा है। प्रधानाध्यापक अभिषेक गौरव ने कहा कि अलीमा कुमारी, असूं कुमार, सत्यम कुमार,निलेश उरांव, रामा राम, कृष लहरी, आनंद महतो, अनमोल कुमार बीमार बच्चे बच्चियों का इलाज चल रहा है। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मु ने शिक्षक से मामले की जानकारी लेते हुए सभी बच्चे बच्चियों का बेहतर इलाज कराने की बात कही है।

# भंडरा में चोरों का आतंक जोरों पर, 35 पोल पर लगे विद्युत तारों की चोरी की

### कुछ दिन पहले 25 पोल पर लगे विद्युत तार को काट कर ले गए थे चोर

नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा।** थाना क्षेत्र के भैसमुंदो गांव में चोरों का अजब-गजब कारनामा देखने को मिला है। क्षेत्र के भैसमुंदो मसमानो सीमावर्ती क्षेत्र में बीती रात अज्ञात चोरों ने 35 पोल पर लगे दो किलोमीटर 11 हजार विद्युत तार की चोरी कर पुलिस को खुली चुनौती दी है। चोरी किया गया तार 11हजार वोल्ट का हाई टेंशन बताया जाता है। ग्रामीणों ने भंडरा थाने मे लिखित आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई है। ग्रामीण ईश्वर सहाय पन्ना, अरसद अंसर्री, विनोद उरांव, आशीष उरांव, राम उरांव, गंगा उरांव, जुमन अंसारी, गुड्डू साहू, प्रसाद साहू, सुभाष पन्ना, अनिल साहू, सुनील साहू, प्रेमप्रकाश उरांव, इल्याजर पन्ना, अनूप राम , कृष्णा भगत , सुखदेव उराँव , सूरज उराँव ने बताया की भैसमुंदो, बेदाल, मसमानो के सैकड़ो किसान बिजली से खेती मे लगे फसल की सिचाई करते थे। पर बीती रात अज्ञात चोरो द्वारा 35 पोल के तार की चोरी कर लेने से किसानो से फसल सिचाई के अभाव मे बर्बाद हो जायेगे इससे किसानो को लाखो का नुकसान होगा। जानकारी के मुताबिक, भंडरा थाना क्षेत्र के मुरली तालाब के समीप भी कुछ दिन पहले 25 पोल पर लगे विद्युत तार को चोर काट कर अपने साथ ले गए। सुबह किसान खेत में आए तो मामले का पता चला। तार चोरी होने से बिजली आपूर्ति ठप है और खेतों की सिंचाई प्रभावित हो गई है।

#### अधिकारियों के सुस्त रवैये से नाराज लोग

ग्रामीण इलाकों में बिजली के तार चोरी की बढ़ रही घटनाओं और बिजली विभाग के सुस्त रवैया से बिजली विभाग के प्रति ग्रामीणों में काफी असंतोष देखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि चोर गांवों में लगातार चोरी की घटनाओं को बेखौफ होकर अंजाम दे रहे हैं। खेतों में पटवन के लिए लगे मोटर पंप की चोरी के साथ-साथ बिजली तार की भी चोरी हो रही है।

## मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के बीच पहचान पत्र और सर्टिफिकेट का वितरण

**लोहरदगा।** आदिवासी कला सांस्कृतिक भवन कुटमू लोहरदगा में विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर प्रदेश मानवाधिकारी अध्यक्षा प्रमीला कुमारी ने लोहरदगा जिला मानव, अधिकार कार्यकताओं को पहचान पत्र एवं सर्टीफिकेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सोमे उराव, बिरसा उराँव, जलेश्वर उरॉव, सुकेन्द्र उरांव, कृष्णा उरांव, रूप कन से प्रकाश उरांव, फूलदेव भगत, प्रकाश भगत, लोहरदगा पूरण राम चतरा एवं लातेहार जिला के भी कार्यकताओं को दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये प्रदेश अध्यक्ष प्रमीला कुमारी ने बताया कि कार्यकताओं को गरीबों, शोषिता, पीड़ितों आदिवासी हरिजन एवं पिछड़ा वर्ग के अधिकारी का अतिक्रमण, पर विशेष डालते हुए कार्य करने के तरीके एवं अकाल दिया गया।


## कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज(पलामू)
Email id:-np.hariharganj@gmail.com

पत्रांकः– 756 दिनांकः– 09.12.2024

**अतिअल्पकालिन दर आमंत्रण सूचना**
**इच्छा की अभिव्यक्ति सं0 04/2024–25**

हरिहरगंज नगर पंचायत हेतु वित्तीय सहायता एवं अनुश्रवण प्रदान करने से संबंधित इच्छुक C.A/FIRM/ सेवा प्रदाता संस्था से दर आमंत्रित की जाती है। निकाय में होने वाले आर्थिक गतिविधियों के साथ वित्तीय सुझाव एवं समय–समय पर विभाग से प्राप्त निर्देश के आलोक में वित्तीय सहायता प्रदान करना होगा, जो निम्नवत हो सकते हैः–

1.Double Entry
2.Balance Sheet
3.Annual Financial Statement
4.Annual Financial Statement AUDIT
5.ITR
6.GST
7.Budget
8.PF & ESIC
9.वित्त से संबंधित अन्य कार्य

इच्छुक सेवा प्रदाता/फर्म/ब। जो उपरोक्त कार्य करने के इच्छुक हों, अपना दर आमंत्रण दिनांक 18.12.2024 को अपराह्न 02:00 बजे तक बंद लिफाफे में अपना दर हरिहरगंज नगर पंचायत के कार्यालय में समर्पित कर सकते हैं। उसी दिन अपराह्न 03:00 बजे निकाय की निविदा निस्तारण समिति के समक्ष प्रतिभागियों की उपस्थिति में दर आमंत्रण खोली जायेगी। अतिअल्पकालिन दर आमंत्रण सूचना हेतू भाग लेने वाले इच्छुक सेवा प्रदाता/फर्म/C.A को निम्नलिखित अहर्ता रखनी होगी :–

1.वैसे फर्म/C.A जो झारखण्ड सरकार के साथ कार्य कर रहे हो को प्राथमिकता दी जायेगी ।
2.वार्षिक Turnover न्युन्तम 25 लाख होना चाहिए।
3.काली सूची में नाम नही होने से संबंधित शपथ पत्र देना होंगा।
4.एकरारनामा रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
5.कार्य की आवश्यकता को देखते हुए कार्य की समय अविधि बढाई/घटाई जा सकती है, अधिकतम यह निविदा तीन वर्षो के लिए मान्य होगा।
6.एजेंसी को अपना दर एक वितीय वर्ष के लिए प्रस्तुत करना होगा।

– विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस को मोबाईल सं0 6206017735 पर संपर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हरिहरगंज


PR 341847 (District)24-25*D


### लोहरदगा में जिला स्तरीय रबी कर्मशाला 2024 का आयोजन

# रवि मौसम में बीज की बुवाई से लेकर कटाई तक की तकनीकी जानकारी दी गई

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला कृषि कार्यालय प्रांगण, लोहरदगा में जिला स्तरीय रबी कर्मशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सभी प्रखंडों के प्रखंड कृषि पदाधिकारी, जनसेवक, बीटीएम, एटीएम, लैम्प्स के प्रतिनिधि, ज़िला सलाहकार समिति सदस्य, एफपीओ की प्रतिनिधि ने कर्मशाला में भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष जिला परिषद रीना कुमारी एवं उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत उपस्थित रहे। कृषि एवं सम्बन्ध विभाग के जिला पदाधिकारी द्वारा मंच साझा किया गया। जिसमें जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, भूमि सरक्षण पदाधिकारी संजय कुमार राम, डीडीएम नाबार्ड, अग्रणी बैंक




प्रबंधक एवं कृषि विज्ञान केंद्र किस्को के वैज्ञानिक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों के द्वारा रवि मौसम में बीज की बुवाई से लेकर कटाई तक की तकनीकी जानकारी इस मंच के माध्यम से करने का निर्देश दिया गया उनके द्वारा किसानों का आमदनी दुगनी करने के लिए सरकार प्रयास कर रही है जिसमें सूक्ष्म सिंचाई मुख्य भूमिका में है साथ ही समूह में खेती हेतु कृषक कंपनी गठित कर योजना बनाते हुए खेती करने सलाह दिया गया। एलडीएम दवरा केसीसी लोन के ऊपर गहन जानकारी दी गई, गव्य विकास योजना के संबंधित जानकारी, कृषि वैज्ञानिक के द्वारा मृदा स्वास्थ्य के ऊपर में जानकारी, डीडीएम नाबार्ड द्वारा महिला मंडल और कोऑपरेटिव के रूप में खेती करने की जानकारी, मत्स्य विभाग के द्वारा मत्स्य पालन संबंधित प्रशिक्षण मत्स्य आहार की योजना मत्स्य बीज उत्पादन पर प्रशिक्षण के बारे में जानकारी, जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा फसल सुरक्षा योजना के बारे में रबी मौसम उत्पादित फसलों मैं रोगों से सुरक्षा हेतु जानकारी दी गई।

# विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में बाजी मारी

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में प्राचार्य जीपी झा द्वारा खेल प्रतियोगिता में सम्मिलित विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। यह हमें स्वस्थ रखने के साथ-साथ हमारे मानसिक और सामाजिक विकास का भी माध्यम है। खेलने से हमारे शरीर की शक्ति बढ़ती है, हमारा मानसिक तनाव कम होता है और हम सामूहिक जीवन का आनंद ले सकते हैं। हमें नियमित रूप से खेलने का समय निकालना चाहिए ताकि हम अपने जीवन को स्वस्थ, सुखी और सफल बना सकें।झारखंड विभिन्न विषयों में असाधारण खेल प्रतिभाओं के लिए प्रजनन स्थल रहा है। झारखंड के खेल खिलाड़ी की विविध और प्रतिभाशाली सूची ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर अपनी पहचान बनाई है। प्रतिष्ठित क्रिकेटर एमएस धोनी, जिन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम को कई जीत दिलाई, से लेकर कुशल तीरंदाज दीपिका कुमारी तक, जिन्होंने तीरंदाजी में विश्व नंबर 1 का खिताब हासिल किया है, राज्य ने कई खेल सितारे पैदा किए हैं और आगे भी करते रहेंगे। विद्यार्थियों के अंदर छिपी खेल की प्रतिभाओं को उभारने के लिए डीएवी संस्था ने भी विविध स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया। जिसमें डीएवी लोहरदगा ने क्लस्टर लेवल पर 137-स्वर्ण पदक, 131 -रजत पदक तथा 23 -कांस्य पदक अर्जित किया। राज्य स्तर पर 46- स्वर्ण पदक,7- रजत पदक व 3- कांस्य पदक अर्जित किया। राष्ट्रीय स्तर पर खो खो खेल में अंडर -14 के लड़कों ने तीन स्वर्ण पदक, कबड्डी अंडर -14 के लड़कों ने तीन रजत पदक तथा कबड्डी अंडर- 14 की लड़कियों ने 2-कांस्य पदक अर्जित किया तथा राष्ट्रीय स्तर पर खेल रहे विद्यार्थियों में से दो विद्यार्थियों आदर्श भगत व कार्तिक मुंडा का चयन एसजीएफआई में हुआ।


## न्यायालय- जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी, लातेहार
### (नीलाम पत्र कार्यालय)

**नोटिस**

चूँ बजरिये इस नोटिस के माध्यम से आपको आगाह किया जाता है कि आपके द्वारा बकाया वाहन रोड टैक्स की राशि जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार को जमा करने में कोई रूचि नहीं ली जा रही है।

अतएव आपको आदेश दिया जाता है कि बकाया वाहन रोड टैक्स की राशि जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार को यथाशीघ्र जमा करते हुए दिनांक 17.12.2024 (मंगलवार) को अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में साक्ष्य सहित उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा आपके विरूद्ध बिहार–उडीसा पब्लिक डिमांड रिकवरी एक्ट 1914 की धारा–38 के तहत गिरफ्तारी एवं धारा–18 के तहत कुर्की जब्ती या दोनों धाराओं के अधीन विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

बकायादारों की सूची (विवरणी सहित) निम्नवत हैः–

| क्रम सख्या | वाद संख्या | वर्ष | विभाग का नाम | देनदार का नाम एवं पता | राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 149 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | मो0 रहमतुला, पिता मो0 शफीक, ग्राम+पो0–शेरेगढ़ा, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 200787.00 |
| 2. | 153 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | गिरेन्द्र कुमार, पिता राजकुमार यादव, ग्राम–हेरहंज, पो0–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 338683.00 |
| 3. | 252 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | अरूण कुमार सिंह, पिता तुलसी प्रसाद सिंह, ग्राम+पो0+थाना–चंदवा, जिला–लातेहार | 173835.00 |
| 4. | 270 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | जितेन्द्र कुमार साव पिता सिवान साव, ग्राम–मुरपा, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 95466.00 |
| 5. | 275 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | प्रेम साव पिता सिवन साव, ग्राम+पो0–मुरपा, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 74772.00 |
| 6. | 277 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | राहुल कुमार पिता मोहन प्रसाद, ग्राम+पो0+थाना–मनिका, जिला–लातेहार | 66600.00 |
| 7. | 280 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | कुलदीप राणा, पिता नागेश्वर राणा, ग्राम–शेरेगढ़ा, पो0+थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 57600.00 |
| 8. | 281 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | बसंत कुमार पिता धनुषधारी प्रसाद, ग्राम–बेलवाडीह, पो0+थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 72000.00 |
| 9. | 293 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | रामनन्दन कुमार सिंह, पिता धर्मदेव सिंह, ग्राम–मतकोमा, पो0–फुलसू, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 28800.00 |
| 10. | 295 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | रामनन्दन कुमार सिंह, पिता धर्मदेव सिंह, ग्राम–बारीबाद, मतकोमा पो0–फुलसू, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 36000.00 |
| 11. | 296 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | मो0 तजीम पिता मो0 रजाक, ग्राम–लाधूप सेन्हा, पो0+थाना–चंदवा, जिला–लातेहार | 49600.00 |
| 12. | 298 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | रोहित यादव पिता नन्दु यादव, ग्राम–निन्द्रा, थाना–चंदवा, जिला–लातेहार | 37761.00 |

इसे सख्त ताकिद समझा जाय।

जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी,
लातेहार

PR 341835 District (24-25)_D

## न्यूज | बॉक्स

### भरनो में बीडीओ की अध्यक्षता में ब्लॉक लेवल बैंकर्स कमेटी की बैठक



**गुमला।** भरनो प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को बीडीओ अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में ब्लॉक लेवल बैंकर्स कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एलडीएम पवन कुमार की उपस्थिति में बैंक स्तर पर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से किसान क्रेडिट कार्ड की लंबित आवेदनों को वापस प्रखंड कार्यालय में लाने का निर्देश दिया गया ताकि इन आवेदनों को संशोधन कर बैंक को भेजा जा सके। इसके अलावा, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लक्ष्य के अनुसार, प्रखंड भरनो के सभी बैंकों में 200 नए आवेदन भेजे गए हैं, जिनमें से अब तक 35 आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं। बैठक में सभी शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि वे लाभुक खातों को दौड़ाने से बचें और लाभुकों का काम तुरंत करें ताकि उन्हें घर भेजा जा सके। इसके अलावा, बैठक में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत लाभुकों के लिए कैंप आयोजित करने का निर्णय लिया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 18 से 50 वर्ष की आयु के किसी भी व्यक्ति की मृत्यु होने पर 2 लाख रुपए मिलेंगे, इसके लिए लाभुक को प्रतिवर्ष 436 रुपए देने होंगे। इसी तरह, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 18 से 70 वर्ष की आयु के लाभुक को दुर्घटना में मृत्यु होने पर 2 लाख रुपए मिलेंगे, इसके लिए मात्र 20 रुपए प्रतिवर्ष देने होंगे। दिसंबर और जनवरी माह में प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रत्येक शनिवार को कैंप आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी विभागों से अनुरोध किया जाएगा कि वे लाभुकों को सही जानकारी दें ताकि वे कैंप तक पहुंच सकें। बैठक में जेएसएलपीएस के बीपीएम को मुद्रा लोन के तहत स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को ऋण दिलवाने में मदद करने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में एलडीएम पवन कुमार, बीएओ राम कृष्ण ओहदार, बीटीएम शशि शमा खलखो, जेएसएलपीएस बीपीएम नील कच्छप, रोहित सारंगी, देवमणि साहू, विवान सिंह, शांतनु सिंह, बसंत कुमार, सुनील कुमार, नूर मनीषा, अंकित रवि और दीपक साहू सहित सभी बैंक के शाखा प्रबंधक और प्रखंड समन्वयक उपस्थित थे।

### राटा माटी पुल का अस्तित्व संकट में अवैध बालू खनन की बढ़ती समस्या

**जारी।** चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र के गोविंदपुर पंचायत राटा माटी पुल का अस्तित्व गंभीर खतरे में है। यदि जल्द ही पुल के निकटवर्ती क्षेत्र में बालू उठाव का कार्य नहीं रोका गया, तो यह पुल कभी भी धराशायी हो सकता है। लावा नदी पर बना यह पुल झारखंड और छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा के समीप स्थित है और इसकी सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई जा रही है।पुल के पिलर के पास अवैध रूप से बालू खनन और उठाव का कार्य तेजी से चल रहा है, जो पुल की संरचना को कमजोर कर सकता है। यह कार्य दिन-रात, यहां तक कि रात के अंधेरे में भी ट्रैक्टरों के माध्यम से किया जा रहा है। खनन विभाग की लापरवाही के कारण इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पुल का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से किया गया था, जिसका कार्य 2018 में शुरू होकर 2021 में पूर्ण हुआ। यदि बालू उठाव का कार्य इसी तरह जारी रहा, तो पुल का अस्तित्व संकट में आ जाएगा। हालांकि, छत्तीसगढ़ के बालू माफिया ने झारखंड के गोविंदपुर पंचायत के कमलपुर और तिगरा बालू घाट पर बालू उठाने का कार्य बंद कर दिया है, लेकिन राटा माटी बालू घाट पर यह कार्य जारी है। माफिया खुलेआम यह दावा कर रहे हैं कि वे बालू का उठाव छत्तीसगढ़ राज्य से कर रहे हैं, जबकि लावा नदी पुल का निर्माण झारखंड सरकार द्वारा किया गया है। स्थानीय लोगों और अधिकारियों को इस समस्या पर गंभीरता से विचार करना होगा, ताकि पुल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और अवैध खनन पर रोक लगाई जा सके। अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो यह पुल ना केवल स्थानीय लोगों के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक बड़ा खतरा बन सकता है।

### एसएसबी के जवानों ने स्वच्छ भारत मिशन 4.0 के तहत चलाया स्वच्छता व जागरूकता अभियान



**गुमला।** बुधवार को विशुनपुर प्रखंड स्थित राजकीय कृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय रेहलदाग के प्रांगण में 32 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) गुमला के जवानों द्वारा स्वच्छ भारत मिशन 4.0 के तहत स्वच्छता और जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व एसएसबी के कमांडेंट राजेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार निरीक्षक सामान्य विशपाल लाल ने एफ समवाय जोरी के द्वारा किया। मौके पर विशपाल लाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए स्वच्छता की अहमियत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने आसपास को साफ और स्वच्छ रखना चाहिए, जिससे बीमारी से बचा जा सकता है। उन्होंने घर और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़े-कचरे को कूड़ेदान में डालने का आह्वान किया, जिससे गांवों में गंदगी नहीं फैलेगी और कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकेगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें अपनी दिनचर्या में स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित करना है। विशपाल लाल ने कहा कि यह कार्यक्रम हमें सिखाता है कि कोई भी कूड़ा-करकट अगर जमीन पर ना फैले, तो आसपास का वातावरण साफ-सुथरा रहेगा। इस तरह की छोटी पहल से कई बड़ी समस्याओं से निपटा जा सकता है।

### जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध महिलाओं ने निकाली रैली



**बसिया(गुमला)।** जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत आज बसिया में महिला मंडल का के द्वारा एक रैली सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित रैली के उपरांत स्थानीय सरहुल आखड़ा में सभा के माध्यम से यह संकल्प लिया गया कि शिक्षा और नशामुक्त समाज का निर्माण करते हुए इस समस्या से निजात पाया जा सकता है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए सदर पंचायत के मुखिया गुलशन टेटे ने कहा कि आज की नारी जागरूक हो चुकी है और उसे अपने अधिकार का अहसास भी है। ऐसे में वर्तमान दौर को अधिक कारगर बनाने के लिए उन्होंने कहा कि लड़का लड़की में भेदभाव करने से परहेज करने की जरूरत है क्योंकि ऐसा करके ही इस समस्या का समुचित समाधान निकाला जा सकता है। इस कार्यक्रम को महिला नेतृ विश्वासी कुजुर, अमरेंसिया कुल्लू, मंजू पांडेय,श सुशीला देवी, विनोद कुमार, विश्वासी कुजुर, लीलावती देवी, अनिता देवी, लक्ष्मी देवी, विमला देवी, विकास कुमार, पंकज कुमार आदि लोगों ने भी संबोधित किया जबकि कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति दर्ज की गई।

## झारखंड के अधिकारी दिल्लीवालों को सिखाएंगे चुनाव प्रक्रिया की बारीकियां

**नवीन मेल संवाददाता**

**बसिया(गुमला)।** झारखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र ने फिर से एक बार उड़ान भरने की तैयारी कर ली और इस बार इस उड़ान का लक्ष्य देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को लोकतंत्र के मजबूत आधार देने की है। इसे आप लोकतंत्र की खुबसूरती भी कह सकते हैं जबकि यह व्यवस्था न केवल राजनीति में अनंत संभावनाएं बनाती हैं बल्कि देश के तमाम नागरिकों के साथ साथ ब्यूरोक्रेसी को भी उड़ान भरने का समान अवसर प्रदान करती है। बताते चलें कि घोर अभाव, सुविधाविहीन माहौल और विपरीत पारिवारिक परिस्थितियों के बावजूद



झारखंड के सुदूरवर्ती अंचल बसिया के भागीडेरा गांव के रहने वाले कुमुद कुमार झा अब दिल्ली के वरीय प्रशासनिक अधिकारियों को चुनाव के गुर सिखाएंगे। भारतीय चुनाव आयोग से संबंधित इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट संस्थान ने श्री झा को इसके लिए आमंत्रित किया है। संस्थान के द्वारा जारी पत्र के अनुसार वे दिल्ली विधानसभा के आसन्न चुनाव के आलोक में निवार्ची अधिकारियों के लिए आगामी सोलह और सत्रह दिसंबर को आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उन्हें चुनाव प्रक्रिया की तकनीकी बारिकियों से अवगत कराएंगे। उल्लेखनीय है कि यह पहला अवसर नहीं है जब कुमुद कुमार झा पर चुनाव आयोग ने भरोसा जताया हो। शिशु मंदिर जैसे छोटे मोटे विद्यालय से अपने कैरियर की शुरूआत करने वाले श्री झा अभी प्रतीक्षारत उप समाहर्ता स्तर के अधिकारी हैं परन्तु चुनाव प्रक्रिया में अपनी विशिष्टता के कारण अबतक इनके नाम हरियाणा, उत्तर प्रदेश, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड जैसे देश के महत्वपूर्ण राज्यों में सफलता पूर्वक चुनाव संपन्न कराने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को तैयार करने का गरिमामय अवसर दर्ज हो चुका है। पूछे जाने पर इन बातों की पुष्टि करते हुए उन्होंने बताया कि देश की राजधानी के वरिष्ठ अधिकारियों को प्रशिक्षित करने का दायित्व मिलने पर वे काफी गौरवान्वित हैं। एक छोटे से सुविधाविहीन गांव से चलकर चुनाव आयोग की नजरों में आगे बढ़ने के इस अवसर के लिए उन्होंने आयोग की पारखी नजर का आभार जताया है।

# पुलिस ने पिस्तौल और गोलियों के साथ चार युवकों को दबोचा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए गश्ती के दौरान पालकोट रोड पर चार युवकों को गिरफ्तार कर लूटपाट की योजना को विफल कर दिया। पुलिस ने कार्तिक उरांव कॉलेज के पास वाहन चेकिंग अभियान लगाया था, जहां बाईपास की ओर से आ रही सफेद रंग की कार को रोकने पर उसमें सवार युवक पुलिस को देखकर घबरा गए। पुलिस द्वारा पूछताछ में युवकों की पहचान पालकोट रोड सरनाटोली निवासी भोला साहू (20), शांति नगर निवासी शिरोमणि कुमार और सचिन कुमार, तथा ग्राम भभरी निवासी रिशु वैभव (22) के रूप में हुई। तलाशी के दौरान भोला साहू के पास से एक देशी रिवॉल्वर और दो जिंदा गोलियां, शिरोमणि कुमार और रिशु वैभव के पास से एक-एक जिंदा गोली बरामद हुई। पकड़े गए युवकों ने पुलिस पूछताछ में स्वीकार किया कि वे गुमला में शराब लाने और लूटपाट की योजना बना रहे थे। उनके पास से मिले हथियारों के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। छापेमारी दल में अवर निरीक्षक हिमांशु शेखर सिंह, राजेंद्र मंडल, राजेश्वर लोहरा, और सुनेश्वर सिंह शामिल थे। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अब मामले की गहन जांच कर रही है।



### 11 हजार वोल्ट के 15 खंभों से चोरी, पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की

**गुमला।** भरनो थाना क्षेत्र के अमलिया गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने 11 हजार वोल्ट के 15 बिजली खंभों से तार काटकर चोरी कर ली। सुबह ग्रामीणों की इसकी जानकारी हुई। इससे पूर्व भी इसी पंचायत के खरका गांव में चोरों ने बिजली खंभों से तार चुराया था। स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना बिजली विभाग और पुलिस को दी है। बीते रात को अज्ञात चोरों ने अमलिया गांव में 11 हजार वोल्ट की वनटोली फिडर के रायकेरा जंगल से लेकर बनटोली दोहर के बीच तक 20 पोल का लगभग 1.35 किलोमीटर तक की बिजली तार काटकर चोरी कर ली। इस चोरी से विभाग को लगभग 2 लाख 50 हजार रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। कनीय विद्युत अभियंता बैकुंठ दास ने गुरुवार को भरनो थाना पहुंच कर अज्ञात चोरों के खिलाफ बिजली तार चोरी का प्राथमिकी दर्ज करवाया। उन्होंने अपने लिखित आवेदन में उल्लेख किया कि इस घटना को रोकने के लिए भविष्य में आवश्यक सुरक्षा और उपाय करने की मांग की गई है। भरनो पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर चोरी की घटना की जांच शुरू कर दी है।

### रायडीह में चोरी का आतंक दुकान से सामान की हुई चोरी

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र में एक बार फिर चोरों का आतंक बढ़ गया है। बुधवार रात को चोरों ने एक घर का ताला तोड़कर वहां रखे सामान की चोरी की घटना को अंजाम दिया। रायडीह थाना क्षेत्र के मांझाटोली स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के पास रुकमनी देवी द्वारा बनाए गए झोपड़ी में रखा सामान चोरों ने चुरा लिया। रुकमनी देवी ने गुरुवार की सुबह जब अपनी दुकान खोलने आई तो पाया कि झोपड़ी का ताला टूटा हुआ था और अंदर का सारा सामान गायब था। चोरी गए सामानों में चाईनीज फुड, चिप्स लेस कुरकुरे, अंडे, गैस सिलेंडर और गैस चुल्हा शामिल थे। पुलिस को सूचना मिलने पर रायडीह थाना की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस घटना स्थल का निरीक्षण कर रही है और चोरों की तलाश में जुट गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे लोग भयभीत हैं। पुलिस द्वारा इस प्रकार की घटनाओं पर काबू पाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की जा रही है।

## गुमला में यक्ष्मा उन्मूलन के 100 दिन अभियान का मूल्यांकन

*केंद्रीय टीम ने अभियान को सराहा, जिला बना सकता है मॉडल*

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की उच्चस्तरीय टीम ने गुमला जिले का दौरा कर यक्ष्मा उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे 100 दिन के विशेष अभियान का निरीक्षण किया। टीम में भारत सरकार के नई दिल्ली स्थित यक्ष्मा केंद्र प्रभार के संयुक्त निदेशक डॉ. निशांत कुमार, डब्ल्यूएचओ के डॉ. सुदर्शन, सेंटर यक्ष्मा प्रभार के डॉ. प्रभु आर, केंद्रीय आईसीडी पदाधिकारी प्राण रंजन मिश्रा, गुमला जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. गणेश राम, और स्वयंसेवी संस्था पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि शामिल थे। टीम ने गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी से मुलाकात कर अभियान की प्रगति की समीक्षा की। उपायुक्त ने बताया कि जिले में यक्ष्मा उन्मूलन का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि कहीं कोई कमी है, तो उसे शीघ्र दूर किया जाएगा। उपायुक्त ने अभियान को जिले को यक्ष्मा मुक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। केंद्रीय टीम ने भरनो प्रखंड के आमलिया क्षेत्र और आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में टीम ने लगभग एक घंटे तक सहियाओं के साथ संवाद किया। इस दौरान टीम ने सहियाओं से कई सवाल पूछे, जिनका सहियाओं ने संतोषजनक जवाब दिया। सहियाओं ने भी केंद्रीय टीम से अपनी शंकाओं और चुनौतियों पर सवाल किए, जिनका टीम ने उचित समाधान देते हुए जवाब दिया। टीम ने सहियाओं की सक्रिय भागीदारी और उनकी मेहनत की सराहना की। निरीक्षण के दौरान टीम ने निश्चय वाहन के माध्यम से यक्ष्मा के प्रति जागरूकता फैलाने के प्रयासों को देखा और उसकी सराहना की। टीम ने कहा कि यह वाहन ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने और लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने का प्रभावी माध्यम है। टीम के विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य कर्मियों से बातचीत कर अभियान के दौरान आने वाली चुनौतियों और सुझावों पर चर्चा की।

**एसपी की बड़ी कार्रवाई : अपराध नियंत्रण के लिए सख्त निर्देश**

## अवैध गतिविधियों पर लगाम की रणनीति तैयार



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले में बढ़ते अपराध और सामाजिक कुरीतियों पर रोकथाम के लिए एसपी शंभू कुमार सिंह ने जिला पुलिस अधिकारियों के साथ विशेष बैठक आयोजित की। इस बैठक में पुलिस उपाधीक्षक, इंस्पेक्टर और सभी थाना प्रभारियों ने भाग लिया। बैठक में अपराध नियंत्रण को लेकर नए कदम उठाने और योजनाओं पर चर्चा हुई। एसपी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपराधियों पर सख्ती बरतें और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में एसपी ने डायन-बिसाही जैसे कुप्रथाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में यह समस्या न केवल सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि अपराध को भी बढ़ावा दे रही है। इसके समाधान के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। पुलिस को ग्रामीणों के साथ संवाद कर उन्हें शिक्षित करने और इस अंधविश्वास के खिलाफ माहौल तैयार करने का आदेश दिया गया।

**बैठक का उद्देश्य**

बैठक का उद्देश्य जिले में अपराधों की रोकथाम, सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ लड़ाई और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए ठोस योजनाएं बनाना था। बैठक के दौरान अपराध से जुड़ी पिछली घटनाओं की समीक्षा की गई और आगामी त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था पर भी चर्चा की गई।

**डूमरडीह पंचायत के चुगुल पड़की टोली का डीसी ने दौरा, समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा**

# जर्जर सड़क, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी व पलायन पर फोकस

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले के डूमरडीह पंचायत अंतर्गत चुगुल पड़की टोली का उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने दौरा किया। सुदूरवर्ती इलाके में स्थित यह गांव लगभग 80 घरों और 1000 निवासियों का आश्रय स्थल है। दुर्गम और जर्जर सड़क की वजह से उपायुक्त को करीब 3 किलोमीटर की दूरी बाइक से तय करनी पड़ी। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को समझना और समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाना था। ग्रामीणों ने उपायुक्त के समक्ष सबसे प्रमुख मांग सड़क और पुलिया निर्माण की रखी। उन्होंने बताया कि खराब सड़कें आपातकालीन परिस्थितियों में अस्पताल पहुंचने और बच्चों को विद्यालय जाने में बाधा उत्पन्न



करती हैं। इसके अलावा, उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की मांग की ताकि स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी समस्याओं का समाधान हो सके। हालांकि गांव में जल और बिजली की सुविधा उपलब्ध है, लेकिन स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार की कमी के चलते लोग मजबूरी में पलायन कर रहे हैं। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने रोजगार और कौशल विकास के लिए ग्रामीणों को जिले के रूरल क्राफ्ट ट्रेनिंग सेंटर से निःशुल्क प्रशिक्षण लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि प्रशासन इन प्रशिक्षण प्राप्तकर्ताओं को रोजगार के लिए लोन और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में हर संभव सहयोग करेगा। उन्होंने अधिकारियों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, और मनरेगा जैसी योजनाओं के तहत ग्रामीणों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। सोलर लाइट लगाने के प्रस्ताव को भी गंभीरता से लिया गया और इसे जल्द लागू करने पर विचार किया गया। दौरे के दौरान उपायुक्त ने नवाडीह स्थित आंगनवाड़ी केंद्र और विद्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इन संस्थानों की मरम्मत और सुधार के लिए तुरंत कदम उठाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने उपायुक्त के साथ मिलकर गांव की समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

### दिल्ली में डुमरी के प्रवासी मजदूर के पुत्र ने की आत्महत्या

**डूमरी।** चैनपुर अनुमंडल अन्तर्गत डुमरी थाना क्षेत्र के खेतली गाँव के प्रवासी मजदूर जय मुकुट तिग्गा का 19 वर्षीय पुत्र प्रेम रोहित तिग्गा ने 10 दिसंबर 2024 को दिल्ली में आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। दिल्ली पुलिस ने मृतक का शव कुम्हार मोहल्ला, जसोला विलेज, जामिया नगर, दक्षिणी दिल्ली से कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया, और फिर इसे परिजनों को सौंप दिया। गुमला जिला के भरनो प्रखंड के कांग्रेस उपाध्यक्ष अजहर अली के प्रयासों से मृतक के अंतिम संस्कार का प्रबंध किया गया।

### प्रेमी के शादी से इनकार करने पर युवती ने खाया जहर

**सिसई (गुमला)।** सिसई थाना क्षेत्र के ग्राम बरगांव में प्रशांत कुमार साहू नामक युवक पर गांव की ही 18 वर्षीय युवती खुशी कुमारी ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए। पूर्व में ही सिसई थाना में सनहा दर्ज कराई थी। जिसके आलोक में सिसई थाना। युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वर्तमान में 18 वर्षीय युवती खुशी कुमारी, पिता सुधीर कुमार साहू ग्राम बरगांव निवासी ने थाना में आवेदन देकर कहा है, कि प्रशांत कुमार , पिता राजकुमार साहू ग्राम बरगांव निवासी के विरुद्ध बलात्कार एवं यौन शोषण का केश गुमला न्यायालय में लंबित है। 6 दिसंबर को न्यायालय में गवाही था। जिसमें प्रशांत के परिजनों ने खुशी कुमारी को बहला फुसला कर व शादी करा देने की झांसा देकर युवक के पक्ष में गवाही देने को कहा। युवती ने शादी की बात सुनकर युवक के पक्ष में गवाही दे दी। युवक जमानत पर जेल से बाहर आया और जेल से बाहर आते ही युवती एवं उनके परिवार को डराने धमकाने व प्रताड़ित करने लगा। प्रताड़नापूर्ण बातें सुनकर विवश युवती ने आत्महत्या के नियत से बुधवार को शाम लगभग 6 बजे अपने घर में ही रखे किटनाशक का सेवन कर लिया। जब घरवालों की नजर युवती पर पड़ी तो युवती बेहोशी हालत में जमीन पर पड़ी थी। परिवार वाले आनन फानन में सिसई रेफरल अस्पताल लेकर आये।

**कोर्ट नोटिस**

**ब - अदालत सिविल जज सिनियर डिविजन, प्रथम श्रेणी मेदिनीमगर, पलामू।**

**उत्तराधिकारी वाद सं० 03/019**

शिव प्रसाद राम, पिता०- झोझा राम, निवासी, ग्राम - चेचन्हा, पो० राजहार, थाना-विश्रामपुर, जिला- पलामू।
हाल थाना नावाबाजार।..... आवेदक

**बनाम**

आरती देवी जौजे सुनिल कुमार सिन्हा, निवासी ग्राम / पो०/ थाना चुटिया, जिला रॉंची, झारखण्ड।
-----विपक्षी

**नोटिस बनाम :-**

आरती देवी जौजे सुनिल कुमार सिन्हा, ग्राम-थाना+पो०-चुटिया, जिला- राँची, राज्य-झारखंड, को सूचित किया जाता है कि इस कोर्ट के द्वारा सूचित आवेदक शिव प्रसाद राम आपके विरुध न्यायालय में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु दायर किया है जिसका उत्तराधिकार वाद सं०- 3/19 है। जिसकी सूचना आपको न्यायालय के द्वारा पूर्व में दिया गया है। लेकिन आप न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए, इस लिए आपको पुनः इस कोर्ट नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 21/01/2025 को आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के द्वारा न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा उपरोक्त मोकदमा की सुनवाई एक पक्षीय कि जायेगी। इसे अतिआवश्यक समझें न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मोहर से जारी दिनांक 09/12/24

**न्यायालय सिविल जज सिनियर डिविजन, वन मेदिनीनगर, पलामू।**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा**
Email Id- eengbcdgarhwa-jhr@nic.in /

**-:निविदा शुद्धि पत्रः-**

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड में निबंधित संवेदको को सूचित किया जाता है कि प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना–20/2024–25 जन सम्पर्क विभाग के **PR 340491 (Building) 24-25:D** से प्रकाशित जिसकी परिमान बिपत्र बिक्री की तिथिः–20.12.2024 एवं निविदा प्राप्ति की तिथिः–21.12.2024 है को अगले आदेश तक अपरिहार्य कारण से स्थागित किया जाता है।
अन्य निविदा की शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 341830 (Building) 24-25 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा**
**Email Id- eengbcdgarhwa-jhr@nic.in /**

**-:निविदा शुद्धि पत्रः-**

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड में निबंधित संवेदको को सूचित किया जाता है कि प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना–19/2024–25 जन सम्पर्क विभाग के **PR 338819 (Building) 24-25*D** से प्रकाशित जिसकी परिमान बिपत्र बिक्री की तिथिः–13.12.2024 एवं निविदा प्राप्ति की तिथिः–14.12.2024 है को अगले आदेश तक अपरिहार्य कारण से स्थागित किया जाता है।
अन्य निविदा की शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा

**PR 341827 Building(24-25).D**

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**
(बरामद अज्ञात महिला के शव का फोटो)



दिनांक–07.12.2024 को गढ़वा थाना अंतर्गत ग्राम–सिदेकला रेलवे लाईन पोल नं0–4/7 एवं 9/7 के बीच एक अज्ञात महिला(उम्र–करीब 20 वर्ष) का शव जिसका सर एवं धड़ अलग कटा हुआ बरामद हुआ है। इस संबंध में गढ़वा थाना यू0डी0 कांड सं0–51/24, दिनांक–07.12.2024 दर्ज किया गया है। उक्त अज्ञात महिला के शव का पहचान अबतक नहीं हो पाया है।

अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त बरामद अज्ञात महिला के शव का पहचान किसी व्यक्ति को हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।
हुलिया :–लंबाई–05 फीट करीब, उम्र–करीब–20 वर्ष, रंग–गोरा, ऑख–खुला हुआ सामान्य, बाल–काला एवं लम्बा, पहनावा– काला जैकेट, लाल रंग की कुर्ती, सफेद रंग का प्लाजो पैजामा, नीला रंग का छिटदार साल, दोनों पैर में बिछिया एवं पायल दोनों हांथ में कड़ा एवं नाक में पीला रंग का नथिया।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 341825 (Police)24-25*D

## संपादकीय

# नदियों को बचाना सिर्फ कोर्ट के आदेश से संभव नहीं

रांची की हरमू नदी की चौड़ाई सरकार बढ़ाना चाहती है जो कभी जनोपयोगी थी आज अन्य की स्थिति भी चिंताजनक है।भारत की सर्वाधिक पवित्र नदी के जल को घरों में रखा जाता है जो वर्षों तक सड़ता नहीं है। अब हालत यह है कि दो साल में 10 गुना मैली चुकी है। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के 94 जगहों से गंगा जल की जांच की गई। नदी के पानी में प्रदूषण का बुरा हाल देखने को मिला। प्लास्टिक की थैलियों, दूध की पॉलीथीन पैकेट, नदी के किनारे शवों का जलाना, गंगा नदी को लगातार प्रदूषित कर रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के 94 स्थानों पर गंगा जल की जांच में यह भयावह तस्वीर सामने आई थी। 13 फरवरी 2023 को केंद्रीय जल शक्ति (जल संसाधन) राज्य मंत्री विश्वेश्वर टुडू ने संसद को बताया था कि नमामि गंगे कार्यक्रम गंगा नदी में प्रदूषण को कम करने में कारगर रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की 2022 की रिपोर्ट में बताया गया कि उत्तर प्रदेश में कोलीफॉर्म का स्तर सात स्टेशनों पर सबसे ज्यादा था। एनजीटी ने राज्यों से सीवेज ट्रिटमेंट पर रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था। इसी की पालना में दिसंबर 2022 में उत्तर प्रदेश ने अपनी रिपोर्ट पेश की, जिसमें स्वीकार किया गया कि गंगा और उसकी सहायक नदियों में मिलने वाले 1,340 नालों में से 895 (66.8 प्रतिशत) बिना किसी सिवेज ट्रिटमेंट के सीधा गंगा को दुषित कर रहे हैं। वर्तमान में भी हालात में ज्यादा सुधार नहीं है। वर्ष 2018-2019 में गंगा द्वारा ले जाए गए प्लास्टिक कचरे की का आकलन किया गया। नेशनल जियोग्राफिक सोसाइटी के गंगा नदी अभियान में ये पाया गया कि गंगा नदी का प्लास्टिक का कचरा बड़े पैमाने पर सुमद्र में मिल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने यमुना नदी को अनुपचारित अवशिष्ट से प्रदूषित करने के लिए आगरा नगर निगम को 58.39 करोड़ रुपये पर्यावरणीय मुआवजा देने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने नगर निगम के सारे दावों की पोल खोल कर रख दी और यमुना नदी में बढ़ते प्रदूषण स्तर को लेकर नगर निगम को फटकार लगाई। इस तरह के मामले में इससे राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) ने भी नगर निगम के खिलाफ अप्रैल में आदेश दिया था। यह पहला मौका नहीं है कि जब एनजीटी या अदालत ने नदियों के प्रदूषण के लिए सरकारी एजेंसियों पर जुमार्ना लगाया हो, इससे पहले भी ऐसे कदम उठाए जा चुके हैं, किन्तु शासन-प्रशासन की मिलीभगत से नदियों में प्रदूषण का स्तर का बढ़ता जा रहा है। हालात यह हो गए हैं कि नदियों का जल पीने लायक तो दूर आचमन करने लायक भी नहीं रह गया है।दिल्ली में बहने वाली यमुना नदी कभी धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण थी। अब प्रदूषण के कहर से जूझ रही है। आंकड़े बताते हैं कि यमुना का प्रदूषण स्तर खतरनाक स्तर तक पहुंच चुका है। छठ जैसे पर्व पर महिलाओं को इस नदी पर स्नान करने से रोक लगाई गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, यमुना में खतरनाक बैक्टीरिया और प्रदूषकों का स्तर मानक सीमा से कई गुना अधिक पाया गया है। दिल्ली में यमुना के प्रमुख हिस्सों में पानी की गुणवत्ता, बीओडी (बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड) और अन्य प्रदूषक तत्वों के कारण न केवल पीने के योग्य नहीं है। यमुना में प्रतिदिन लगभग 3,000 मिलियन गैलन से अधिक सीवेज प्रवाहित होता है। यह बिना किसी सफाई प्रक्रिया के सीधे नदी में जा रहा है।

# नवाचार को सशक्त बनाना : स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के 7वें संस्करण का प्रभाव

स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (एसआईएच) नवाचार के एक ऐसे प्रतीक के रूप में उभरा है, जो वास्तविक दुनिया की चुनौतियों को हल करने के लिए देश की सर्वोत्कृष्ट प्रतिभाओं को एक साथ लाता है। यह सब माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व और अटूट समर्थन के बिना संभव नहीं था। वर्ष 2017 में स्थापना के बाद से, एसआईएच को प्रधानमंत्री के निरंतर प्रोत्साहन ने राष्ट्रीय गौरव के एक मंच पर पहुंचा दिया है। भारत के नवाचार से जुड़े इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के प्रति प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता ने एसआईएच को देश भर के विद्यार्थियों के लिए जीवन को बदल देने वाले एक अवसर के रूप में रूपांतरित कर दिया है। एसआईएच के सबसे प्रेरक पहलुओं में से एक है प्रतिभागियों को दिया जाने वाला अनूठा विशेषाधिकार - प्रधानमंत्री मोदी के साथ सीधे बातचीत करने का अवसर। यह अद्वितीय अनुभव भारत के युवाओं की प्रतिभा को निखारने और देश को नवाचार एवं उद्यमशीलता का एक वैश्विक केन्द्र बनाने में प्रधानमंत्री की गहरी रुचि का प्रमाण है। स्टार्टअप की एक समृद्ध संस्कृति के निर्माण पर उनके निरंतर ध्यान ने लाखों युवा नवप्रवर्तकों को अपने सपनों को साकार करने और राष्ट्र-निर्माण में योगदान देने हेतु सशक्त बनाया है।



प्रोफेसर टी.जी. सीताराम
अध्यक्ष, एआईसीटीई

स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (एसआईएच) के 7वें संस्करण ने अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। इन उपलब्धियों के कारण ही दुनिया के सबसे बड़े हैकथॉन के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है। इसमें व्यापक पैमाने पर की गई भागीदारी और प्रस्तुत किए गए विचारों की असाधारण गुणवत्ता हमारे शैक्षणिक संस्थानों की अटूट प्रतिबद्धता के साथ-साथ देश के विद्यार्थियों की असीम रचनात्मकता, ऊर्जा और प्रतिभा को रेखांकित करती है।

एसआईएच 2024 में, कुल 54 मंत्रालयों, विभागों, राज्य सरकारों, सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू) और उद्योगों द्वारा वास्तविक दुनिया की महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करते हुए कुल 254 समस्या विवरण प्रदान किए गए हैं। इस वर्ष संस्थान के स्तर पर आंतरिक हैकथॉन में 150 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है, जो एसआईएच 2023 में 900 से बढ़कर एसआईएच 2024 में लगभग 2,247 हो गई है। इस प्रकार, यह अब तक का सबसे बड़ा संस्करण बन गया है। यह असाधारण




वृद्धि युवा प्रतिभाओं को सार्थक परिवर्तन लाने हेतु सशक्त बनाते हुए माननीय प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने का एक प्रमाण है।

संस्थान के स्तर पर 86,000 से अधिक टीमों ने भाग लिया है और 49,892 टीमें राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की दिशा में आगे बढ़ी हैं। एसआईएच 2024 में भागीदारी का यह पैमाना शैक्षणिक, औद्योगिक और सरकारी क्षेत्र में हासिल व्यापक उत्साह एवं विश्वास को दशार्ता है। ये रिकॉर्ड-तोड़ उपलब्धियां उन विद्यार्थियों, मार्गदर्शकों और हितधारकों के सामूहिक प्रयासों को रेखांकित करती हैं, जो नवीन विचारों को प्रभावशाली समाधानों में बदलने के लिए एकजुट हुए हैं। एसआईएच का एक ऐसे परिवर्तनकारी मंच के रूप में काम करना जारी है, जो भारत के लिए एक बेहतर और अपेक्षाकृत अधिक रचनात्मक भविष्य बनाने के एक साझा मिशन को प्रेरित कर रहा है।

एसआईएच का उद्देश्य मात्र प्रशंसा हासिल करना नहीं है। यह उद्यमशीलता का एक ऐसा लॉन्चपैड है, जो विद्यार्थियों को अपने विचारों को सफल उद्यमों में बदलने का अवसर प्रदान करता है। पिछले कुछ वर्षों में, एसआईएच से लगभग 100 स्टार्टअप निकले हैं। इनमें से कई स्टार्टअप महत्वपूर्ण सामाजिक एवं औद्योगिक चुनौतियों का समाधान कर रहे हैं। सफलता की ये कहानियां अनगिनत अन्य लोगों को बड़े सपने देखने और देश के नवाचार इकोसिस्टम में योगदान करने के लिए प्रेरित कर रही हैं। इन विचारों को एक स्टार्टअप के तौर पर औपचारिक रूप देने में एआईसीटीई के युक्ति पोर्टल जैसे प्लेटफार्मों की भूमिका को कम करके आंका नहीं जा सकता। एक व्यवस्थित दृष्टिकोण एवं निरंतर समर्थन प्रदान करके, एसआईएच यह सुनिश्चित करता है कि उसके द्वारा बनाई गई नवाचार से जुड़ी पाइपलाइन ठोस एवं प्रभावशाली परिणाम दे।

एसआईएच द्वारा प्रोत्साहित नवाचार की संस्कृति 2047 तक विकासशील भारत के सपने, जो माननीय प्रधानमंत्री मोदी द्वारा विकसित एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण है, को साकार करने की दृष्टि से बेहद अहम है। एसआईएच के माध्यम से उत्पन्न समाधान न केवल तात्कालिक चुनौतियों को हल करते हैं बल्कि दीर्घकालिक सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन की नींव भी रखते हैं।

एसआईएच की शुरूआत से ही इसके संपर्क में रहे प्रधानमंत्री मोदी की निरंतर भागीदारी सभी प्रतिभागियों के लिए अत्यधिक प्रेरणा का स्रोत है। प्रत्येक संस्करण के दौरान उनके संबोधन युवा प्रतिभाओं को सीमाओं से परे जाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करते हैं। एसआईएच की सफलता ने पूरे भारत और उसके बाहर भी इसी तरह के हैकथॉन की लहर को प्रेरित किया है। सिंगापुर-भारत हैकथॉन, कवच हैकथॉन (गृह मंत्रालय के सहयोग से) और पेंटाथॉन जैसी पहलों ने एसआईएच से प्रेरणा ली है। ये आयोजन नवाचार के प्रभाव को और आगे बढ़ा रहे हैं और युवा प्रतिभों को रचनात्मकता एवं सरलता के साथ चुनौतियों से निपटने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

अब जबकि हम एसआईएच के 7वें संस्करण का उत्सव मना रहे हैं, यह स्पष्ट है कि यह पहल महज एक प्रतियोगिता से कहीं बढ़कर है - यह एक ऐसा आंदोलन है जो शिक्षा व उद्योग जगत और सरकार को जोड़ता है, जिससे सहयोगात्मक शिक्षण संभव हो पाता है। समस्या विवरण प्रस्तुत करने में मंत्रालयों, उद्योगों और विभागों की भागीदारी वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने में इस मंच के महत्व को दशार्ती है। यह आंदोलन शैक्षणिक संस्थानों, मार्गदर्शकों और प्रतिभागियों के अथक प्रयासों के बिना संभव नहीं होता, जिनके समर्पण से एसआईएच को हर साल शानदार सफलता मिलती है। एसआईएच के आयोजकों की भी दिल से सराहना की जानी चाहिए, जिनकी सधी हुई योजना और कार्यान्वयन सभी हितधारकों के लिए एक निर्बाध अनुभव सुनिश्चित करता है।

प्रत्येक नए संस्करण के साथ, एसआईएच निरंतर मजबूत होता जा रहा है और भारत को नवाचार एवं उद्यमशीलता के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी देश रूप में स्थापित होने की दृष्टि से सशक्त बना रहा है। यह आयोजन एक दूरदर्शी नेतृत्व द्वारा निर्देशित सामूहिक प्रयास के जरिए एक राष्ट्र को प्रगति की ओर ले जाने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

आइए हम एक बेहतर कल के लिए नवाचार, सृजन और प्रयास जारी रखें - एक ऐसे भारत के लिए जो न केवल विकसित हो, बल्कि नवाचार और अवसर का प्रतीक भी हो। हम सब मिलकर 2047 तक विकासशील भारत का सपना साकार कर सकते हैं।

## आपकी बात

# जनसंख्या का दबाव और चरमराती नागरिक सेवा

कितनी बेमेल बात है हमारे देश में भारत में विभिन्न दलों के राजनेता और धार्मिक नेता अपने तात्कालिक हितों की पूर्ति हेतु अपने लक्षित समूहों की आबादी बढ़ाने की जरूरत बताते रहे हैं। आबादी के बोझ से चरमराती नागरिक सेवाओं और सीमित संसाधनों के बीच आबादी बढ़ाने का आह्वान करना कहीं से भी तार्किक नहीं है ।इसके बावजूद धार्मिक व सांप्रदायिक समूह के अगुआ आबादी बढ़ाने का आह्वान करते नजर आते हैं। इस विवादास्पद मुद्दे की हालिया चर्चा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत की टिप्पणी के कारण फिर सुर्खियों में है। उनका कहना है कि दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश में जनसंख्या वृद्धि दर में गिरावट आ रही है। उन्होंने एक तस्वीर उकेरते हुए कहा है कि जिस समाज की कुल प्रजनन दर 2.1 प्रतिशत से नीचे चली जाएगी, कालांतर उस समाज को एक चुनौती का सामना करना पड़ेगा। उनकी दलील है कि बहुसंख्यक समाज को हम दो, हमारे तीन के समाधान पर अमल करना चाहिए। यानी प्रत्येक जोड़े को कम से कम तीन बच्चे पैदा करने चाहिए। राजस्थान विधानसभा चुनाव के दौरान एक चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने एक समुदाय विशेष को इंगित करते हुए चिंता जतायी थी कि अधिक आबादी वाला समुदाय जनसंख्या संतुलन के लिये चुनौती पेश कर रहा है। वहीं दूसरी ओर इस विवादास्पद भाषण के कुछ सप्ताह के बाद प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद द्वारा जारी आंकड़ों के निष्कर्ष में इस बात को लेकर चिंता जतायी गई थी कि 1950 से 2015 के बीच बहुसंख्यक समाज की आबादी में 7.82 प्रतिशत की कमी आई है। वहीं देश के मुख्य अल्पसंख्यक समुदाय की आबादी में 43 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दरअसल, इन्हीं आंकड़ों के जरिये भविष्य में बहुसंख्यक समाज के समक्ष उत्पन्न होने वाली चुनौतियों के रूप में पेश किया जाता है। दरअसल, राजनीतिक नेतृत्व व धार्मिक संगठनों के नेताओं द्वारा अपनी सुविधा की जनसंख्या नीति को लेकर जो दलीलें दी जा रही हैं, वे एक अर्थशास्त्री द्वारा लक्षित जनसंख्या की संकल्पना दृष्टि के मद्देनजर विरोधाभासी कही जा सकती हैं। वहीं दूसरी ओर देश के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने विश्व जनसंख्या दिवस पर आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा था कि विकसित भारत के लक्ष्य हासिल करने में छोटे परिवार मददगार साबित हो सकते हैं। निश्चित रूप से जनसंख्या से जुड़ी विरोधाभासी दलीलों की तार्किकता तलाश पाना एक कठिन कार्य रहा है। एक हकीकत यह भी है कि देश में परिवार नियोजन और गर्भनिरोधक के प्रयोग में वृद्धि के कारण प्रजनन दर में काफी गिरावट आई है। वहीं ऐसे ही तात्कालिक कारणों तथा राजनीतिक लक्ष्यों ने आंध्र प्रदेश में टीडीपी सरकार को दो संतानों की नीति को खत्म करने के लिये प्रेरित किया है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



राकेश दुबे

## अलग बात

# कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का प्रतिबंध

सोशल मीडिया लोगों के बीच बातचीत के ऐसे माध्यम को संदर्भित करता है, जिसके जरिए वे वर्चुअल समुदायों और नेटवर्क में जानकारी और विचारों का निर्माण, साझा और / या आदान-प्रदान करते हैं। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने ऐसे कानून पेश करने की घोषणा की है, जो 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करने से रोकेगा। यह स्पष्ट है कि हमें बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन बेहतर तरीके से सुरक्षित रखने की जरूरत है। ऑस्ट्रेलियाई मानवाधिकार आयोग का मानना है कि 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाना सही नहीं है। ऐसे प्रतिबंधात्मक विकल्प उपलब्ध हैं, जो बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन नुकसान से बचाने के उद्देश्य को प्राप्त कर सकते हैं। सोशल मीडिया कंपनियों की जवाबदेही बढ़ाने और सभी के लिए ऑनलाइन सुरक्षा में सुधार का तरीका निकाला जा सकता है। सोशल मीडिया बच्चों और युवाओं को साइबरबुलिंग, हानिकारक सामग्री और ऑनलाइन शिकारियों सहित कई संभावित जोखिमों के संपर्क में लाता है। अध्ययनों से पता चलता है कि सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग स्वस्थ मस्तिष्क विकास, नींद और शैक्षणिक प्रदर्शन में बाधा डाल सकता है। प्रस्तावित कानून एक सुरक्षित विकासात्मक वातावरण का समर्थन करता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ताओं से बड़ी मात्रा में व्यक्तिगत डेटा एकत्र करते हैं और बच्चे पूरी तरह से समझ नहीं पाते हैं कि उनका डेटा कैसे एकत्र किया जाता है, उपयोग किया जाता है या उसका मुद्रीकरण किया जाता है। युवा उपयोगकर्ताओं के लिए पहुँच पर प्रतिबंध लगाने से गोपनीयता के उल्लंघन और बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों द्वारा व्यक्तिगत डेटा के शोषण को कम करने में मदद मिल सकती है। पहुँच को प्रतिबंधित करने से माता-पिता और अभिभावकों को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों को बेहतर ढंग से निर्देशित करने और यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि वे पर्यवेक्षित तरीके से तकनीक से जुड़ें। हमें बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन स्पेस को बेहतर तरीके से नेविगेट करने में मदद करने की भी आवश्यकता है, यह सुनिश्चित करके कि राष्ट्रीय पाठ्यक्रम में डिजिटल साक्षरता और ऑनलाइन सुरक्षा सिखाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। युवाओं को इस बारे में गंभीरता से सोचना सिखाया जाना चाहिए कि वे ऑनलाइन क्या देखते हैं और वे सोशल मीडिया से कैसे जुड़ते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



प्रियंका सौरभ

## बोधि वृक्ष



# अशर्त प्रेम : मानव संबंधों में सुधार लाना

आप सोचते होंगे कि सभ्य समाज में लोगों को पता होना चाहिए कि एकसाथ मिलजुल कर कैसे रहना है, परन्तु बहुत कम लोगों ने ही इस कला को सीखा है। एक विवाह को उच्च आदर्शों और ईश-प्रेरणा की मादकता से पोषित करना चाहिए; तब यह एक सुखी और परस्पर लाभप्रद मिलन होगा।

सुखी वैवाहिक जीवन के लिए दूसरी आवश्यकता है -बौद्धिक, सामाजिक, एवं परिवेश सम्बन्धी रुचियों इत्यादि में समानता। तीसरी तथा महत्त्व में अन्तिम (यद्यपि प्रायः अज्ञानी लोग इसे प्रथम स्थान देते हैं) आवश्यकता शारीरिक आकर्षण है। जब पहली आवश्यकता अथवा पहली एवं दूसरी आवश्यकता पूर्ण नहीं होती तो वह बंधन शीघ्र ही टूट जाता है। जो लोग विवाह करना चाहते हैं उन्हें पहले अपनी भावनाओं पर नियन्त्रण करना सीखना चाहिए। इस प्रशिक्षण के बिना जिन दो व्यक्तियों को विवाह के अखाड़े में एक साथ उतार दिया जाता है वे विश्व युद्ध के प्रतिद्वन्द्वियों से भी अधिक बुरी तरह लड़ते हैं। युद्ध तो कम से कम एक समय के पश्चात समाप्त हो जाते हैं; परन्तु कुछ वैवाहित साथी पूरा जीवन संघर्ष में लगे रहते हैं। आप सोचते होंगे कि सभ्य समाज में लोगों को पता होना चाहिए कि एकसाथ मिलजुल कर कैसे रहना है, परन्तु बहुत कम लोगों ने ही इस कला को सीखा है। एक विवाह को उच्च आदर्शों और ईश-प्रेरणा की मादकता से पोषित करना चाहिए; तब यह एक सुखी और परस्पर लाभप्रद मिलन होगा। यदि पति-पत्नी एक दूसरे को निशाना बनाने के लिए रोषपूर्ण अशिष्ट भाषा के कारतूसों का प्रयोग करने के अभ्यस्त हैं, तो इसकी अपेक्षा उन्हें आत्म-सान्त्वना देने वाले मनमोहक विनम्र शब्दों के साथ एक दूसरे को प्रसन्न करने का प्रयास करना चाहिए, तब वे पारिवारिक जीवन में नए सुख का निर्माण कर सकेंगे। **(क्रमशः)**



श्री श्री परमहंस योगानंद

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

**स्वर्णिम स्वप्नों से लदी, किसने रोकी नाव।**
**सब पहचाने जायंगे, आगे -पीछे साव।।**
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। -संपादक

## आज की बात

# शोध बढ़ाकर पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में बीमारियों का कारगर उपचार ढूंढा जाए

सुप्रीम कोर्ट में पिछले दिनों याचिका दाखिल कर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को भी शामिल करने की मांग की गई है। यह बिल्कुल ठीक है कि ऐसा करने से देश की बड़ी आबादी को सस्ती और असरदार स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। साथ ही, पारंपरिक चिकित्सा को भी पर्याप्त बढ़ावा मिलेगा और वे पहले की भाँति फिर लोकप्रिय हो सकेंगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। हालांकि यह मामला ऐसा नहीं है, जिस पर सरकार को फैसला लेने में बहुत दिक्कत हो। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ जैसे आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी इत्यादि गरीब जनता के लिए कई मायनों में वरदान रही हैं और सरकारी संरक्षण प्राप्त होने पर और भी लोकप्रिय साबित हो सकती हैं। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में आमतौर पर आधुनिक चिकित्सा की तुलना में उपचार की लागत काफी ज्यादा कम होती है। यह गरीब लोगों के लिए जो महंगे अस्पताल और दवाओं का खर्च वहन नहीं कर सकते, उनके लिए बहुत लाभकारी होती हैं। ब्रिटेन के किंग चार्ल्स पिछले दिनों एक निजी यात्रा पर भारत आए हुए थे। उनके साथ उनकी पत्नी क्वीन कैमिला भी थीं। वे बेंगलुरु के पास एक आधुनिक आरोग्यशाला ह्होलिस्टिक हेल्थ सेंटर' में ठहरे। तीन दिनों की यात्रा के दौरान किंग चार्ल्स और क्वीन कैमिला ने योग, मेडिटेशन सेशन और योग थेरेपी का भरपूर आनंद उठाया। यानी सामान्य रोगियों से लेकर ब्रिटेन के किंग को भी अब समझ में आ गया है कि सेहतमंद रहने और स्मार्ट दिखने के लिए भारत के आधुनिक डॉक्टरों और परम्परागत चिकित्सा पद्धतियों से इलाज करवाना कहीं ज्यादा सही रहेगा। पारंपरिक चिकित्सक अक्सर ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में भी आसानी से उपलब्ध होते हैं, जहाँ आधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ कुछ ही ह्मल्टी स्पेशलिटी ह्अस्पतालों तक ही सीमित होती हैं। अतः यह पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियां ग्रामीण गरीबों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं और इनमें गरीब ग्रामीणों का अटूट विश्वास भी है। ज्यादातर पारंपरिक उपचार स्थानीय रूप से उपलब्ध जड़ी-बूटियों और अन्य प्राकृतिक संसाधनों पर ही आधारित होते हैं, जिसकी लागत कम होती है। खास बात यह है कि ये पारंपरिक स्वास्थ्य पद्धतियाँ अक्सर शरीर और मन दोनों को एक साथ स्वस्थ रखने पर ध्यान केंद्रित करती हैं, जो आधुनिक चिकित्सा की तुलना में अधिक समग्र दृष्टिकोण है। यह जीवनशैली संबंधी बीमारियों की रोकथाम में अत्यंत कारगर मदद कर सकती हैं। कुछ पारंपरिक उपचारों की प्रभावशीलता के लिए पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाणों का अभाव गिना दिया जाता है क्योंकि आधुनिक वैज्ञानिक





डॉ. आर.के. सिन्हा

रूप से स्वीकार्य प्रयोगों पर आधारित साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। सरकार को चाहिये कि आधुनिक प्रयोगशालाओं में वैज्ञानिक शोध के आधार पर इनके कारगर परिणाम के साक्ष्य उपलब्ध करवाए। इससे रोगियों की सुरक्षा और उपचार की गुणवत्ता वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी सिद्ध और स्थापित हो सकेगी, नहीं तो पारम्परिक सिद्ध चिकित्सा पद्धतियों पर सवाल उठते ही रहेंगे। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों से जुड़े लोगों और भारत सरकार के आयुष मंत्रालय को इस तरफ ध्यान देने की जरूरत है। इनमें गहन शोध होना ही चाहिए। यह भी मानना होगा कि पारंपरिक चिकित्सा व्यवसाय का नियमन और गुणवत्ता नियंत्रण अक्सर अपर्याप्त होता है। सरकार को इस तरफ भी देखना होगा। इनके कुछ चिकित्सक ऐसे दावा करते हैं जिनका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं होता है, जिससे रोगियों को भ्रमित किया जा सकता है और उनका स्वास्थ्य जोखिम में पड़ सकता है। अतः आयुष मंत्रालय को वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर इन दावों की प्रमाणिकता या तो सिद्ध करनी होगी या फिर खारिज करना होगा। खैर, ये पद्धतियाँ जनता के लिए वरदान तो हो ही सकती हैं, खासकर जब वे आधुनिक चिकित्सा के साथ एकीकृत हों और उचित नियमन और गुणवत्ता नियंत्रण के साथ संचालित हों। हालांकि, इन पद्धतियों की सीमाओं और चुनौतियों को भी स्वीकार करना और उनका समाधान करना महत्वपूर्ण है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह उपचार पद्धति भी वैज्ञानिक रूप से प्रमाणिक है। भारत अपनी विविधता और समृद्ध इतिहास के लिए जाना जाता है, जिसमें अनेकों पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ हजारों वर्षों से चली आ रही हैं। आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्धा, होमियोपैथी और अनेक अन्य प्रणालियाँ सदियों से भारतीय समाज के स्वास्थ्य और कल्याण का अभिन्न अंग रही हैं। आज, जब आधुनिक चिकित्सा पद्धति तेजी से आगे बढ़ रही है, तब भी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों का महत्व कम नहीं हुआ है, बल्कि यह और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। विश्व भर से प्रतिवर्ष हजारों अत्यंत पढ़े- लिखे और समृद्ध लोग आखिर भारत आकर इन चिकित्सा पद्धतियों पर लाखों खर्च क्यों करते हैं। वे सभी पागल तो हैं नहीं। उन्हें निश्चित रूप से लाभ मिल रहा है तभी तो वे यहाँ आकर महीनों रहकर, लाखों खर्चकर स्वस्थ होकर वापस जा रहे हैं। भारत में स्वास्थ्य सेवा का वितरण असमान है, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पीएम मोदी आज प्रयागराज में संगम पर करेंगे पूजा




**एजेंसी। नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 दिसंबर को उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे। वह प्रयागराज जाएंगे और दोपहर करीब 12:15 बजे संगम नोज पर पूजा और दर्शन करेंगे। पीएम दोपहर करीब 12:40 बजे अक्षय वट वृक्ष की पूजा करेंगे। पूजा के बाद पीएम मोदी हनुमान मंदिर और सरस्वती कूप में दर्शन और पूजा करेंगे। दोपहर करीब 1:30 बजे वह महाकुंभ प्रदर्शनी स्थल का भ्रमण करेंगे। इसके बाद दोपहर करीब 2 बजे वह प्रयागराज में 6,670 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी महाकुंभ 2025 के लिए विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसमें बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने और प्रयागराज में निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए 10 नए रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) या फ्लाईओवर, स्थायी घाट और रिवरफ्रंट सड़कें जैसी विभिन्न सड़क परियोजनाएं शामिल होंगी। वहीं, स्वच्छ और निर्मल गंगा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री मोदी गंगा नदी तक जाने वाले छोटे नालों के अवरोधन, टैपिंग, डायवर्जन और ट्रीटमेंट प्लांट का भी उद्घाटन करेंगे, जो नदी में अनुपचारित पानी के शून्य निर्वहन को सुनिश्चित करेगा। वह पेयजल और बिजली से संबंधित विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी प्रमुख मंदिर गलियारों का उद्घाटन करेंगे, जिसमें भारद्वाज आश्रम गलियारा, श्रृंगवेरपुर धाम गलियारा शामिल हैं। ये परियोजनाएं भक्तों तक पहुंच में आसानी सुनिश्चित करेंगी और आध्यात्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देंगी।

प्रधानमंत्री मोदी कुंभ सहायक चैटबॉट भी लांच करेंगे, जो महाकुंभ मेला 2025 पर भक्तों को अपडेट देने के संबंध में विस्तृत सूचना प्रदान करेंगे। प्रयागराज में महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू

## 40 हजार स्क्वायर फीट एरिया में बसेगा 'हर घर जल गांव' बसाएगी योगी सरकार

**लखनऊ/महाकुंभनगर ।** योगी सरकार महाकुंभ 2025 में 'हर घर जल गांव' बसाएगी। पेयजल का समाधान, मेरे गांव की पहचान थीम पर यह 'गांव' 40 हजार स्क्वायर फीट एरिया में बसेगा। इसमें एक तरफ जहां 'जल जीवन मिशन' बुंदेलखंड में हर घर तक नल से जल पहुंचाने की कहानी सुनाई जाएगी, वहीं दूसरी तरफ महाकुंभ में नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के नए गांवों की सफलता की दास्तां से भी श्रद्धालु, पर्यटक व कल्पवासी परिचित होंगे। योगी सरकार के मार्गदर्शन में ग्रामीण जलापूर्ति व नमामि गंगे विभाग महाकुंभ में इसकी तैयारी कर रहा है।



कभी प्यासे रहे बुंदेलखंड में योगी सरकार के प्रयास से पेयजल की समस्या का समाधान हो गया है। सफलता की इस कहानी को लेकर 'पेयजल का समाधान, मेरे गांव की नई पहचान' थीम पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी 5 जनवरी से 26 फरवरी तक चलेगी। 51 दिन तक चलने वाली प्रदर्शनी में अलग-अलग कार्यक्रम भी होंगे। प्रदर्शनी में बुंदेलखंड के ग्रामीण महिलाओं को मंच मुहैया कराया जाएगा, जिसमें वे बुंदेलखंड में बदलाव की कहानी बयां करेंगी।

## महाकुंभ में आएंगे बिहार के सीएम नीतीश कुमार

**पटना।** प्रयागराज में दिव्य और भव्य महाकुंभ 2025 का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए तैयारियां अंतिम दौर में है। निमंत्रण पत्र भी भेजे जाने लगे हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने न्योता भेजा है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा सहित बिहार सरकार के अन्य मंत्रियों को भी महाकुंभ में शामिल होने के लिए न्योता भेजा गया है। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री राकेश सचान और दयाशंकर सिंह गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुलाकात की। इस दौरान योगी सरकार के मंत्रियों ने महाकुंभ में आने के लिए उन्हें निमंत्रण पत्र भेंट किया। योगी सरकार में मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा है कि महाकुंभ के निमंत्रण को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वीकार किया है। उन्होंने कहा है कि वह महाकुंभ में जरूर आएंगे। इसके अलावा बिहार के करोड़ों लोग महाकुंभ में जाएंगे और अपने जीवन को धन्य करेंगे।



योगी आदित्यनाथ ने भेजा निमंत्रण

## फर्जी दस्तावेज से 1 हजार करोड़ से ज्यादा की जमीन हड़पने वाला गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के साहिबाबाद पुलिस ने नाम और पता बदलकर फर्जी दस्तावेज तैयार करके 1,000 करोड़ से ज्यादा की जमीन पर कब्जा करने और बेचने के मामले में 10 हजार के इनामी वांछित गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया है कि साहिबाबाद थाने में धोखाधड़ी के कई मुकदमे दर्ज कराए गए थे। अर्थला मेट्रो स्टेशन के पास एक काफी बड़ी जमीन खाली पड़ी थी। जिसको बेचने के लिए एक शातिर गैंग ने काम करना शुरू कर दिया था। मुजफ्फरनगर के रहने वाले राजकुमार गर्ग ने उस जमीन पर फर्जी तरीके से आधार कार्ड, पैन कार्ड और पासपोर्ट बनवाए। यहां तक कि बैंक अकाउंट भी खुलवा लिया। पुलिस ने राजकुमार गर्ग को गिरफ्तार कर पूछताछ किया तो पता चला कि राजकुमार गर्ग ने 1,000 करोड़ की जमीन को हड़पने के लिए प्लान बनाया था।

# योगी सरकार की बेहतर पहल से आधुनिक सुविधाओं से लैस हो रहे आंगनबाड़ी केंद्र

**एजेंसी। लखनऊ (आईएएनएस)**




योगी सरकार प्रदेश की महिलाओं और बच्चों के समुचित विकास के साथ ही स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कई तरह की योजनाओं का संचालन कर रही है। इसके लिए प्रदेश में आंगनबाड़ी केंद्रों को और भी स्मार्ट और आधुनिक बनाया जा रहा है। इसके लिए योगी सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों को किराए के भवनों से निकालकर खुद के भवनों में स्थापित करने का कार्य तेजी से कर रही है। बीते छह वर्षों में प्रदेश में अब तक 13 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों का गुणवत्तापूर्ण निर्माण हो चुका है। जबकि, 8 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बच्चों और महिलाओं के विकास के प्रति प्रतिबद्धता ने आंगनबाड़ी केंद्रों को जनता के बीच एक नई पहचान दी है। महिला एवं बाल विकास विभाग और पंचायती राज विभाग के समन्वय से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी आंगनबाड़ी केंद्र गुणवत्तापूर्ण भवनों में संचालित हों। सरकार की योजना के तहत जो केंद्र अभी तक किराए के मकानों में चल रहे हैं, उनके लिए मनरेगा योजना के तहत भवन निर्माण का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

# एनआईए ने महाराष्ट्र के अलग-अलग ठिकानों से तीन को हिरासत में लिया

**एजेंसी। मुंबई (हि.स.)**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने गुरुवार को महाराष्ट्र एटीएस के साथ मिलकर अमरावती, भिवंडी और संभाजीनगर इलाकों में छापेमारी करके आतंकी संगठनों से जुड़े तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है। इन तीनों पर पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के संपर्क में रहने का आरोप है। एनआईए और महाराष्ट्र एटीएस इन तीनों से गहन पूछताछ कर रही है।

एनआईए और महाराष्ट्र एटीएस की छापेमारी के दौरान भिवंडी से कामरान अंसारी को हिरासत में लिया गया है। स्थानीय पुलिस ने पुष्टि की है कि एनआईए ने राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल कई लोगों की पहचान की थी, जिन पर लंबे समय से नजर रखी जा रही थी। फिलहाल हिरासत में लिए गए लोगों से उनके उद्देश्यों, उनके संबंधों के कारणों, संभावित साजिशों और अन्य लोगों की संलिप्तता का पता लगाने के लिए पूछताछ की जा रही है। एनआईए की यह कार्रवाई दो महीने पहले गिरफ्तार किए गए जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी शेख सुल्तान सलाहुद्दीन अयूबी उर्फ अयूबी की निशानदेही पर की जा रही है।

## न्यायालय सर्वोपरि है, सर्वमान्य है इनका निर्णय : दिनेश शर्मा

**नई दिल्ली।** प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट, 1991 की संवैधानिक वैधता को लेकर तमाम तरह के सवाल उठ रहे हैं। इन सबके बीच भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा ने गुरुवार को कहा कि न्यायालय सर्वोपरि है, जो भी निर्णय दिया जाएगा वो सर्वमान्य होगा।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

### केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में दी जानकारी

# अंतरिक्ष क्षेत्र में 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का है प्रयास

- 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना होगी
- 2040 तक चंद्रमा पर किसी भारतीय को उतारने का है लक्ष्य

**एजेंसी। नई दिल्ली (हि.स.)**

केंद्र सरकार देश के अंतरिक्ष विजन 2047 में उल्लिखित लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास कर रही है। ये प्रयास तकनीकी उन्नति, अंतरराष्ट्रीय भागीदारी, निजी खिलाड़ियों की भागीदारी बढ़ाने और अंतरिक्ष अन्वेषण मिशनों को आगे बढ़ाने पर केंद्रित हैं। भारत सरकार ने अंतरिक्ष गतिविधियों में भारतीय निजी क्षेत्र की भागीदारी की अनुमति देने के लिए 2020 में अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधार किए हैं। इन सुधारों के एक हिस्से के रूप में, सरकार ने विभिन्न संस्थाओं जैसे भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस), भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) की भूमिकाओं को चित्रित किया है। यह जानकारी केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में दी।

डॉ सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार ने स्पेस विजन 2047 की घोषणा की है, जिसके तहत 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) की स्थापना और 2040 तक चंद्रमा पर किसी भारतीय के उतरने का लक्ष्य रखा गया है। इस दिशा में सरकार ने चार महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें 2028 तक गगनयान अनुवर्ती मिशन और बीएएस प्रथम मॉड्यूल की स्थापना, 2032 तक अगली पीढ़ी के सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (एनजीएलवी) का विकास, 2027 तक चंद्रयान-4, चंद्रमा पर सफलतापूर्वक उतरने के बाद पृथ्वी पर वापस आने और चंद्रमा के नमूने एकत्र करने के लिए प्रौद्योगिकियों का विकास और प्रदर्शन करना और 2028 तक वीनस ऑर्बिटर मिशन (वीओएम), शुक्र की सतह और उपसतह, वायुमंडलीय प्रक्रियाओं और शुक्र के वायुमंडल पर सूर्य के प्रभाव का अध्ययन करना। विभाग ने अंतरिक्ष विज्ञान अन्वेषण मिशनों के लिए एक रोडमैप तैयार किया है, जिसमें स्पेस विजन 2047 के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में विकास के कई डोमेन को एकीकृत किया गया है। रोडमैप के प्रमुख मील के पत्थर हैं- 2028 तक पहला मॉड्यूल भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का प्रक्षेपण, 2035 तक पूर्ण बीएएस की स्थापना और 2040 तक भारतीय चंद्रमा पर लैंडिंग।

## भारत की न्यूक्लियर पावर जनरेशन कैपेसिटी पिछले 10 वर्षों में हुई दोगुनी



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** संसद को दी गई जानकारी के अनुसार, भारत की न्यूक्लियर पावर जनरेशन कैपेसिटी पिछले 10 वर्षों में लगभग दोगुनी हो गई है। यह कैपेसिटी 2014 में 4,780 मेगावाट थी, जो कि 2024 में 8,180 मेगावाट हो गई है। केंद्रीय परमाणु ऊर्जा विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), जितेंद्र सिंह ने भारत के एटॉमिक एनर्जी कार्यक्रम की महत्वपूर्ण प्रगति और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए, लोकसभा में जानकारी दी कि 2031-32 तक यह कैपेसिटी तीन गुना बढ़कर 22,480 मेगावाट हो जाने का अनुमान है। उन्होंने प्रमुख विकासों पर विस्तार से बताया।

## राहुल ने लोकसभा अध्यक्ष बिरला को पत्र लिखा संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर चर्चा का अनुरोध किया



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने भारत के संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ के ऐतिहासिक अवसर पर संसद के दोनों सदनों में दो दिवसीय चर्चा का अनुरोध किया है। राहुल गांधी ने पत्र में कहा, मैं सभी विपक्षी दलों की ओर से आपको यह पत्र लिखकर संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ के ऐतिहासिक अवसर पर संसद के दोनों सदनों में दो दिवसीय चर्चा का अनुरोध कर रहा हूं। इससे आज सेंट्रल हॉल में आयोजित विशेष समारोह को आगे बढ़ाया जा सकेगा। यह ऐतिहासिक अवसर सभी सांसदों को सामूहिक रूप से संविधान के निमार्ता डॉ. बीआर अंबेडकर की विरासत पर विचार करने का एक अमूल्य अवसर प्रदान करता है।

## कल्याण बनर्जी की टिप्पणी मर्यादा के अनुकूल नहीं : बिरला

**नई दिल्ली (हि.स.)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने तृणमूल कांग्रेस सदस्य कल्याण बनर्जी की टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और सदस्यों से आग्रह किया कि सहमति-असहमति अपनी जगह है, लेकिन व्यक्तिगत टिप्पणी सदन की मर्यादा के अनुकुल नहीं है। लोकसभा में गुरुवार को कार्यवाही के प्रारंभ में ही अध्यक्ष बिरला ने सदन को अवगत कराया कि कल्याण बनर्जी ने बुधवार की अपनी टिप्पणी पर माफी मांग ली है।

### महंगाई के मोर्चे पर मिली राहत

# खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर में घटकर 5.48 प्रतिशत रही

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में आम जनता के लिए महंगाई के मोर्चे पर अच्छी खबर है। नवंबर 2024 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) या खुदरा महंगाई दर कम होकर 5.48 प्रतिशत हो गई है, जो कि अक्टूबर में 6.21 प्रतिशत थी। यह जानकारी राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा गुरुवार को जारी किए गए आंकड़ों से मिली।

नवंबर 2024 में मासिक आधार के साथ सालाना आधार पर भी खुदरा महंगाई में कमी देखने को मिली है और नवंबर 2023 में यह 5.5 प्रतिशत थी। आंकड़ों के अनुसार, बीते महीने ग्रामीण इलाकों में खुदरा महंगाई दर 5.95 प्रतिशत रही है। वहीं, शहरी इलाकों में खुदरा महंगाई दर 4.83 प्रतिशत है। खाद्य महंगाई दर नवंबर 2024 में 9.04 प्रतिशत पर रही है। ग्रामीण इलाकों में यह 9.10 प्रतिशत और शहरी इलाकों में 8.74 प्रतिशत थी। नवंबर 2024 में सब्जियों, दालों, चीनी, फल, अंडे, दूध और उत्पाद, मसाले, परिवहन एवं संचार और पर्सनल केयर सहित कई श्रेणियों में महंगाई दर में कमी देखने को मिली है।पिछले महीने सालाना आधार पर सबसे ज्यादा महंगाई दर लहसुन में 85.14 प्रतिशत, आलू में 66.65 प्रतिशत, फूलगोभी में 47.70 प्रतिशत, पत्तागोभी में 43.58 प्रतिशत और नारियल तेल में 42.13 प्रतिशत रही है।इस दौरान सालाना आधार पर सबसे कम महंगाई दर जीरा में -35.04 प्रतिशत, अदरक में -16.96 प्रतिशत, एलपीजी में -10.24 प्रतिशत और सूखी मिर्च में -9.73 प्रतिशत रही है।अक्टूबर 2024 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा तय किए गए महंगाई के बैंड 2 से 6 प्रतिशत के ऊपर निकलने के बाद एक बार फिर से खुदरा मुद्रास्फीति काबू में आ गई है। आरबीआई द्वारा महंगाई के 4 प्रतिशत से नीचे आने का इंतजार किया जा रहा है, जिससे ब्याज दरों में कटौती कर वृद्धि दर को बढ़ाया जा सके। आरबीआई ने दिसंबर 2024 की मौद्रिक नीति में वृद्धि दर और महंगाई में बैलेंस रखते हुए कैश रिजर्व रेश्यो (सीआरआर) में 0.50 प्रतिशत की कटौती की थी, जिससे बैंकिंग सिस्टम में तरलता में इजाफा हुआ है।

**अक्टूबर में खुदरा महंगाई दर 6.21 प्रतिशत थी**




## कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज(पलामू)

Email id:-np.hariharganj@gmail.com

पत्रांकः– 760, दिनांकः– 12.12.2024

–: आम सूचना :–

हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वितीय वर्ष 2021–22 से 2023–24 तक का होल्डिंग टैक्स बकायेदारो का भुगतान हेतु अंतिम स्मार पत्र प्रेषित किया गया था, परन्तु अब तक बकाया राशि का भुगतान होल्डिंग टैक्स धारको के द्वारा जमा नही किया गया है जिसकी सूचि की विवरणी निम्नवत हैः–

| Sl No | Holding No | Owner Name | Gurdian Name | Ward No | Proprerty Address |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 0040000206000X1 | KRISHNA PRASAD | MAKHANLAL | 4 | satgawan main road khushi re |
| 2 | 0040000073000A1 | JIWAN PRASAD JAISWAL | LATE JAGDISH PRASAD JAISWAL | 4 | satgawan hariharganj |
| 3 | 0040000216000X4 | ramswaroop prasad | LATE CHANDRIKA RAM | 4 | cinemahall road |
| 4 | 0040000082000A1 | MANOJ KUMAR | LATE RAMLAGAN PRASAD | 4 | Piparghat, harihargang |
| 5 | 0040000206000X1 | krishna prasad | makhanlal | 4 | satgawan main road khushi restu |
| 6 | 0040000073000A1 | JIWAN PRASAD JAISWAL | LATE JAGDISH PRASAD JAISWAL | 4 | satgawan hariharganj |
| 7 | 0040000216000X4 | ramswaroop prasad | LATE CHANDRIKA RAM | 4 | cinemahall road |
| 8 | 0040000205000A1 | Arun prasad others | l ate jainandan prasad | 4 | satgawan piparghat road |
| 9 | 0040000082000A1 | MANOJ KUMAR | LATE RAMLAGAN PRASAD | 4 | Piparghat, harihargang |
| 10 | 0040000235000A1 | santosh prasad jaiswal | Late jagdish prasad jaiswal | 4 | satgwan hariharganj |
| 11 | 0050000159000A1 | Dharmashila Devi | | 5 | Dakbangala |
| 12 | 0050000076000A1 | udit singh, dharmendra singh | | 5 | satgawan |
| 13 | 0050000159000A1 | Dharmashila Devi | RAJRNDRA PATHAK | 5 | Dakbangala |
| 14 | 0050000076000A1 | udit singh, dharmendra singh | AVADHESH SINGH | 5 | satgawan |
| 15 | 0060000233000X1 | Parwati devi | | 6 | Hariharganj main road |
| 16 | 0060000329000A1 | prem kumar singh | late sukhdev kahar | 6 | satgawan hariharganj |
| 17 | 0060000233000X1 | Parwati devi | HARI PRASAD GUPTA | 6 | Hariharganj main road |
| 18 | 0060000036000X1 | Arun prasad others | l ate jainandan prasad | 6 | satgawan old bus stand |
| 19 | 0060000329000A1 | prem kumar singh | late sukhdev kahar | 6 | satgawan hariharganj |
| 20 | 0070000108000X1 | akhouri maheshwari charan | late A Durga charan | 7 | satgawan alias hariharganj |
| 21 | 0070000008000M0 | NANDKISHOR PRASAD | LAKSHMI SAV | 7 | HARIHARGANJ SATAGAWA PA |
| 22 | 0070000236000X4 | rama shankar prasad jayswal | ram kewal prasad | 7 | baidhbigha more main road |
| 23 | 0070000236000X4 | rama shankar prasad jayswal | ram kewal prasad | 7 | baidhbigha more main road |
| 24 | 0070000008000M0 | NANDKISHOR PRASAD | LAKSHMI SAV | 7 | HARIHARGANJ SATAGAWA PALA |
| 25 | 0080000189000A1 | Abdul qayum | LT AHAMAD ALI | 8 | Hariharganj |
| 26 | 0080000081000X4 | ramadhar prasad jayswal | | 8 | new bus stand |
| 27 | 0080000210000A1 | krishna prasad | makhanlal | 8 | satgawan jhanda chowk |
| 28 | 0080000189000A1 | Abdul qayum | LT AHAMAD ALI | 8 | Hariharganj |
| 29 | 0080000210000A1 | krishna prasad | makhanlal | 8 | satgawan jhanda chowk |
| 30 | 0090000219000M0 | Lilawati Devi | LATE BANKE BIHARI JAYSWALL | 9 | Araruakhurd |
| 31 | 0090000384000A1 | gunjan raj | LATE ABHAY KUMAR SINGN | 9 | gurukripa school |
| 32 | 0090000462000X1 | Arun prasad others | l ate jainandan prasad | 9 | satgawan nrw bus stand |
| 33 | 0110000307000A1 | basmati devi | late uday narayan singh | 11 | araruakala |
| 34 | 0110000307000A1 | basmati devi | l ate uday narayan singh | 11 | araruakala |
| 35 | 0130000149000A4 | Abdul Razak | MD NOOR MOHAMMAD | 13 | Belodar, hariharganj |
| 36 | 0130000149000A4 | Abdul Razak | MD NOOR MOHAMMAD | 13 | Belodar, hariharganj |
| 37 | 0140000182000F1 | sanjay kumar | gupteshwar saw | 14 | bhagat tendua |
| 38 | 0140000367000F1 | SURESH KUMAR | GUPTESHWAR SAW | 14 | bhagat tendua main road |
| 39 | 0150000107000F1 | shree keshwar prasad gupta | lt ram ratan saw | 15 | araruakhurd |
| 40 | 0150000107000F1 | shree keshwar prasad gupta | lt ram ratan saw | 15 | araruakhurd |

अतः उपरोक्त होल्डिंग बकायादारो को इस आम सूचना के माध्यम से अंतिम मौका देते हुए निदेश दिया जाता है कि आम सूचना प्रकाशन के दो दिनों के अंदर होल्डिंग टैक्स का बकाया राशि का भुगतान ससमय करना सुनिचिश्ति करेंगे अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियिम 2011 की धारा के सुसंगत धाराओं के तहत संबंधित होल्डिंग टैक्स बकायादारो का बैंक खाता को **FREEZE** कर दिया जायेगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हरिहरगंज।

PR 341850 District(24-25)D

# एडिलेड के फ्लॉप शो के बाद रोहित शर्मा फिर से बदलेंगे बैटिंग ऑर्डर

**एजेंसी । नई दिल्ली**

टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ब्रिसबेन के गाबा मैदान पर 14 दिसंबर से शुरू होने वाले भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया तीसरे टेस्ट मैच में एक बार फिर से पारी का आगाज करते हुए दिख सकते हैं। रोहित शर्मा सीरीज का पहला टेस्ट नहीं खेल पाए थे, जहां उनकी गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह ने कप्तानी की थी और केएल राहुल ने पारी का आगाज किया था। पर्थ टेस्ट में केएल राहुल ने जिस तरह से बैटिंग की, एडिलेड में खेले गए डे-नाइट टेस्ट मैच के लिए उन्हें फिर से ओपन करने का मौका मिला, जबकि टीम में कप्तान रोहित वापसी करने के बाद मिडिल ऑर्डर में उतरे। ब्रिसबेन टेस्ट की तैयारियों में टीम इंडिया जुटी हुई है और इस दौरान रोहित को नेट्स में नई गेंद से प्रैक्टिस करते हुए देखा गया, जिसके बाद से ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि ब्रिसबेन में रोहित ही यशस्वी जायसवाल के साथ पारी का आगाज कर सकते हैं। रोहित ने भारत की ओर से कुल 65 ही टेस्ट मैच खेले हैं और इस दौरान उनके खाते में 4279 रन दर्ज हैं। रोहित कुल 12 टेस्ट शतक लगा चुके हैं। ओपनिंग की बात करें तो रोहित ने 42 टेस्ट मैचों में पारी का आगाज किया है और इस दौरान उनका औसत करीब 44 रहा है, वहीं नंबर छह पर उनका औसत करीब 50 का रहा है। नंबर छब पर बैटिंग करते हुए रोहित ने तीन शतक लगाए हैं, जबकि ओपन करते हुए उनके खाते में 9 टेस्ट शतक दर्ज हैं। कप्तानी की बात करें तो रोहित का आंकड़ा काफी औसत दर्जे का रहा है।

रोहित की कप्तानी में भारत ने कुल 22 टेस्ट मैच खेले हैं। कप्तानी के दौरान रोहित की बैटिंग काफी औसत रही है। उन्होंने 22 टेस्ट मैचों में 32.42 के मामूली औसत से 1973 रन ही बनाए हैं। बतौर कप्तान रोहित के बैट से महज चार ही टेस्ट शतक आए हैं। रोहित के ओपन करने का मतलब होगा कि केएल राहुल एक बार फिर मिडिल ऑर्डर में बैटिंग करने आ सकते हैं। रोहित और यशस्वी जायसवाल ओपन करते हैं, तो तीसरे नंबर पर शुभमन गिल और चौथे नंबर पर विराट कोहली का आना लगभग तय है और केएल को पांचवें नंबर पर भेजकर ऋषभ पंत को छठे नंबर पर उतारा जा सकता है।




## जसप्रीत बुमराह के तीसरे टेस्ट खेलने पर असमंजस की स्थिति

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच जारी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दो टेस्ट मैच खेले जा चुके हैं और तीसरा टेस्ट मैच 14 दिसंबर से ब्रिसबेन के गाबा मैदान पर खेला जाना है। पांच मैचों की सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है। भारत ने पहला टेस्ट मैच पर्थ में 295 रनों से जीता था, जिसके बाद मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड में खेले गए डे-नाइट टेस्ट मैच में धमाकेदार वापसी करते हुए 10 विकेट से जीत दर्ज की थी। सीरीज के तीसरे टेस्ट मैच में जसप्रीत बुमराह खेलेंगे या नहीं इसको लेकर सस्पेंस खत्म हो गया है। एडिलेड टेस्ट में ऐसा लगा था कि बुमराह हैमस्ट्रिंग से परेशान हुए थे। हैमस्ट्रिंग इंजरी के खतरे के बीच भारतीय क्रिकेट फैन्स के लिए गुड न्यूज है कि बुमराह तीसरे टेस्ट से पहले पूरी तरह से फिट हैं। नेट्स पर बुमराह ने काफी गेंदबाजी भी की और पूरी तरह से फिट दिखे। पहले टेस्ट मैच में बुमराह ने कप्तानी भी की थी, क्योंकि रोहित शर्मा सिलेक्शन के लिए मौजूद नहीं थे और मैन ऑफ द मैच भी चुने गए थे।




## गाबा में बारिश बन सकती है भारत की डब्लूटीसी फाइनल में रोड़ा

टीम इंडिया फिलहाल 57.29 प्रतिशत अंकों के साथ डब्लूटीसी पॉइंट्स टेबल में तीसरे पायदान पर है। भारत के ऊपर साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया हैं जिनके अंक क्रमशः 63.33 व 60.71 प्रतिशत है। इंडिया वर्सेस ऑस्ट्रेलिया 5 मैच की बॉर्डर गावस्कर टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला गाबा के मैदान पर खेला जाना है। इस मुकाबले को जीतकर दोनों ही टीमों की नजरें सीरीज में बढ़त बनाने पर होगी। पर्थ में खेले गए पहले मुकाबले को 295 रनों के बड़े अंतर से जीतकर भारत ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई थी, हालांकि एडिलेड में खेले गए दूसरे डे-नाइट टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने जोरदार वापसी की और 10 विकेट से भारत को रौंदकर सीरीज में बराबरी की। ऐसे में यह सीरीज 1-1 पर खड़ी है और दोनों टीमों की नजरें सीरीज में बढ़त हासिल करने पर होगी। हालांकि बारिश यहां दोनों टीमों के अरमानों पर पानी फेर सकती है। जी हां, इंडिया वर्सेस ऑस्ट्रेलिया तीसरा टेस्ट 14 दिसंबर से खेला जाना है और मैच के पांचों दिन बारिश की संभावना है। वेदर फोरकास्ट के अनुसार, मैच के पहले दिन सबसे अधिक 88 प्रतिशत बारिश होने की संभावना है, जबकि दूसरे और चौथे दिन भी बारिश की होने के 40 प्रतिशत से अधिक चांसेस है।

### 34वीं राष्ट्रीय जूनियर थ्रोबॉल प्रतियोगिता

## झारखंड ने जीता कांस्य पदक



**नवीन मेल संवाददाता । रांची**

34वीं राष्ट्रीय जूनियर थ्रोबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की बालक टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल दिखाते हुए राज्य का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 09 से 11 दिसंबर तक इंदौर, मध्य प्रदेश में आयोजित की गई थी। इस उपलब्धि पर झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ. राजेश गुप्ता ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा, झारखंड के खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और समर्पण से यह पदक जीता है। यह उपलब्धि राज्य के थ्रोबॉल खेल को नई दिशा देगी और युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करेगी। संघ खिलाड़ियों को हर संभव सहायता और प्रोत्साहन देता रहेगा। संघ के सचिव नगीना कुमार ने कहा, यह जीत पूरी टीम की कड़ी मेहनत और कोचों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन का परिणाम है। हम भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रतिबद्ध हैं। झारखंड के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में सक्षम हैं।

इस उपलब्धि पर झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के उपाध्यक्ष जमील अंसारी, सुनील चक्रवर्ती, वेदांत कौस्तव, नीतीश सिंह, नीरज वर्मा, गौरव सिंह, मनीष शाहदेव, कीर्ति कुमार समेत कई खेल प्रेमियों ने टीम को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ड्रीम बिग सीए ने जीता टूर्नामेंट

**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट टाटीसिलवे मैदान में आर्यन कोकर बी व ड्रीम बिग सीए के बीच खेला गया। आर्यन कोकर बी की टीम ने 27.4 ओवर में 10 विकेट पर 144 रन बनाया। प्रिंस ने 39, अनुभव ने 12, अक्षित ने 27 व दिगंबर ने 12 रन बनाया। राहुल ने चार विकेट लेकर 36 रन दिया। वहीं विनित ने तीन विकेट लेकर 24 रन दिया। जवाबी पारी का पीछा करने उतरी ड्रीम बिग सीए की टीम ने 20 ओवर में छह विकेट पर 145 रन बनाया। उत्तम ने 55, भुवन ने 62, धीरज ने 11 रन बनाया। प्रिंस ने तीन विकेट लेकर 37 रन दिया। धीरज ने दो विकेट लेकर 28 रन दिया। ड्रीम बिग सीए 4 विकेट से जीता।



## डीएवी बरियातू ने 7 विकेट से जीत दर्ज की

**रांची।** वेंचर स्किल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट गोलचक्कर ग्राउंड में लेडी केसी रॉय बनाम डीएवी बरियातु के बीच खेला गया। लेडी केसी रॉय ने 34.2 ओवर में इस विकेट पर 139रन बनाया। अमन ने 36 व समृद्ध ने 32 रन बनाया। मयंक, कृष्णा, आदित्य और अली हसन ने 2-2 विकेट लिए।डीएव. बरियातू की टीम ने 15.2 ओवर में तीन विकेट खोकर 140 रन बनाया। प्रांजल ने 73 व रयान ने 28 रन बनाया। अमन, अथर्व और दीपांशु ने 1-1 विकेट लिए। डीएवी बरियातु ने 7 विकेट से जीत दर्ज की।



## सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बनने पर पीएम मोदी ने डी गुकेश को दी बधाई

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डी गुकेश को सबसे कम उम्र का विश्व शतरंज चैंपियन बनने पर गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बधाई दी। उन्होंने उनकी उपलब्धि को ऐतिहासिक और अनुकरणीय बताया। एक्स पर अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ के हैंडल से की गई पोस्ट का जवाब देते हुए पीएम मोदी ने कहा, "ऐतिहासिक और अनुकरणीय! पीएम मोदी ने कहा, ''गुकेश डी को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई। यह उनकी अद्वितीय प्रतिभा, कड़ी मेहनत और अटूट दृढ़ संकल्प का परिणाम है।



उनकी जीत ने न केवल शतरंज के इतिहास में उनका नाम दर्ज किया है, बल्कि लाखों युवा दिमागों को बड़े सपने देखने और उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित किया है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं।

## संधू ने लगातार 69 का कार्ड खेला व तीसरे राउंड में दो शॉट से आगे रहे

**एजेंसी । नई दिल्ली**

अजीतेश संधू, जो रात भर तीन शॉट से आगे रहे, ने तीसरे राउंड में अपना दबदबा बनाए रखा और कपिल देव द्वारा प्रस्तुत 2 करोड़ रुपये के विश्व समुद्र ओपन 2024 में लगातार तीन अंडर 69 का कार्ड खेलकर दो शॉट से आगे रहे। यह टूर्नामेंट प्रतिष्ठित दिल्ली गोल्फ क्लब (डीजीसी) में खेला जा रहा है। चंडीगढ़ के गोल्फर का 54 होल का कुल स्कोर 11 अंडर 205 रहा। बांग्लादेश के जमाल हुसैन ने दिन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 67 बनाया और नौ अंडर 207 के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए। चौथे और अंतिम राउंड में अजीतेश (69-67-69) और जमाल (67-73-67) के बीच मुकाबला देखने को मिल रहा है, क्योंकि शीर्ष दो और बाकी खिलाड़ियों के बीच काफी अंतर है। बेंगलुरु के एम धर्मा (71) चार अंडर 212 के साथ तीसरे स्थान पर रहे, जबकि चंडीगढ़ के युवराज संधू (71) और दिल्ली के राशिद खान (72) तीन अंडर 213 के साथ चौथे स्थान पर रहे। अंतरराष्ट्रीय विजेता अजीतेश संधू ने दूसरे होल में बर्डी के साथ दिन की शुरुआत सकारात्मक तरीके से की, लेकिन उसके बाद आठवें और नौवें होल में बोगी के कारण कुछ चिंताजनक पल भी आए।

## प्रसार भारती व हॉकी इंडिया ने हॉकी इंडिया लीग 2024-25 के प्रसारण के लिए किया एमओयू

### दूरदर्शन दर्शकों के लिए लाएगा एचआईएल का रोमांचक खेल

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत के राष्ट्रीय प्रसारक, प्रसार भारती ने बहुप्रतीक्षित हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 का आधिकारिक प्रसारण भागीदार बनने के लिए हॉकी इंडिया के साथ आधिकारिक रूप से हाथ मिलाया है। प्रसार भारती के उप महानिदेशक खेल अभिषेक अग्रवाल और हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह के बीच एक समारोह में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

हस्ताक्षर समारोह में प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल, प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी, प्रसार भारती बोर्ड के सदस्य श्री अशोक टंडन और हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष श्री शेखर जे मनोहरन सहित कई प्रतिष्ठित हस्तियां मौजूद थीं। इस साल का एचआईएल ऐतिहासिक है, जो पुरुषों की प्रतियोगिता के साथ-साथ महिला हॉकी इंडिया लीग के उद्घाटन सत्र को चिह्नित करता है। 28 को शुरू होने वाला एचआईएल इंडिया का गेम-हॉकी का उत्सव होगा और इसे दूरदर्शन और प्रसार भारती के नए ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स के माध्यम से पूरे देश में लाइव प्रसारित किया जाएगा। समारोह में बोलते हुए, प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने इस साझेदारी के महत्व पर जोर दिया और कहा, "यह हॉकी के लिए गर्व का क्षण है, एक ऐसा खेल जिसने लाखों भारतीयों के दिलों पर कब्जा कर लिया है, और प्रसार भारती के लिए, क्योंकि हम हॉकी इंडिया लीग को देश के हर कोने में लाने के लिए एक साथ आए हैं। हमारा लक्ष्य इस प्रतिष्ठित लीग को पूरे भारत में घरों में दिखाना है, जिसमें दूरदराज के शहर और गाँव शामिल हैं जहाँ भविष्य के हॉकी सितारे उभर रहे हैं साथ मिलकर हम हॉकी की प्रमुखता को बढ़ाना चाहते हैं और इसे पूरे देश के लिए एक सच्चे त्यौहार में बदलना चाहते हैं। इस सहयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रसार भारती के उप महानिदेशक खेल अभिषेक अग्रवाल ने कहा, लगातार दो ओलंपिक पदकों के साथ, भारतीय हॉकी ने खेल प्रेमियों के बीच एक गहरा जुनून जगा दिया है। इस साझेदारी के माध्यम से, दूरदर्शन हॉकी इंडिया लीग की विश्व स्तरीय कवरेज प्रदान करके भारतीय हॉकी के निरंतर पुनरुद्धार का समर्थन करने पर गर्व करता है। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि भारत और उसके बाहर के प्रशंसक पुरुष और महिला दोनों लीगों के रोमांच का अनुभव कर सकें। डीडी स्पोर्ट्स और वेव्स प्लेटफॉर्म पर प्रसारण करके, हम लीग को पहले से कहीं अधिक सुलभ बना रहे हैं, जिससे इसे वह प्रदर्शन और दृश्यता मिल रही है जिसका इस तरह की समृद्ध विरासत वाले खेल को हक है।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने भी अपनी खुशी व्यक्त की और कहा, हॉकी इंडिया लीग का आगामी सीजन ऐतिहासिक है, जिसमें पुरुषों की प्रतियोगिता के साथ-साथ महिला हॉकी इंडिया लीग की शुरूआत भी हो रही है। दूरदर्शन की बेजोड़ पहुंच हमें हॉकी के रोमांच को भारत भर के घरों तक पहुंचाने में मदद करेगी, जिससे हर क्षेत्र के प्रशंसक अपने पसंदीदा खेल से जुड़ सकेंगे। हम प्रसार भारती के आभारी हैं कि उन्होंने इसे संभव बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और हॉकी की दुनिया में इस महत्वपूर्ण क्षण का अभिन्न हिस्सा बने। यह साझेदारी खेल को आगे बढ़ाने और यह सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है कि हॉकी पूरे देश में फलती-फूलती रहे और प्रेरणा देती रहे। भारतीय खेलों को बढ़ावा देने की अपनी विरासत के लिए प्रसिद्ध, दूरदर्शन हॉकी इंडिया लीग के रोमांचक एक्शन को देश भर के लाखों दर्शकों तक पहुंचाएगा। इस साल के एचआईएल में आठ पुरुष टीमें और चार महिला टीमें शामिल होंगी, जो राउरकेला और रांची में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें भारत और दुनिया भर से शीर्ष स्तर की प्रतिभाएँ दिखाई देंगी। लाइव मैच प्रसारण के अलावा, सामग्री बहुभाषी होगी और इसमें पर्दे के पीछे की विशेष कवरेज शामिल होगी, जो प्रशंसकों को अधिक आकर्षक अनुभव प्रदान करेगी।




### सरला देवी बिड़ला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट

## जेके इंटरनेशनल की टीम ने 143 रन से जीत दर्ज की

**नवीन मेल संवाददाता । रांची**

सरला देवी बिड़ला अंडर 14 टूर्नामेंट नेहरू ग्राउंड में जेके इंटरनेशनल बनाम एसजीबीएम के बीच खेला गया। जेके इंटरनेशनल ने 30 ओवर में छह विकेट पर 178 रन बनाया। हर्ष ने 32, आर्यन ने 35, आदित्य ने 23 व अर्पित ने 26 रन बनाया। आर्यन ने 32 रन देकर एक विकेट लिया। वहीं कन्हैया ने एक विकेट लेकर 21 रन दिया। एसजीबीएम की टीम ने 16.1 ओवर में 10 विकेट पर 35 रन बनाया। सस्त्रांश मारुति ने सर्वाधिक 11 रन बनाया। आदित्य ने पांच विकेट लेकर सात रन दिया। वहीं आरव ने दो विकेट लेकर 16 रन दिया। जेके इंटरनेशनल की टीम ने 143 रन से जीत दर्ज की।



## राकमेंस की टीम ने 6 विकेट से जीता टूर्नामेंट

रांची। सात्विक मेमोरियल ए डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट ओटीसी ग्राउंड में राकमेंस बनाम सोनेट नामकुम के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी सोनेट नामकुम की टीम ने 28.4 ओवर में 10 विकेट पर 115 रन बनाया। कुणाल ने 29 व रक्षित ने 17 रन बनाये। सौरव और चंदन 2-2 विकेट लिया। द राकमेंस की टीम ने 19.1 ओवर में चार विकेट पर 119 रन बनाया। आयुष ने 41, अमन ने ने 31 रन बनाया। दिलकुश ने दो विकेट लिये व 26 रन दिया। राकमेंस की टीम ने 6 विकेट से जीत दर्ज की।

## ओडीएम सफायर ने 18 रनों से जीत दर्ज की

**नवीन मेल संवाददाता । रांची**

सरला देवी बिड़ला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट सुकुरहुट्टु मैदान में ओडीएम सफायर बनाम एसआर डीएवी पुंदाग के बीच खेला गया। ओडीएम सफायर ने 30 ओवर में छह विकेट पर 183 रन बनाया। नैतिक कुमार ने 74 व समर कुमार ने 29 बनाये। वहीं आरुष कुमार ने दो विकेट देकर 18 रन बनाया। एसआर डीएवी पुंदाग ने 30 ओवर में नौ विकेट पर 165 रन बनाया। स्वराज ने 73 व अरुष कुमार ने 17रन बनाया। सूरज सिंह ने तीन विकेट लेकर 20 दिया। वहीं श्रेयश श्री ने तीन विकेट लेकर 36 रन व राज कुमार ने दो विकेट लेकर 33 रन दिया। ओडीएम सफायर ने 18 रन से जीत दर्ज की।





**व्यापार/लाइफ व साइंस**

## तेज वृद्धि दर व महंगाई पर नियंत्रण से बढ़ेगा विदेशी निवेश : मोबियस

**एजेंसी । मुंबई**

दिग्गज वैश्विक निवेशक मार्क मोबियस ने गुरुवार को कहा कि भारत में 6-7 प्रतिशत की औसत विकास दर वैश्विक स्तर को देखते हुए एक अच्छी दर है। साथ ही कहा कि तेज वृद्धि दर से समझौता किए बिना महंगाई को नियंत्रित करने की भारत की क्षमता निरंतर विदेशी निवेश को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण होगी। पीएल कैपिटल-प्रभुदास लीलाधर द्वारा आयोजित एक इन्वेस्टर वेबिनार को संबोधित करते हुए, दिग्गज निवेशक ने कहा कि करीब 4 ट्रिलियन डॉलर जितना बड़ा आकार होने के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था में वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में 5.4 प्रतिशत की अच्छी वृद्धि हुई। मोबियस इमर्जिंग अपॉर्चुनिटीज के चेयरमैन मोबियस ने कहा कि व्यापक स्तर पर देखें तो वैश्विक वृद्धि दर को देखते हुए भारत में 6 से 7 प्रतिशत की ग्रोथ रेट काफी अच्छी है।

सरकार द्वारा स्थानीय स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने के लिए 'मेक इन इंडिया' जैसी योजनाओं से काफी फायदा हो रहा है। मोबियस ने आगे कहा कि भारत सरकार द्वारा वृद्धि दर को सहारा देने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में मजबूत काम किया गया है। मोबियस के अनुसार, राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद, पीएम मोदी का प्रशासन अक्षमताओं को कम करने, इंफ्रास्ट्रक्चर के आधुनिकीकरण और शासन को बढ़ाने पर केंद्रित है। केंद्र के सामने बड़ी चुनौती दीर्घकालिक संरचनात्मक सुधारों के साथ लोकलुभावन उपायों को संतुलित करने की है। इसके अलावा मोबियस ने उस क्षेत्रों के बारे में बताया जहां भारत घरेलू और वैश्विक दोनों स्तर पर विस्तार कर है। इनमें डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग, सेमीकंडक्टर, इंफ्रास्ट्रक्चर और शहरीकरण, एनर्जी और कमोडिटी और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) शामिल हैं। मोबियस ने वैश्विक और भारतीय आर्थिक रुझानों के लिए सावधानीपूर्वक आशावादी दृष्टिकोण व्यक्त किया, जो चक्रीय और संरचनात्मक दोनों कारकों से प्रेरित था। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष कम होने और मध्य पूर्व उथल-पुथल कम होने से वैश्विक विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।



> भारत के संबंध में इन्वेस्टर वेबिनार में बोले दिग्गज वैश्विक निवेशक

## सेंसेक्स में 236 अंकों की हुई गिरावट

**एजेंसी । मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को निचले स्तर पर बंद हुए। कारोबार के अंत में निफ्टी के मीडिया और एफएमसीजी सेक्टर में भारी बिकवाली देखी गई। सेंसेक्स 236.18 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,289.96 पर बंद हुआ और निफ्टी 93.10 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,548.70 पर बंद हुआ। बाजार के जानकारों के अनुसार, घरेलू सीपीआई डाटा के आने से पहले और कमजोर होते रुपये के बीच बाजार सीमित दायरे में ही बंद हुआ। हालांकि, मुद्रास्फीति में गिरावट की उम्मीद है। लेकिन, निवेशक सब्जियों की कीमतों पर कड़ी नजर रख रहे हैं, जो भविष्य की दरों की दिशा तय करेगी। उन्होंने आगे कहा, अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों के उम्मीदों के मुताबिक आने के बाद निफ्टी आईटी इंडेक्स ने नई ऊंचाई हासिल की, जिससे अगले सप्ताह फेड की ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें बढ़ गई हैं। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,491 शेयर हरे और 2,508 लाल निशान में बंद हुए, जबकि 106 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुरुवार को रुपया 84.86 प्रति डॉलर पर स्थिर बंद हुआ, जबकि भारतीय रुपये का पिछला बंद स्तर 84.84 था।



### मुख्यमंत्री के आदेश पर श्रमायुक्त ने की कार्रवाई

# झारखंडी मजदूरों को कैमरून भेजने वाले नियोजकों पर प्राथमिकी दर्ज

## बिना प्रवासी मजदूर के रूप में निबंधन कराए कैमरून भेजना गैरकानूनी





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद कैमरून (मध्य अफ्रीका) में फंसे झारखंड के श्रमिकों के वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कैमरून में फंसे झारखंड के 47 प्रवासी श्रमिकों के वेतन भुगतान नहीं किए जाने के संदर्भ में प्राप्त शिकायत पर श्रमायुक्त को निर्देश दिया कि नियोजकों, नियोक्ताओं और मिडिलमैन के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद गुरुवार को श्रमायुक्त ने नियोजकों, नियोक्ताओं और मिडिलमैन के विरुद्ध हजारीबाग, बोकारो और गिरिडीह में प्राथमिकी दर्ज करा दी है।

प्राथमिकी में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि नियोजकों, नियोक्ताओं और मिडिलमैन के जरिये उक्त श्रमिकों को अंतरराज्यीय प्रवासी श्रमिक (नियोजन का विनियमन और सेवा शर्त) अधिनियम, 1979 के तहत बिना प्रवासी मजदूर के रूप में निबंधन कराए और बगैर लाइसेंस प्राप्त किए, धोखे से और जालसाजी कर मध्य अफ्रीका स्थित कैमरून भेजा गया है, जो गैरकानूनी है।

### वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू

मुख्यमंत्री सोरेन के आदेश के बाद श्रमायुक्त के दिशा निर्देश में राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने श्रमिकों और संबंधित कंपनी से संपर्क किया। कंपनी ने बताया कि श्रमिकों को 100 डॉलर प्रति माह का भुगतान किया गया है और बाकी बकाया राशि उनके भारतीय खातों में ट्रांसफर की जाएगी। श्रमिकों ने इस भुगतान की पुष्टि की है। श्रमायुक्त के निर्देश पर राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने कंपनी को अनुबंध की प्रति, वेतन भुगतान की जानकारी और अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश एवं श्रम विभाग ने पीओई रांची और अन्य संबंधित विभागों को पत्र भेजा है और आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया है। कंपनी से कंट्रोल रूम ने पुनः संपर्क किया है। उन्होंने मामले के शीघ्र निपटारे का आश्वासन दिया है, जिसके अनुसार उप-कांट्रेक्टर से बातचीत कर श्रमिकों के बकाया वेतन भुगतान का समाधान किया जाएगा। बकाया राशि उनके भारतीय खातों में ट्रांसफर की जाएगी।

### यह है मामला

मुख्यमंत्री को विगत दिनों जानकारी प्राप्त हुई कि झारखंड के कुछ श्रमिक एम/एस ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड कैमरून, सेंट्रल अफ्रीका में कार्यरत हैं। इन सभी श्रमिकों का तीन माह का वेतन लंबित है और वे भारत वापसी की मांग कर रहे हैं। मामले की जानकारी के बाद सीएम ने राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया।

### सुरक्षित वापसी का हो रहा प्रयास

भारत सरकार ने सूचित किया है कि एम/एस ट्रांसरेल कंपनी श्रमिकों के साथ बातचीत कर रही है और इन फंसे हुए श्रमिकों की सुरक्षित वापसी, उनके लंबित भुगतान और दस्तावेजों का समाधान करेगी। कंट्रोल रूम टीम लगातार ईमेल और फोन के माध्यम से अधिकारियों और श्रमिकों से संपर्क कर सुरक्षित वापसी के प्रयासों में लगी है। यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि ठेकेदार वेतन भुगतान करने में असफल होंगे, तो उनके साथ समझौता रद्द किया जाएगा।

## भाजपा नेता प्रतुल शाहदेव को हाईकोर्ट से राहत बरकरार

**रांची।** भाजपा नेता प्रतुल शाहदेव को हाईकोर्ट से मिली राहत बरकरार है। हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई नहीं करने का आदेश 27 जनवरी तक बरकरार रखा है। यह मामला लातेहार के बंद पड़े अभिजीत प्लांट में प्रशासन के सहयोग से हो रहे स्क्रैप लूट के खिलाफ अभियान से जुड़ा है। प्रतुल शाहदेव की ओर से पक्ष रखते हुए अदालत को बताया गया कि प्रार्थी ने लातेहार के बंद पड़े अभिजीत प्लांट में प्रशासन के सहयोग से हो रहे स्क्रैप लूट के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया था। जिससे वह स्क्रैप माफिया के निशाने पर थे। मामले के शिकायतकर्ता एजाज अंसारी आपराधिक पृष्ठभूमि का है। उस पर स्क्रैप चोरी के कई मामले दर्ज हैं। उनकी ओर से अदालत को यह भी बताया गया कि इससे पूर्व भी प्रतुल शाहदेव को स्क्रैप माफिया की शह पर मंटू कुमार की ओर से एससी-एसटी एक्ट के तहत बालूमाथ थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था।

# प्रदीप यादव बने कांग्रेस विधायक दल के नेता

- *राजेश कच्छप को बनाया गया विधायक दल का उपनेता, कुमार जयमंगल मुख्य सचेतक के लिए नामित*



प्रदीप यादव | राजेश कच्छप

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव कांग्रेस विधायक दल के नेता चुने गए हैं। वहीं, विधायक राजेश कच्छप को विधायक दल का उपनेता बनाया गया है। झारखंड विधानसभा में स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने सदन में इसकी जानकारी दी। इससे पहले अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल ने झारखंड में कांग्रेस विधायक दल के नेता के रूप में पोड़ैयाहाट के विधायक प्रदीप यादव को, उपनेता खिजरी विधायक राजेश कच्छप को और विधानसभा में मुख्य सचेतक के रूप में बेरमो विधायक कुमार जयमंगल को नामित किया था। फिलहाल विधायक दल के नेता और उप नेता के नाम की घोषणा की गई है। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि नामित नेताओं के संदर्भ में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र के माध्यम से सूचना दी थी। विधायक दल के नेता और उप नेता के मनोनयन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि सभी नामित व्यक्ति संसदीय प्रणाली के अनुभवी लोग हैं। इनके अनुभवों से संसदीय प्रणाली और अधिक सशक्त होगी। बधाई देने वालों में रवीन्द्र सिंह, प्रदीप तुलस्यान, सतीश पॉल मुंजनी, लाल किशोर नाथ शाहदेव, अभिलाष साहु, गजेन्द्र सिंह, राजन वर्मा, जगदीश साहु, केके गिरी, आलोक कुमार दूबे, निरंजन पासवान, सलीम खान आदि शामिल हैं।

# लैंड स्कैम : पूर्व डीसी छवि रंजन को बेल देने से कोर्ट ने किया इंकार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** बेल की इंतजार में बैठे रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को गुरुवार बड़ा झटका लगा है। सेना के कब्जे की भूमि वाली जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े लैंड स्कैम केस के आरोपी छवि रंजन को बेल देने से रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने इंकार कर दिया है। सोमवार को सभी पक्षों की ओर से सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने बेल पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। गुरुवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। इस मामले में ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका जी ने बहस की। ईडी ने इस संबंध में कांड संख्या 01/2023 दर्ज किया है। दरअसल लैंड स्कैम की अब तक की जांच में अमित अग्रवाल, दिलीप घोष ,रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, बड़ागाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार कर चुकी है। सभी आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

### परीक्षाओं के परिणाम पर बोले सरयू राय

# जेपीएससी पर सवाल उठना दुर्भाग्यपूर्ण है

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** जेडीयू विधायक सरयू राय ने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि जैसे-जैसे जेपीएससी द्वारा आयोजित परीक्षाओं के परिणाम आते हैं, वैसे-वैसे हमेशा उन पर सवाल उठने लगते हैं। जेडीयू विधायक ने कहा, इस बार भी छात्रों ने इसी तरह के सवाल उठाए हैं और उनका कहना है कि उनके पास पुख्ता सबूत हैं, जिनसे यह साबित होता है कि परीक्षा में गड़बड़ियां हुई हैं। सरकार को विधानसभा में एक बयान देना चाहिए और उसे यह बताना चाहिए कि वह भविष्य में क्या कदम उठाने जा रही है।

**'पद की प्रतिष्ठा के खिलाफ भी हो सकता है :** राज्यसभा में विपक्ष द्वारा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर उन्होंने कहा, विपक्ष द्वारा ऐसा कदम उठाना उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति के पद की प्रतिष्ठा के खिलाफ भी हो सकता है। क्योंकि बिना उचित प्रक्रिया के ऐसे प्रस्तावों का लाना संसदीय मर्यादा के अनुरूप नहीं है। यह सब जानते हुए भी विपक्ष यह कदम उठाने की कोशिश करता है, जो यह बताता है कि वे केवल एक राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं और जनता की बजाय अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को साधने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इसके अलावा यह भी ध्यान देने योग्य है कि अविश्वास प्रस्ताव संसद में आमतौर पर तब ही पारित हो सकता है, जब राज्यसभा में बहुमत हो और लोकसभा की सहमति भी मिल जाए। यह प्रक्रिया इतनी जटिल और लंबी होती है कि ऐसे प्रस्तावों के सफल होने की संभावना कम होती है।

## नए साल में विधायकों को मिलेगा नए आवास का तोहफा



**रांची।** नए साल में विधायकों को नए आवास का तोहफा मिलने वाला है। जिले के बुंडू उपखण्ड के आनी गांव में पिछले दो वर्षों से बन रहे एमएलए हाउसिंग कॉम्पलेक्स का निर्माण अंतिम चरण पर है। 200 करोड़ की लागत से बन रहे इस कॉम्पलेक्स में एक पार्क और एक क्लब हाउस होगा। क्लब हाउस में स्वीमिंग पुल सहित सारी सुविधाएं होगी। 70 विधायकों के रहने वाले काम्पलेक्स का निर्माण मार्च - अप्रैल तक पूरा हो जाएगा।

# राज्य सरकार के कथनी व करनी में अंतर : बाबूलाल

### सत्ता के बाद नीति में हुआ है बड़ा यू टर्न

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को छठे विधानसभा के प्रथम सत्र के समापन के बाद हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार की कथनी और करनी में आसमान जमीन का अंतर है। इनकी घोषणा चुनाव के दौरान कुछ और थी जबकि अब सत्ता पाने के बाद कुछ और हो गई। कहा कि वोट पाने के लिए बढ़ चढ़कर वादे किए लेकिन अब व्यवहार में कुछ और हो रहा है। उन्होंने कहा कि 18 से 50 वर्ष की सभी महिलाओं को महिला योजना का लाभ देने की बात करने वाली सरकार अब वादों से मुकर रही है। अब तो महिलाओं से पैसे वापस लेने के लिए पदाधिकारी पत्र जारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा सत्ता के बाद नीति में इतना बड़ा यू टर्न राज्य की जनता ने पहले कभी नहीं देखा। श्री मरांडी ने कहा कि मंईयां योजना की तरह राज्य सरकार ने किसानों को भी धोखा दिया है। राज्य सरकार ने चुनाव पूर्व घोषणा किया था कि किसानों से धान की खरीदी 3200 रुपए प्रति क्विंटल होगी जबकि सरकार ने मात्र 2400रुपए प्रति क्विंटल खरीद का निर्णय लिया है वह भी 15 दिसंबर के बाद। पता नहीं यह भी लागू होगा या नहीं। बालू की किल्लत पर श्री मरांडी ने कहा कि यह पिछले टर्म से ही होता चला आ रहा। सरकार जानबुझकर ऐसा करवा रही। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास,अबुआ आवास केलिए मुफ्त बालू उपलब्ध कराए जाने का राज्य सरकार से आग्रह किया। श्री मरांडी ने सीजीएल परीक्षा में हुई धांधली की जांच सीबीआइ से कराए जाने की मांग को फिर से दोहराते हुए युवाओं को न्याय दिलाने की बात कही।

**जैसी वृत्ति, वैसे शब्द :** सदन में हेमलाल मुर्मू द्वारा दिए गए आपत्तिजनक बयान पर श्री मरांडी ने कहा कि जिसकी जैसी वृति होती है उसके शब्द भी वैसे ही होते हैं। कहा कि इतने वरिष्ठ सदस्य से इस प्रकार की भाषा की उम्मीद नहीं। कहा कि हेमलाल जी के शब्दों में उनके सोच का प्रकटीकरण हुआ है।

# झारखंड में हो रहा है स्टाम्प घोटाला : सुधीर श्रीवास्तव

- *भाजपा नेता ने भू - राजस्व मंत्री को पत्र लिखकर दी मामले की जानकारी*
- *दिन के 1 बजे से 6 बजे शाम तक स्टांप नहीं निकलता है*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कोर्ट स्टांप दिन के 1 से 6 बजे तक नहीं निकलता है। इसके अलावा कोर्ट स्टांप लेने के लिए कैफे में और दलालों का चक्कर लगाना पड़ता है। इस व्यवस्था से आहत होकर अधिवक्ता सह भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ व मुख्य सचिव को पत्र लिखकर मांग किया कि स्टांप पेपर खरीदने में जो बीच में कमीशन खाई जा रही है उसको रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं। 10 रुपये का स्टांप पेपर खरीदने में 10 रुपये ही लगे। देश का पहला राज्य झारखंड है जहां 10 रुपये के स्टांप खरीदने के लिए 60 रुपये खर्च करना पड़ता है। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया की एक कोर्ट स्टांप निकालने के लिए 50 रुपया से लेकर 150 रुपए तक कमीशन देना पड़ता है भले ही वह 10 रुपये का स्टांप क्यों ना हो। अब ऑफलाइन स्टैंप नहीं मिलता है और पूरा राज्य ऑनलाइन स्टाम्प खरीदने को मजबूर है। दिन के 1:00 बजे से 6:00 बजे तक स्टांप नहीं निकलता है झारखंड सरकार का स्टांप निकालने का जो कोड और लोगो है वह लॉक रहता है।



## संजय सेठ अलंकरण समारोह में हुए सम्मिलित

**रांची।** गुरुवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ विशेष अलंकरण समारोह में सम्मिलित हुए। राष्ट्रपति मुर्मु ने नेपाल के सेनाध्यक्ष जनरल अशोक राज सिगडेल को भारतीय सेना के जनरल की मानद रैंक प्रदान की। यह रैंक उन्हें सराहनीय सैन्य कौशल व भारत के साथ नेपाल के दीर्घकालिक व मैत्रीपूर्ण संबंधों को और आगे बढ़ाने में उनके अतुलनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।

## मथुरा प्रसाद को झामुमो ने मुख्य सचेतक बनाया



**रांची।** कांग्रेस के साथ साथ झामुमो ने भी मुख्य सचेतक के नाम पर मुहर लगा दी है। टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो को पार्टी का मुख्य सचेतक बनाया गया है। गौरतलब है कि मथुरा प्रसाद के नाम की चर्चा कैबिनेट मंत्री के लिए भी चल रहा था। लेकिन पार्टी ने गोमिया से विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो को मंत्री बना दिया। वह हेमंत सरकार में पेयजल मंत्री बनाये गये हैं। इसके साथ साथ उनके पास मध निषेध विभाग का भी प्रभार है।

# मूलवासी सदानों व पिछड़ों के साथ हुआ है नाइंसाफी : राजेंद्र प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मूलवासी सदान के केंद्रीय अध्यक्ष सह पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य राजेन्द्र प्रसाद के सिमडेगा आगमन पर परिसदन में ओबीसी और मूलवासी सदानों ने स्वागत किया। मौके पर राजेन्द्र प्रसाद ने लोगों से कहा कि पिछड़ा वर्ग और मूलवासी सदानों के साथ कभी न्याय नहीं हुआ। झारखण्ड राज्य का निर्माण मूलवासी सदानों और ओबीसी के शहादत से भी हुआ है। लेकिन राज्य बनने के बाद ओबीसी का आरक्षण को सिमडेगा सहित सात जिलों में शून्य कर दिया। 27 से 14 प्रतिशत कर दिया। मुखिया, प्रमुख, जिला परिषद अध्यक्ष बनने से वंचित कर दिया गया। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि महागठबंधन को ओबीसी-मूलवासी सदानों के सहयोग और समर्थन के कारण ही प्रचंड जीत मिली है। सरकार की अब जिम्मेदारी है कि वह मूलवासी सदानों और पिछड़ों के साथ न्याय करे।

### डीजीपी ने की समीक्षा बैठक

# हजारीबाग में उत्पन्न हुई विधि-व्यवस्था की समस्या की नहीं हो पुनरावृत्ति : अनुराग गुप्ता

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हजारीबाग में उत्पन्न हुए विधि व्यवस्था की समस्या को लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने गुरुवार को समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान डीजीपी ने कहा कि हजारीबाग में उत्पन्न हुए विधि-व्यवस्था की समस्या भविष्य में पुनरावृत्ति न हो। इस बैठक में एडीजी अभियान, आईजी अभियान, आईजी स्पेशल ब्रांच, डीआईजी रांची, डीआईजी हजारीबाग, डीआईजी बोकारो, डीआईजी स्पेशल ब्रांच, एसएसपी रांची, धनबाद, व एसपी हजारीबाग व लोहरदगा उपस्थित थे।





### डीजीपी ने दिए कई दिशा निर्देश

हजारीबाग में जो घटना हुई, भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो उसके लिए हजारीबाग समेत विभिन्न जिलों में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। अगर कोई व्यक्ति गलत अफवाह या सोशल मीडिया पर भड़काउ पोस्ट शेयर करता है तो उसे चिन्हित कर उसके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। आसूचना तंत्र को मजबूत किया जाय ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। सभी जिला के एसपी आवश्यक सुराक्षात्मक और निरोधात्मक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

**हजारीबाग में छात्रों ने किया था जमकर बवाल, पुलिस ने किया था लाठीचार्ज :** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में अनियमितता का आरोप लगाते हुए छात्रों ने हजारीबाग में दस दिसंबर को जमकर बवाल किया था। छात्रों ने पहले रांची-पटना हाईवे (एनएच-33) को जाम कर दिया। इन्हें हटाने जब पुलिस पहुंची तो छात्रों ने पथराव शुरू कर दिया, जिससे कई पुलिसकर्मी चोटिल हो गए और कई पुलिस वाहनों को भी क्षति पहुंची। इसके बाद पुलिस ने लाठियां भी भांजी। पुलिस कार्रवाई में कई छात्र चोटिल हुए थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**फर्जीवाड़े का नया तरीका...**

उपायुक्त ने सभी अधिकारियों और जनता को सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध दस्तावेज की गहन जांच जरूरी है ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

**दो किलोग्राम गांजा के साथ...**

थाना- कुंदा) और टिकेश्वर महतो (पिता- ललकु महतो, थाना- टंडवा) के रूप में हुई। दोनों चतरा जिले के निवासी हैं। तलाशी में आशीष कुमार शर्मा की जींस की जेब और कपड़ों से एक काले प्लास्टिक में गांजा तथा टिकेश्वर महतो की जैकेट से भी काले प्लास्टिक में गांजा बरामद किया गया। कुल बरामद गांजे का वजन 1.966 किलोग्राम था, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया।

**हर दिन विकास का नया अध्याय...**

निर्माण के लिए चले लंबे आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा, यह राज्य आसानी से नहीं बना। यह आंदोलनकारियों के खून से सींचा हुआ राज्य है। राज्य तो वर्ष 2000 में बना, लेकिन 2019 तक राज्य को क्या मिला, यह सोचने की बात है। इसे लगातार दलदल में धकेलने की कोशिश हुई। हमने देखा है कि इस राज्य में लोग राशन कार्ड हाथ में लेकर भात-भात करते हुए मर गए। कई किसानों ने आत्महत्या की। 2019 में सरकार बनी, तो इसे सत्ता से बेदखल करने के लिए कई हथकंडे अपनाए गए। हम शहीदों और आंदोलनकारियों के सपनों का राज्य बनाने के लिए काम करेंगे। सीएम सोरेन ने कहा कि झारखंड देश का सबसे पिछड़ा राज्य माना जाता है। आजादी के बाद यहां कई बड़े उद्योग लगे थे। बोकारो में स्टील कारखाना, रांची में एचईसी, सिंदरी में खाद कारखाना के साथ-साथ टाटा-बिड़ला ने भी उद्योग लगाए, लेकिन इसके बाद भी समझ से परे है कि इस राज्य को ऐसा कौन सा अभिशाप लगा कि यहां के लोग भूमिहीन, विस्थापित और बेरोजगार होते रहे। यहां के लोगों का अलग-अलग राज्यों में पलायन होता रहा। यह गंभीर विषय है। आज झारखंड ऐसा प्रदेश है, जहां मजदूरों के लिए सबसे बेहतर कानून बनाए गए हैं। हम देश के अंदर और बाहर कामगारों की सुरक्षा के लिए कदम उठा रहे हैं। सीएम के जवाब के बाद अभिभाषण पर सदन ने बहुमत के साथ धन्यवाद प्रस्ताव पारित कर दिया।

**पलामू में बायोमेट्रिक उपस्थिति...**

उपस्थिति सुनिश्चित किए बिना किसी भी कर्मचारी का वेतन जारी नहीं किया जाएगा। इसके लिए कोषागार को भी निर्देशित कर दिया गया है। उपायुक्त ने सभी सरकारी कार्यालय प्रमुखों से कहा है कि वे बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करें और इसे प्राथमिकता दें। उपायुक्त ने यह आदेश जारी करते हुए सभी कार्यालय प्रमुखों और कर्मचारियों को अगाह किया है कि वह अपनी जिम्मेदारियों का पालन करें अन्यथा उनके वेतन पर रोक लगा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस निर्देश का उद्देश्य सरकारी कार्यालयों में अनुशासन और समय की पाबंदी सुनिश्चित करना है, ताकि जनता को बेहतर सेवाएं मिल सकें।

# यूएनजीए में गाजा में युद्धविराम के लिए प्रस्ताव पारित

## भारत ने प्रस्ताव का किया है समर्थन

**एजेंसी । संयुक्त राष्ट्र**

भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के उस प्रस्ताव का समर्थन किया है, जिसमें युद्धग्रस्त गाजा पट्टी में 'तत्काल, बिना शर्त और स्थायी' युद्धविराम की मांग की गई। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बुधवार को दो प्रस्तावों को भारी बहुमत से मंजूरी दी। इनमें से एक गाजा में युद्ध विराम की अपील करता है। दूसरा नियर ईस्ट में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के लिए समर्थन व्यक्त करना चाहता है। यूएनआरडब्ल्यू से संबंधित प्रस्ताव में 28 अक्टूबर को अपनाए गए एक नए इजरायली कानून की भी आलोचना की गई है, जो फिलिस्तीनी क्षेत्रों में एजेंसी की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाता है। इजरायल ने यूएनआरडब्ल्यूए के कुछ कर्मचारियों पर हमास आतंकवादियों से संबंध होने का आरोप लगाया है। तत्काल युद्ध विराम की मांग करने वाला प्रस्ताव 158 मतों के साथ पारित किया गया। जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका, इजरायल, अर्जेंटीना, चेकिया, हंगरी, नाउरू, पापुआ न्यू गिनी, पैराग्वे और टोंगा सहित नौ सदस्यों ने खिलाफ वोट दिया। वहीं, 13 सदस्य अनुपस्थित रहे। यूएनआरडब्ल्यूए का समर्थन करने वाले दूसरे प्रस्ताव के पक्ष में 159 मत, विरोध में नौ मत पढ़े। जबकि 11 सदस्य गैरमौजूद रहे।




भारत ने लगातार 7 अक्टूबर के हमलों की निंदा की है, इसे आतंकी कृत्य बताया, साथ ही सभी बंधकों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई पर जोर दिया है। भारत ने इसके साथ ही, बार-बार युद्ध विराम, निरंतर मानवीय सहायता, अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन, संयम, संवाद और कूटनीति के प्रति प्रतिबद्धता की आवश्यकता पर जोर दिया है।

- **इजरायल ने यूएनआरडब्ल्यूए के कुछ कर्मचारियों पर हमास आतंकवादियों से संबंध होने का आरोप लगाया है**

बता दें 7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजरायल में बड़ा हमला किया था। इसके जवाब में यहूदी राष्ट्र ने फिलिस्तीनी ग्रुप के कब्जे वाली गाजा पट्टी में सैन्य अभियान शुरू किया था। हमास के हमले में करीब 1200 लोग मारे गए थे, जबकि 250 से अधिक लोगों को बंधक बनाया गया था। इजरायली हमलों ने गाजा में बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है और हजारों फिलिस्तीनियों की मौत हुई है।

### यूपीएससी ने आईईएस, आईएसएस 2024 का परिणाम जारी किया

**नई दिल्ली (हि.स.)।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने गुरुवार को भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) और भारतीय सांख्यिकी सेवा (आईएसएस) परीक्षा 2024 के अंतिम परिणाम जारी कर दिए हैं। उम्मीदवार अपने परिणाम यूपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। आयोग ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा कि 21 से 23 जून, 2024 तक आईईएस और आईएसएस परीक्षा- 2024 की लिखित परीक्षा और उसके बाद दिसंबर में व्यक्तित्व परीक्षण के लिए साक्षात्कार के परिणाम के आधार पर भारतीय आर्थिक सेवा और भारतीय सांख्यिकी सेवा में पदों पर नियुक्ति के लिए अनुशंसित उम्मीदवारों की योग्यता क्रम में सूचियां जारी की हैं।

### नेपाल ने विवादित चीनी धर्मगुरु पंचेन लामा की यात्रा की अनुमति रद्द की

**काठमांडू (हि.स.)।** चीन की तरफ से दलाई लामा के उत्तराधिकारी के रूप में घोषित पंचेन लामा की शुक्रवार को होने वाली नेपाल यात्रा की अनुमति रद्द कर दी गई है। चीन समर्थित पंचेन लामा के नेपाल आने की जानकारी लीक होने के बाद काठमांडू के कई राजनयिक ने इसका विरोध किया था। बीजिंग, पंचेन लामा को दलाई लामा का उत्तराधिकारी घोषित करना चाहता है, लेकिन अमेरिका, यूरोप सहित अन्य पश्चिमी देशों के साथ-साथ निर्वासन में रहे तिब्बती शरणार्थी चीन की कोशिशों का कड़ा विरोध कर रहे हैं।

### देश में एएसआई संरक्षित 92 स्मारक गायब, सर्वेक्षण करने से चला पता

**नई दिल्ली (हि.स.)।** नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की निष्पादन लेखा परीक्षा रिपोर्ट (2013 का 18) में कहा गया है कि भारत के 92 संरक्षित स्मारक गायब हैं। यह जानकारी केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने गुरुवार को राज्य सभा में एक लिखित उत्तर में दी। मंत्री ने बताया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा अपने विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से किए गए बाद के सर्वेक्षण से पता चला है कि 18 संरक्षित स्मारक और स्थल संरक्षण की अच्छी स्थिति नहीं हैं। सर्वेक्षण के दौरान एएसआई के क्षेत्रीय कार्यालयों ने पता लगाया कि तेजी से शहरीकरण के कारण स्मारकों पर दबाव एक बड़ी चुनौती है। इसके अलावा, मल्टी-टास्किंग स्टाफ, निजी सुरक्षा गार्ड और सीआईएसएफ के माध्यम से स्मारकों की देखभाल और निगरानी की जाती है। इसके अलावा समय-समय पर निरीक्षण भी किए जाते हैं।

### सुखबीर बादल की धार्मिक सजा पूरी



**चंडीगढ़ (हि.स.)।** अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह के अकाली दल के पूर्व अध्यक्ष सुखबीर बादल और अन्य अकाली नेताओं को सुनाई गई धार्मिक सजा गुरुवार को पूरी हो गई। अब सुखबीर बादल शुक्रवार को दोबारा अकाल तख्त साहिब पर पेश होकर अपनी सजा का ब्यौरा देंगे। इसके बाद सुखबीर बादल दरबार साहिब में पश्चाताप अरदास करवाएंगे। ज्ञात हो कि सुखबीर बादल और अन्य अकाली नेताओं को सत्ता में रहते हुए पंथक मामलों की अनदेखी करने, डेरा सच्चा सौदा मुखी राम रहीम को माफी दिलवाने आदि जैसी आरोपों के बाद बीती दो दिसंबर को अकाल तख्त साहिब पर पांचों सिंह साहिबानों की मौजूदगी में अकाल तख्त जत्थेदार ने धार्मिक सजा सुनाई थी।

## मृत्यु दर में वृद्धि से जुड़ा है पीएम 2.5 की मात्रा में बढ़ोतरी




**लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ पत्रिका में प्रकाशित हुआ है शोध**

# चेतावनी : प्रदूषण से भारतीयों में बढ़ रहा है मौत का खतरा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

### कोयला जलाने वाले बिजली संयंत्रों को स्क्रबर की जरूरत

हार्वर्ड टीएच चैन स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के प्रोफेसर और चेयर-इंडिया कंसोर्टियम के लिए अमेरिका से आए प्रमुख अन्वेषक जोएल श्वार्ट्ज ने कहा, दिल्ली को भले ही सुर्खियां मिलें, लेकिन यह समस्या पूरे भारत में है और इसके लिए पूरे देश में प्रयास किए जाने चाहिए। कोयला जलाने वाले बिजली संयंत्रों को स्क्रबर की जरूरत है। फसल जलाने को सीमित किया जाना चाहिए। और, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें आबादी के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए तत्काल उपाय करने की जरूरत है।

एक शोध में यह बात सामने आई है कि हवा में मौजूद महीन कण (पीएम 2.5) की मात्रा में वृद्धि मृत्यु दर में वृद्धि से जुड़ा है। हर 10 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर वायु में पीएम 2.5 की वृद्धि से मृत्यु दर में 8.6 प्रतिशत की वृद्धि होती है। लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुशंसित 5.0 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर वार्षिक औसत से अधिक पीएम 2.5 प्रदूषण सांद्रता के लंबे समय तक संपर्क में रहने से भारत में प्रति वर्ष लगभग 1.5 मिलियन (15 लाख) मौतें होती हैं। निष्कर्षों से पता चला है कि भारत में 1.4 बिलियन लोग ऐसे क्षेत्रों में रहते हैं, जहां पीएम 2.5 सांद्रता विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा-निर्देशों द्वारा अनुशंसित सांद्रता से अधिक है। अशोका यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर हेल्थ एनालिटिक्स रिसर्च एंड ट्रेंड्स (सीएचएआरटी) की डॉक्टरेट शोधकर्ता सुगंती जगनाथन ने कहा, भारत में प्रतिवर्ष पीएम 2.5 के उच्च स्तर देखे जाते हैं, जिससे मृत्यु दर में भारी वृद्धि होती है, जो लक्षणात्मक दृष्टिकोण के बजाय व्यवस्थित दृष्टिकोण की आवश्यकता का संकेत देता है। अध्ययन में पाया गया कि वायु प्रदूषण के निम्न स्तर पर भी जोखिम अधिक है। यह देश भर में वायु प्रदूषण के स्तर को कम करने की आवश्यकता को इंगित करता है।

पिछले अध्ययनों के विपरीत इस अध्ययन में भारत के लिए निर्मित एक उत्कृष्ट स्थानिक-समय मॉडल से पीएम 2.5 एक्सपोजर और भारत के सभी जिलों में दर्ज वार्षिक मृत्यु दर का उपयोग किया गया। अध्ययन अवधि (2009 से 2019) के दौरान सभी मौतों में से 25 प्रतिशत (प्रति वर्ष लगभग 1.5 मिलियन मौतें) डब्ल्यूएचओ दिशा निर्देश की तुलना में उच्च वार्षिक पीएम 2.5 जोखिम के कारण हुईं। लगभग 0.3 मिलियन वार्षिक मौतें भारतीय राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों (एनएएक्यूएस) से ऊपर पीएम 2.5 के वार्षिक एक्सपोजर के कारण भी होती हैं। एक्सपोजर प्रतिक्रिया कार्य से पता चला कि कम पीएम 2.5 सांद्रता पर मृत्यु दर का जोखिम अधिक होता है तथा उच्च पीएम 2.5 सांद्रता पर यह जोखिम स्थिर हो जाता है।

### अर्धसैनिक बलों में 46,617 पदों पर नियुक्ति का रास्ता साफ



- **पीएम मोदी रोजगार मेले में देंगे नियुक्ति पत्र**

**कोलकाता (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल में रोजगार मेले को लेकर अटकी नियुक्तियों पर कोलकाता हाई कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने अर्धसैनिक बलों में 46 हजार 617 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया को मंजूरी दे दी है। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब 23 दिसंबर को होने वाले रोजगार मेले में इन नियुक्तियों के लिए नियुक्ति पत्र सौंप सकेंगे। हाई कोर्ट में डिवीजन बेंच के न्यायाधीश तपोब्रत चक्रवर्ती और पार्थसारथी चटर्जी ने गुरुवार को आदेश दिया कि अर्धसैनिक बलों की मेरिट लिस्ट जारी की जा सकती है। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि मुख्य याचिकाकर्ताओं को यदि योग्य पाया जाता है, तो उन्हें बाद में मेरिट लिस्ट में जगह दी जानी चाहिए। वर्ष 2022 में केंद्र सरकार ने देशभर में रोजगार मेला शुरू किया था। इस कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री सीधे तौर पर नियुक्ति पत्र सौंपते हैं। हालांकि, पश्चिम बंगाल में इस प्रक्रिया पर रोक लग गई थी, जब 38 अभ्यर्थियों ने अपनी योग्यता को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। इन अभ्यर्थियों का दावा था कि उनकी लंबाई 170 सेंटीमीटर की मानक सीमा से केवल आधा सेंटीमीटर कम है, फिर भी उन्हें नियुक्ति से वंचित कर दिया गया।

### एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे ने की पद छोड़ने की घोषणा

**वॉशिंगटन (हि.स.)।** एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे ने पद छोड़ने की घोषणा करते हुए कहा है कि वे बाइडन का कार्यकाल खत्म होने के बाद जनवरी में अपना पद छोड़ देंगे। क्रिस्टोफर रे की यह घोषणा नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस घोषणा के एक सप्ताह के बाद आया है, जिसमें ट्रंप ने काश पटेल को एफबीआई का नया निदेशक बनाने का एलान किया था। बुधवार को एफबीआई मुख्यालय में आयोजित बैठक में क्रिस्टोफर ने पद छोड़ने की घोषणा करते हुए कहा कि 'पद छोड़ने का निर्णय उनके लिए आसान नहीं था। मुझे इस जगह से प्यार है और मुझे अपने काम से भी प्यार है, लेकिन मेरा फोकस हमेशा इस बात पर रहा है कि एफबीआई के लिए क्या सही है। रे के इस्तीफे की घोषणा के तुरंत बाद ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर पोस्ट साझा करते हुए इसे अमेरिका के लिए एक अच्छा दिन बताया और कहा कि इससे अमेरिका के 'अन्याय विभाग' का शस्त्रीकरण बंद होगा।



## केजरीवाल ने महिलाओं के लिए की बड़ी घोषणा

# चुनाव के बाद खाते में हर माह ₹2100

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा चुनाव बिल्कुल नजदीक आ गया है और उसको देखते हुए अब आम आदमी पार्टी (आप) ने अपनी घोषणाओं का पिटारा खोल दिया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने ऑटो चालकों के बाद दिल्ली की महिलाओं को साधने की कोशिश की है और इसके लिए अरविंद केजरीवाल ने महिला सम्मान योजना नाम से एक कार्यक्रम में महिलाओं के लिए गुरुवार से ही हर महीने उनके अकाउंट में 1,000 भेजने का रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया है। अरविंद केजरीवाल ने इस 1,000 को चुनाव के बाद 2,100 रुपये करने का वादा महिलाओं से किया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा, आज मैं दिल्ली के लोगों के लिए दो बड़ी घोषणाएं करने आया हूं और ये दोनों घोषणाएं दिल्ली की महिलाओं के लिए हैं। मैंने वादा किया था कि महिलाओं के अकाउंट में एक हजार रुपये डाले जाएंगे। आज आतिशी के नेतृत्व में ये फैसला कैबिनेट में पास हो चुका है। ये योजना दिल्ली में लागू हो चुकी है।



### महादेव ऐप मामले में कोलकाता के ब्रोकर गोविंद केडिया गिरफ्तार

**कोलकाता (हि.स.)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में मनी लांड्रिंग की जांच के तहत कोलकाता के ब्रोकर गोविंद कुमार केडिया को गिरफ्तार किया है। केंद्रीय एजेंसी ने गुरुवार को बयान जारी कर इस बारे में जानकारी दी है। इसमें बताया गया है कि यह इस मामले में ईडी की 12वीं गिरफ्तारी है। एजेंसी ने बताया कि केडिया को छह दिसंबर को गिरफ्तार किया गया। ईडी के अनुसार, केडिया कोलकाता में सब-ब्रोकर के रूप में काम करता है और उसने महादेव ऐप के प्रमोटर्स और अन्य आरोपितों की मदद की।

## सुप्रीम कोर्ट ने मंदिर-मस्जिद से जुड़े मामले पर कहा

# प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट पर सुनवाई तक नया मामला स्वीकार नहीं होगा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट पर सुनवाई होने तक कोई भी कोर्ट मंदिर-मस्जिद से जुड़ा नया मामला स्वीकार नहीं करेगा। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने गुरुवार को केंद्र सरकार से 4 हफ्तों में जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि केंद्र का जवाब आने तक हम इस मामले पर सुनवाई नहीं कर सकते हैं। कोर्ट ने सरकार से कहा कि आप जवाब दायर कीजिए और सभी पक्षकारों को उसकी कॉपी उपलब्ध कराइए। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में अब कोई नई याचिका स्वीकार नहीं की जाएगी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में राजनीतिक दल सीपीआईएम, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, एनसीपी शरद पवार गुट के विधायक जीतेंद्र आव्हाड, आरजेडी के सांसद मनोज कुमार झा, सांसद थोल तिरुमावलन के अलावा वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन कमेटी और मथुरा के शाही ईदगाह मस्जिद प्रबंधन कमेटी ने हस्तक्षेप याचिका दायर कर प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट का समर्थन किया है। इससे पहले 9 सितंबर, 2022 को कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने जमीयत उलेमा ए हिंद की कानून के समर्थन में दाखिल याचिका पर भी नोटिस जारी किया था।



## सुप्रबल जनसेवाश्री जनरल अशोक राज सिगडेल किए गए सम्मानित

# राष्ट्रपति ने नेपाल के सेनाध्यक्ष को दिया मानद रैंक

**एजेंसी । नई दिल्ली**

- **सिगडेल 14 दिसंबर तक भारत की यात्रा पर हैं**
- **सैन्य सहयोग सुदृढ़ करना है उद्देश्य**


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को नेपाल के सेनाध्यक्ष सुप्रबल जनसेवाश्री जनरल अशोक राज सिगडेल को भारतीय सेना के जनरल की मानद रैंक से सम्मानित किया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक विशेष अलंकरण समारोह में नेपाली सेना के प्रमुख सुप्रबल जनसेवाश्री जनरल अशोक राज सिगदेल को उनकी सराहनीय सैन्य शक्ति और भारत के साथ नेपाल के दीर्घकालिक और मैत्रीपूर्ण संबंधों को और बढ़ावा देने में उनके अतुलनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। नेपाल के सेनाध्यक्ष सुप्रबल जनसेवाश्री जनरल अशोक राज सिगडेल 11 से 14 दिसंबर तक भारत की यात्रा पर हैं। जनरल अशोक राज सिगडेल की यात्रा का उद्देश्य भारत और नेपाल की सेनाओं के बीच सैन्य सहयोग सुदृढ़ करना और दोनों देशों के बीच सहयोग के नए क्षेत्रों की पहचान करना है।

नेपाल के सेना प्रमुख ने 11 दिसंबर को नई दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और साउथ ब्लॉक लॉन में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया था।



### राजनाथ ने नेपाल से रक्षा संबंध और मजबूत करने की भारतीय मंशा दोहराई

**नई दिल्ली।** नेपाल के सेना प्रमुख ने नई दिल्ली में गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात करके दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। राजनाथ सिंह ने उनसे 'पड़ोसी प्रथम नीति' के अनुरूप अपने पड़ोसियों के साथ संबंधों को मजबूत करने की भारत की मंशा दोहराई। नेपाल के सेना प्रमुख जनरल अशोक राज सिगडेल ने अपने भारत दौरे के दूसरे दिन आज नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की। रक्षा मंत्री ने नेपाली सेना की क्षमता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण, नियमित अभ्यास, कार्यशालाओं और सेमिनारों के साथ-साथ रक्षा उपकरणों और भंडारों की आपूर्ति सहित रक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। राजनाथ सिंह ने दोनों देशों के बीच अत्यंत मजबूत द्विपक्षीय संबंधों की वर्तमान स्थिति पर भी गहरा संतोष व्यक्त किया।



### उप्र के हाथरस दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से मिले राहुल गांधी



- **45 मिनट तक परिवार वालों से की बात**

**एजेंसी । हाथरस**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के ग्राम बूलगढ़ी में दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने 45 मिनट तक पीड़िता के परिवार वालों से बातचीत की। राहुल गांधी के दौरे के मद्देनजर हाथरस में सुरक्षा व्यवस्था और बढ़ा दी गई थी। कांग्रेस पदाधिकारियों ने बताया कि वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने हाथरस दौरे की यह योजना अचानक बनाई और सुबह 07:00 बजे दिल्ली से हाथरस के लिए निकले थे। उल्लेखनीय है कि 14 सितंबर 2020 को 19 वर्षीय लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई थी। इसके बाद दिल्ली में इलाज के दौरान 29 सितंबर 2020 को उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने घरवालों की सहमति के बिना युवती का रात में ही अंतिम संस्कार कर दिया था। मामला देशभर में सुर्खियों में रहा। उप्र पुलिस की जांच पर सवाल खड़े हुए, तो इसकी जांच सीबीआई को सौंपी गई थी।